




# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 147
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
शनिवार | 09 मार्च, 2024


# पीएम मोदी ने प्रदान किए राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार

## पीएम मोदी बोले गारंटी देता हूं अगली शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम मैं ही करूंगा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली स्थित भारत मंडपम में राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड प्रदान किया। यह पुरस्कार पहली बार दिए गए हैं। ग्रीन चैंपियन श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, जबकि कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को 'कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी और यात्रा क्षेत्र के लिए कामिया जानी को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने अतिथियों को संबोधित भी किया। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत का भरोसा जताया। उन्होंने कहा, आपको गारंटी देता हूं कि अगले शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम मैं ही करूंगा। इससे पहले उन्होंने कहा कि जब समय बदलता है, जब नए युग की शुरुआत होती है तो उसके साथ कदम से कदम मिलाना, ये देश का दायित्व होता है। आज भारत मंडपम में देश अपने उस दायित्व को पूरा कर रहा है। नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड ये आयोजन नए दौर को समय से पहले पहचान देने का आयोजन है।

### 'बहुत सारी बेटियां मैदानमार गई हैं'

पीएम मोदी ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी है। आज जो अवॉर्ड मिले हैं उनमें भी बहुत सारी बेटियां मैदानमार गई हैं। उनको भी बधाई देता हूं। मैं देश की सभी महिलाओं, बहन-बेटियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देता हूं और आज गैस सिलेंडर के दाम भी 100 रुपए कम हुए हैं।

### युवाओं से की यह खास अपील

उन्होंने कहा कि आज के इस अवॉर्ड कार्यक्रम का क्रेडिट अगर किसी को जाता है तो वो भारत के मेरे युवा मन को, हर डिजिटल क्रिएटर्स को जाता है। क्या हम ऐसा कंटेंट और ज्यादा बना सकते हैं, जो युवाओं में नशीले पदार्थों के नकारात्मक प्रभाव को लेकर जागरुकता लाए? हम कह सकते हैं- ड्रग्स युवाओं के लिए अच्छा नहीं है। आपको गारंटी देता हूं कि अगले शिवरात्रि पर भी ऐसा कार्यक्रम मैं ही करूंगा।

### '140 करोड़ देशवासी मेरे परिवार हैं'

पीएम मोदी ने कहा कि आप सब मेरे परिवार हैं, 140 करोड़ देशवासी मेरे परिवार हैं। मुझे ज्यादा मेरे लिए आप मरते हैं, क्योंकि आपके लिए मैं जीता हूं और जो अपने लिए नहीं जीता है, उसके लिए मरने वाले बहुत होते हैं। हम एक साथ मिलकर एक क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट की शुरुआत करें। हम भारत से जुड़ी कहानियों को, भारत की संस्कृति को, भारत की विरासत को और परंपराओं को पूरी दुनिया से शेयर करें।

### 20 श्रेणियों में प्रदान किए गए पुरस्कार

- वर्ष का विघ्नकर्ता
- वर्ष के सेलिब्रिटी निर्माता
- ग्रीन चैंपियन पुरस्कार
- सामाजिक परिवर्तन का समर्थन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार
- सर्वाधिक प्रभावशाली कृषि निर्माता
- वर्ष के सांस्कृतिक राजदूत
- अंतरराष्ट्रीय निर्माता पुरस्कार
- सर्वश्रेष्ठ यात्रा निर्माता पुरस्कार
- स्वच्छता राजदूत पुरस्कार
- न्यू इंडिया चैंपियन अवॉर्ड
- टेक क्रिएटर अवॉर्ड
- हेरिटेज फैशन आइकन अवॉर्ड
- सर्वाधिक रचनात्मक रचनाकार (पुरुष एवं महिला)
- खाद्य श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निर्माता
- शिक्षा श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ रचनाकार
- गेमिंग श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ क्रिएटर
- सर्वश्रेष्ठ सूक्ष्म निर्माता
- सर्वश्रेष्ठ नैनो निर्माता
- सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य एवं फिटनेस निर्माता

### अवॉर्ड के बारे में जानिए

राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार कहानी सुनाने, सामाजिक परिवर्तन की वकालत, पर्यावरणीय स्थिरता, शिक्षा और गेमिंग सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता और प्रभाव को पहचानने का एक प्रयास है। इसकी शुरुआत सकारात्मक बदलाव लाने के लिए की गई है। इससे रचनात्मकता का उपयोग करने को बढ़ावा भी मिलेगा। इसीलिए इस पुरस्कार की परिकल्पना की गई है। राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार के लिए सार्वजनिक सहभागिता भी देखी गई। पहले दौर में 20 विभिन्न श्रेणियों में 1.5 लाख से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे। इसके बाद वोटिंग राउंड में विभिन्न पुरस्कार श्रेणियों में डिजिटल रचनाकारों के लिए लगभग 10 लाख वोट डाले गए। इसके बाद तीन अंतरराष्ट्रीय रचनाकारों सहित 23 विजेताओं का निर्णय किया गया।

### पीएम ने ट्वीट कर दी बधाई

इस सम्मान पुरस्कार के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार में शामिल होने वाले लोगों को बधाई दी। पीएम ने अपने पोस्ट में कहा कि मैं उन सभी को भी बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार की पूरी प्रक्रिया में हिस्सा लिया। ये पुरस्कार प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के एक प्रतिष्ठित और प्रभावी तरीके के रूप में उभारेंगे जा रहे हैं। मैं सभी रचनाकारों से आग्रह करता हूं कि वे कड़ी मेहनत और रचनात्मक रूप से काम करते रहें और हम सभी को गौरवान्वित करते रहें।

### 'दुनिया में लोग भारत के बारे में जानना चाहते हैं'

उन्होंने कहा कि हम भारत की अपनी कहानियां सबको सुनाएं। आज पूरी दुनिया में लोग भारत के बारे में जानना चाहते हैं। हमारे देश में बहुत सामर्थ्य है, मोदी तो सिर्फ अवसर देता है। मोदी तो सिर्फ रास्ते से कांटे हटा देता है, ताकि मेरे देश का नौजवान तेज गति से आगे बढ़ चले और पहली बार ऐसा हुआ होगा, जब किसी सेक्टर की युवा शक्ति ने सरकार को प्रेरित किया हो, सरकार को मजबूर किया हो, कि कब तक बैठे रहोगे? इसको भी सोचो!

### 'महाशिवरात्रि की बहुत-बहुत शुभकामनाएं'

शिव भाषा, कला और क्रिएटिविटी के जनक माने गए हैं। हमारे शिव नटराज हैं। शिव के डमरू से माहेश्वर सूत्र प्रकट हुए हैं। शिव का तांडवलय सृजन की नींव रखता है। मैं आपको और सभी देशवासियों को महाशिवरात्रि की बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

### 'कंटेंट क्रिएटर्स के लिए बहुत बड़ा मोटिवेशन'

उन्होंने कहा कि भविष्य में ये अवॉर्ड कंटेंट क्रिएटर्स के लिए बहुत बड़ा मोटिवेशन बनेगा। उनके काम को एक बहुत बड़ी पहचान मिलने वाली है। आज जिन्हें ये अवॉर्ड मिले हैं, उन विजेताओं को बधाई देता हूं। आज एक और संयोग है कि ये पहला नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड महाशिवरात्रि के शुभ दिन पर आयोजित हो रहा है और मेरे काशी में तो शिव जी के बिना कुछ नहीं चलता है। ये ईश्वर की कृपा है कि मैं समय से पहले समय को भांप लेता हूं!









# प्रदेश में 13000 मदरसों की भूमिका संदिग्ध, बंद होंगे

## इनके देश विरोधी और आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता की आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता

- प्रदेश में अवैध मदरसों की जांच के लिए बनाई गई एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है
- आशंका है कि हवाला के जरिए मिली रकम से मदरसों का निर्माण हुआ है
- डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस रिपोर्ट पर कहा है कि शिक्षा की आड़ में अगर देश के खिलाफ गतिविधियां होगी तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**

**राज्य मुख्यालय।** प्रदेश में मदरसों के संबंध में एसआईटी की जांच रिपोर्ट ने शासन से लेकर राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है। सूत्रों के अनुसार 13000 मदरसे अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। इन मदरसों की भूमिका और कार्यशाली संदिग्ध पाई गई है। इनके देश विरोधी और आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता की आशंकाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। प्रदेश में अवैध मदरसों की जांच के लिए बनाई गई एसआईटी ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। सूत्रों के मुताबिक़, इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के क़रीब 13 हज़ार अवैध मदरसों को बंद करने की सिफारिश की गई है। डिप्?टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस रिपोर्ट पर कहा है कि शिक्षा की आड़ में अगर देश के खिलाफ गतिविधियां होगी तो जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। रिपोर्ट में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया है। बताया है कि ऐसे ज्यादातर मदरसे नेपाल सीमा से जुड़े शहरों में हैं। आशंका है कि हवाला के जरिए मिली रकम से मदरसों का निर्माण हुआ है। लगातार मांगने के बावजूद भी ज्यादातर मदरसे अपने हिसाब-किताब का ब्यौरा नहीं दे पाए हैं। पूछने पर चंदे से मदरसे निर्माण की बात संचालकों ने बताई। इसके साथ ही, खाड़ी देशों से भी भारी मात्रा में चंदा मिलने की बात बताई गई।

### चंदा देने वालों का नाम, पता भी नहीं बता पाए

प्रदेश में संचालित अवैध मदरसों में अनियमितता का आलम चरम पर है। ज्यादातर मदरसा संचालक चंदा देने वालों का नाम, पता भी नहीं बता पाए। ऐसे अवैध मदरसों से शिक्षा प्राप्त करने वालों को नौकरी भी नहीं मिल पाती है।

### 80 मदरसों को विदेशों से करीब 100 करोड़ रुपए की फंडिंग हुई

बीते 25 सालों में ऐसे मदरसे बहराइच, श्रावस्ती, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर जैसे जिलों में तेजी से बने हैं। नेपाल सीमा से लगे शहरों के 80 मदरसों को विदेशों से करीब 100 करोड़ रुपए की फंडिंग की बात भी सामने आई थी। इस जानकारी के बाद ही एसआईटी जांच के आदेश दिए गए थे।

# समन लेकर घूम रही पुलिस, मौलाना तौकीर रजा हुए भूमिगत, 11 मार्च को कोर्ट में पेश होने का है आदेश

**जन एक्सप्रेस । बरेली**

बरेली शहर में वर्ष 2010 में हुए दंगे के मामले में आईएमसी (इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां को अब तक प्रेमनगर पुलिस समन तामील नहीं करा सकी है। पुलिस समन लेकर घूम रही है और मौलाना तौकीर रजा की लोकेशन ही नहीं मिल रही। सूत्रों के मुताबिक मौलाना हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक रवि कुमार दिवाकर ने मौलाना तौकीर रजा को बरेली में 2010 के बरेली दंगों का मास्टरमाइंड मानते हुए उनको 11 मार्च को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया था। कोर्ट ने तत्कालीन अफसरों की भूमिका पर सवाल उठाए थे। प्रेमनगर पुलिस कोर्ट का समन तामील कराने के लिए घूम रही है। पुलिस मौलाना तौकीर रजा के घर भी पहुंची, लेकिन मौलाना के न मिलने के कारण अब तक समन तामील नहीं हो सका है। बरेली में वर्ष 2010 में हुए दंगे से शहर की जनता सिहर गई थी। जुलूस-ए-मोहम्मदी के दौरान शहर में दो समुदायों के बीच हिंसा भड़की थी। कुतुबखाना बाजार चौराहे के पास सब्ज़ी मंडी में दंगाइयों ने करीब 20 दुकानों में आग लगा दी थी। शहर के सभी स्कूल, कॉलेज बंद करने के आदेश दे दिए गए थे और उपद्रवग्रस्त इलाकों में हेलीकॉप्टर से निगरानी की गई थी। पूरे मंडल में इससे सांप्रदायिक सौहार्द खतरे में पड़ गया था। कई दिन तक कर्फ्यू लगा था। कोर्ट ने इसके लिए आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को मुख्य साजिशकर्ता माना है। कोर्ट ने मौलाना तौकीर को तलब करते हुए हैरत जताई है कि पुलिस की चार्जशीट से उनका नाम ही गायब था। ऐसे में तत्कालीन अफसरों पर कार्रवाई की संभावना बढ़ गई है।



# पटना से लखनऊ पहुंची वंदे भारत, 12 मार्च को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी, सप्ताह में छह दिन चलेगी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पटना से लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल रन शुक्रवार को हो गया। ट्रेन तय समय से पंद्रह मिनट पहले ही चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। उम्मीद जताई जा रही है कि 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे, जिसके बाद नियमित रूप से संचालन होगा। सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस के रैक तैयार हैं। एक के बाद एक ट्रेन पटरी पर उतारी जा रही हैं। गोरखपुर से लखनऊ के बीच वाया अयोध्या वंदे भारत एक्सप्रेस पहले पटरी पर उतारी गई। इसके बाद जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ तो अयोध्या से आनंदविहार वाया लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू हुई। इसी क्रम में अब लखनऊ से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जाएगी। यह ट्रेन पूर्व मध्य रेलवे जोन को मिली है, जो पटना से शुरू होकर लखनऊ आएगी। शुक्रवार को इसका ट्रायल रन किया गया। ट्रेन पटना स्टेशन से सुबह 6.05 बजे रवाना हुई। इसके बाद दानापुर, आरा, बक्सर दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन, वाराणसी और अयोध्या होते हुए दोपहर 2.30 बजे ही चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई।



### देहरादून, मेरठ के लिए भी चलेगी वंदे भारत

पटना के लिए वंदे भारत शुरू होने के बाद रेलवे प्रशासन का फोकस लखनऊ से देहरादून व मेरठ के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को शुरू करने का है। इसे लेकर तैयारियां हो रही हैं। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों का इंतजार किया जा रहा है। वहीं, गोमती नगर स्टेशन से पुरी, कटरा व मुम्बई के लिए नई ट्रेनें भी चलाई जाएंगी जिससे लखनऊ से यात्रा करने वाले मुसाफिरों को राहत मिलेगी।

**कानपुर एक्सप्रेस**



**कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11**

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने महिलाओं को दी सौगात

# 100 रुपये सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

महंगाई से परेशान आम आदमी को राहत मिली है। कल उज्जवला में राहत के बाद अब सभी के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम कम हो गए हैं। एलपीजी सिलेंडर 100 रुपये सस्ता हुआ है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पीएम मोदी ने ट्विट करके इसकी जानकारी दी है। सरकार के इस कदम से देशभर के लाखों परिवारों का वित्तीय बोझ कम होगा। पीएम मोदी ने महिला दिवस के अवसर पर ट्विट करके कहा कि आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है। पीएम उज्ज्वला योजना पर मिलने वाली सब्सिडी एक साल के लिए बढ़ा दी गई है। लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला किया है। उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलिंडर पर मिलने वाली सब्सिडी 31 मार्च 2025 तक मिलेगी। इस तरह से अगले एक वर्ष के दौरान योजना के तहत आने वाले परिवारों को 12 एलपीजी सिलेंडर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की सब्सिडी के साथ मिलेगी।



### करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ कम होगा

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, इससे नारी शक्ति का जीवन आसान होने के साथ ही करोड़ों परिवारों का आर्थिक बोझ भी कम होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर रहेगा।

### आज रात से होगा लागू

- पेट्रोलियम मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि रसोई गैस की कीमतों में 100 रुपये की छूट का यह फैसला 8 मार्च की रात से लागू हो जाएगा। अगस्त से पहले तक राजधानी दिल्ली में 14.2 किलो का एलपीजी सिलेंडर 1103 रुपये में मिल रहा था, वहीं इसकी कीमत 903 रुपये हो गई है। अब 100 रुपये की राहत के बाद यह 803 रुपये का मिलेगा। कोलकाता में सिलेंडर 929 रुपये का था जो अब 829 रुपये का हो गया है। वहीं मुंबई में अभी तक यह सिलेंडर 902.50 रुपये का मिल रहा था जो अब 802.50 रुपये का हो गया है।

### रक्षाबंधन में हुआ था कीमतों में बदलाव

- इससे पहले रक्षाबंधन के मौके पर सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) के दामों में 200 रुपए की कटौती की थी। तब दिल्ली में कीमत 1103 रुपए से घटकर 903 रुपए, भोपाल में 908, जयपुर में 906 रुपए हो गई थी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा था कि ओनम और रक्षाबंधन के त्योहार पर दाम घटाकर पीएम मोदी ने बहनों को बड़ा तोहफा दिया है। देश के 33 करोड़ कंज्यूमर्स को इसका फायदा मिलेगा।

### पीएम उज्ज्वला योजना की सब्सिडी एक साल बढ़ी

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी सिलेंडर पर दी जाने वाली 300 रुपए की सब्सिडी को बीते दिन 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया है। कैबिनेट मीटिंग में ये फैसला लिया गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि इस योजना का लाभ 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मिलेगा।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 23 महीने से बदलाव नहीं

पेट्रोल और डीजल की कीमतें लगातार 23वें महीने स्टेबल यानी जस की तस बनी हुई हैं। राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 96.72 प्रति लीटर है और डीजल 89.62 प्रति लीटर है। आखिरी बार 21 मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था।

### सिलेंडर के दाम घटाने का सीएम योगी ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा गैस सिलेंडर के दामों में कमी करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे हमारी मातृशक्ति को प्रदूषण और धुएं से राहत मिलेगी। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि महिला दिवस के अवसर पर एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का निर्णय करोड़ों परिवारों को आर्थिक राहत देने के साथ ही मातृशक्ति को धुएं और प्रदूषण से मुक्ति दिलाकर स्वस्थ व खुशहाल जीवन प्रदान करेगा। मातृशक्ति के सम्मान और पर्यावरण को संरक्षित करते इस लोक-कल्याणकारी सौगात के लिए प्रदेशवासियों की ओर से आपका हार्दिक आभार आदरणीय प्रधानमंत्री जी! इसके पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर कहा कि महिला दिवस के अवसर पर आज हमने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपये की छूट का बड़ा फैसला किया है।

# शिवालयों में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



महाशिवरात्रि का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ जिले भर में आज मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को कल देर रात मे ही अंतिम रूप दे दिया गया था। शिवालयों में जहां साज-सज्जा का काम चला वहीं बैरीकेटिंग का काम भी देर शाम तक पूरा कर लिया गया था। मंदिरों व मेला स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी रहें। आज भोर से ही कांवरिए गंगा से जल लाकर शिवालयों में जलाभिषेक किया। शहर के श्री शक्तिपीठ तांबेश्वर मंदिर व खागा के कुंडेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व के दिन दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। आस्था में सराबोर शिव भक्त बड़ी संख्या में दूर दराज से श्रद्धालु एकत्र होकर दर्शन के लिए पहुँचे। वही बड़ी संख्या में श्रद्धालु लेटकर भी परिक्रमा के लिए आये। श्री शक्तिपीठ तांबेश्वर मंदिर समेत अन्य मंदिरों के आसपास मेले का आयोजन भी होगा। पर्व के दिन श्रद्धालु मंदिर में स्थापित शिवलिंग का जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक कर पूरी श्रद्धा से पूजा-पाठ किया। मंदिर के आस-पास आयोजित होने वाले मेले में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए पर्व से पहले ही नगर पालिका परिषद ने मंदिर मार्ग पर साफ-सफाई का विशेष अभियान शुरू कर दिया था। जिसको आज अंतिम रूप दिया गया। इतना ही नहीं मंदिर में चल रहे साज-सज्जा के काम को भी पूरा कर लिया गया है। श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या में महिलाओं व बच्चों की सुविधाओं को देखते हुए दर्शन करने के लिए अलग-अलग लाइनों को लगाने के लिए बैरीकेट्स लगाए गये हैं। पर्व पर उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी अपनी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखा। मंदिर के साथ-साथ मेला स्थल पर महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। वही शिवरात्रि के चलते जिलाधिकारी ने उपखनिज वाहनो को रोकने का आदेश भी निर्गत किया गया। जब कि कुछ थाना क्षेत्रो मे जिलाधिकारी के आदेश को हवा मे उडा कर वाहनो का आवागमन बना रहा। जिससे शिव भक्तो को परेशानियो का सामना करना पडा।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष योगदान के लिये दो महिला आरक्षियों को किया गया सम्मानित



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन लखनऊ द्वारा महिला सशक्तिकरण के सम्बन्धित वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन नोडल अधिकारी, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय द्वारा महिला आरक्षियों के साथ पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार से प्रतिभाग किया गया। इस दौरान समस्त जनपदों से सम्मिलित महिला अधिकारी, कर्मचारी से उनकी डियूटी, कार्य के दौरान प्राप्त अनुभवों की जानकारी ली गयी। महिलाओं से समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनना व उनका निस्तारण करवाने में उनके द्वारा किये गये प्रयासों इत्यादि। महिला बीट आरक्षियों ने बीट पुलिसिंग के अनुभाव साझा किये। इस दौरान सभी को निर्देशित किया गया कि मिशन शक्ति अभियान एवं शक्ति दीदी के तहत महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं, बालिकाओं से सम्पर्क स्थापित कर उनको महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया जाये।

नोडल अधिकारी महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने जनपद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित महिला सेल में नियुक्त महिला आरक्षी माद्री तोमर एवं सम्मन सेल में नियुक्त महिला आरक्षी पूनम यादव को उनके द्वारा किया गये महिला सशक्तिकरण से सम्बन्धित सराहनीय कार्यों के लिये मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही कहा कि भविष्य में इसी प्रकार लगन एवं मेहनत से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

## महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय



जन एक्सप्रेस । बांदा

### महाशिवरात्रि पर्व पर वामदेवेश्वर मंदिर सहित कालिंजर दुर्ग में लगी भक्तों की भीड़

शुक्रवार को महाशिवरात्रि के मौके पर जनपद बांदा के शिवालयों में शिव भक्तों का तांता लगा हुआ है। जो अपनी मनोकामना पूरी करने की आस लेकर जलाभिषेक कर रहे हैं। तड़के 3 से प्रसिद्ध शिव मंदिर वामदेवेश्वर और कालिंजर दुर्ग के नीलकंठ मंदिर में शिव भक्त श्रद्धा और भक्ति से जलाभिषेक के बाद पूजा अर्चना कर रहे हैं। वहीं शहर के अन्य मंदिरों में भी पूजा अर्चना के साथ विभिन्न कार्यक्रम चल रहे हैं। जिसमें शिव भक्त बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।वामदेवेश्वर मंदिर में भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। शहर कोतवाल एवं बलखंडी नाका, मर्दननाका, खाईपार व छोटी बाजार पुलिस चैकी के प्रभारी पुलिस बल के साथ मंदिर के अंदर मोर्चा संभाले रहे। गुफा के अंदर विराजमान भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए लाइन में लगे श्रद्धालुओं को एक-एक करके दर्शन कराया। बांदा शहर में बाम्बेश्वर पर्वत पर स्थित भगवान शिव का बामदेवेश्वर मंदिर है जो अति प्राचीन है। बताया जाता है कि यहां पर जो शिवलिंग स्थापित है उसकी स्थापना महर्षि बामदेव ने की थी। गुफा के अंदर स्थित यह मंदिर स्वतः बना हुआ है, जो बहुत प्राचीन है। यहां पर भगवान राम ने भी अपने वनवास काल के दौरान पूजा अर्चना की थी. यहां पर भक्त सुबह से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर रहे हैं।कालिंजर दुर्ग के नीलकंठ मंदिर की विशेषता यह है कि कालकूट विष को पीने के बाद भगवान शिव इसी गुफा में आए थे और यहां पर उन्होंने अपने गले की आग को ठंडा किया था। यहां पर स्थित शिवलिंग की यह विशेषता है कि इसमें साल के 12 महीने गले से पसीने के रूप में पानी टपकता रहता है। भीड को नियंत्रित करने के लिए श्री वामदेव मिंदर प्रबन्धक समिति के नवल त्रिपाठी, आशुतोष दीक्षित, शशि शेषर श्रीवास्तव, प्रदीप निगम लाला, आनन्द वाजपेयी, लल्ला वाजपेयी, नरेन्द्र सिंह नन्ना, कमलेश दुबे, राजेन्द्र कछवाह, अशोक ओमर, विधु त्रिपाठी, पुनीत गोस्वामी, सुरेश साहू, प्रकाश यादव, व आशीष आदि ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# धूमधाम के साथ 51वें राष्ट्रीय रामायण मेला का हुआ उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भगवान श्री राम की तपोस्थली एवं संकल्प भूमि में 51वां राष्ट्रीय रामायण मेला का उद्घाटन पूर्वाम्नाय गोवर्द्धन पीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द देवतीर्थ पुरी व अयोध्या के हनुमानगढ़ी के महंत स्वामी राजू दास जी महाराज ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि महंत राजू दास जी महाराज ने धर्म रक्षति रक्षितः की सनातन संस्कृति पर चर्चा करते हुए कहा कि आप धर्म की रक्षा करेंगे तो संकट में धर्म आपकी अचानक रक्षा करेगा। क्रांतिकारी महंत ने तत्कालीन समय देश के आक्रांताओं की आलोचना करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को नष्ट करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। बताया कि हमारी संस्कृति में देवताओं की कमी नहीं। चाहे जिस देवता की पूजा करें वह सनातन संस्कृति से जुडी हुई पूजा है। उन्होंने कालनेमि राजनैतिक नेताओं की जमकर धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि राजनैतिक लाभ लेने वाले लोग रामचरित मानस को जब उनकी सरकार आएगी तो बैन करेंगें। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का मंदिर बनाने में पांच सौ वर्ष लग गए। अब मथुरा और काशी की बारी है। अफसोस जाहिर करते हुए कहा कि अयोध्या में सैकडों मंदिरों के बीच मस्जिद में पांचो प्रहर की नमाज माइक से की जाती है। अभी तक माइक नहीं उतारा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्वाम्नाय गोवर्द्धन पीठाधीश्वर जगदगुरु स्वामी अधोक्षजानन्द महाराज पुरी ने कहा कि धर्म सर्वोपरि होना चाहिए। धर्म जागृति का कार्य संतो-महंतो को करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या में श्री राम मंदिर बनने के बाद वहां भगवान श्री राम की प्रतिमा स्थापित हो चुकी है। उन्होंने अखंड भारत की चर्चा करते हुए कहा कि अब अखंड होने वाला है। नया संसद भवन इसका नक्शा है। पूर्व के दौरान अखंड भारत के कई टुकडे कर दिए गए थे। वह टुकडे अब जुड़ने का समय आ चुका है। उन्होंने बताया कि देश के नौ राज्य अल्पसंख्यक जरूर हो गए हैं। कहा कि साधु संतो, विद्वतजनों को प्रियवचन एवं परहित के कार्य कर धर्म स्थापित करने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 51 का अंक बहुत शुभ है। यह राष्ट्रीय रामायण मेला 51वां होने के चलते देश का कल्याणकारी होगा। सारा संसार भगवान के अधीन है। भगवान भक्ति के अधीन है। उन्होंने मानव जीवन को दुर्लभ बताया। रामायण मेला परिकल्पना करने वाले डा0 लोहिया के व्यक्तित्व को महान बताया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने की जो परिकल्पना की थी वह साकार होती नजर आ रही है। इसके पूर्व चित्रकूट परिक्षेत्र के साधु-संतो, महंतो के निशान, हाथी, घोडे शोभायात्रा के साथ मेला प्रांगण पहुंचा। जहां मेले के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया ने निशानों व गज पूजा आरती की। शोभायात्रा में भागीदारी कर रहे संतो, महंतों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने 1.60 करोड़ की लागत वाले गौसंरक्षण केन्द्र का किया शिलान्यास



जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर

विकास खंड क्षेत्र के रायपुर भसरौल व खासमऊ गांव में केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति व क्षेत्रीय विधायक कृष्णा पासवान ने गौ संरक्षण केंद्र का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने जनता से संवाद कर समस्याएं भी सुनी। विकास खंड विजयीपुर के रायपुर ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल क्षेत्र में पहुंची केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने एक करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से बनने वाले गौ संरक्षण केंद्र का शिलान्यास किया और छह महीने के अंदर ही गौशाला निर्माण का कार्य शुरू कराने को लेकर ठेकेदार से चर्चा किया। गौशाला के शिलान्यास के उन्होंने क्षेत्र के थुरियानी चैराहे पर जनता से बातचीत कर लोगों की समस्यायों को भी सुना। इस दौरान लोगों ने आवास, किसान सम्मान निधि, पेंशन, सड़क व विद्युत व्यवस्था को लेकर लोगों ने शिकायत भी किया। इसके बाद उन्होंने रास्तों पर लगी गंदगी के अंबार को लेकर भी फटकार लगाई। फटकार लगाते हुए उन्होंने रास्तों से कीचड़ हटाने के लिए भी निर्देशित किया। इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति खासमऊ गांव पहुंची। जहां उन्होंने ने गौशाला निर्माण का शिलान्यास किया। वहीं क्षेत्र में पहुंची केन्द्रीय मंत्री से विजयीपुर गाजीपुर मार्ग को लेकर लोगों में नाराजगी भी देखी गई। जिस पर जल्द ही लोगों की जनहित समस्या को देखते हुए सड़क निर्माण कार्य की बात कही।

## अनिल पाण्डेय को मिली पीएचडी की उपाधि

जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट



मऊ क्षेत्र के तेंदुआ माफी गांव के निवासी डॉ अनिल पाण्डेय को देश की राजधानी दिल्ली के केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह नई दिल्ली के यशोभूमि ब्रह्म कमल मण्डप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू व शिक्षामंत्री कुलाधिपति धर्मेंद्र प्रधान एवं कुलपति प्रो0 श्रीनिवास बरखेड़ी की मौजूदगी में हुआ। जिसमें अनिल कुमार पाण्डेय को पीएचडी (विद्यावारिधि) की उपाधि प्रदान की गयी। डॉ अनिल पाण्डेय ने श्री नागेश भट्ट कृत् परिभाषावृत्ति का समीक्षात्मक अध्ययन और सम्पादन विषय पर विद्यावारिधि उपाधि प्राप्त की है। डॉ अनिल पाण्डेय जनपद के मऊ तहसील अंतर्गत ग्राम तेंदुवा माफी के निवासी हैं। इनके पिता रामबली पाण्डेय साधारण किसान है। वर्तमान में यह किसान इण्टर कॉलिज सहारनपुर में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें यह सफलता उनके माता-पिता एवं गुरुजनों के आशीर्वाद से प्राप्त हुई है। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्यों सहित सभी सम्बन्धी एवं ग्रामीण जनों ने शुभकामनाएं प्रदान की।

### मासूम की बुखार से मौत

जन एक्सप्रेस/बांदा। बुखार से पीड़ित मासूम की हालत बिगड़ गई। उसे पीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। तिंदवारी थाना क्षेत्र के मूगुस गांव निवासी रज्जू की दो माह की बेटी मानसी एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थी। घरवालों ने उसका उपचार कराया। लेकिन उसकी हालत में सुधार नही हुआ। गुरूवार की दोपहर उसकी हालत ज्यादा खराब हो गई। घरवालो ने उसे पीएचसी तिंदवारी में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष तिंदवारी कौशल सिंह का कहना है कि बुखार से मौत होने की सूचना मिली थी।

## पचास हजार का इनामिया वांछित अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

जन एक्सप्रेस । बांदा




पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बबेरु व एसटीएफ की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा 50 हजार के इनामिया एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

गौरतलब हो कि 16 जुलाई 23 को थाना बबेरु क्षेत्र में ओडिशा से लाई जा रही अवैध गांजे की खेप बरामद की गई थी।

जिसमें दो अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में वांछित अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस उप-महानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र अजय कुमार सिंह द्वारा प्रकरण में दो वांछित अभियुक्तों रिंकू राठी पुत्र गजेन्द्र निवासी सैदपुर थाना भोजपुर मोदीनगर जनपद गाजियाबाद व मनीष पुत्र जगबीर निवासी डालयानपान्ना थाना दुजाना जनपद झज्जर हरियाणा पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। 7 मार्च की रात्रि अभियुक्त रिंकू राठी को पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दुर्गा टाकीज गोलचक्कर के पास थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार कर लिया गया।

## शव ले जा रहा वाहन धू-धू कर जला

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



मलवां थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे मे शव ले जा रहे वाहन मे अचानक आग लगी और वाहन धू-धू कर जलने लगा शव के साथ बैठे परिजनो मे हाहाकार मच गया। वही वहान चालक ने वाहन को रोकर वरहन के बाहर कूद का जान बचायी। जब कि परिजन किसी तरह शव को बाहर निकाल कर जान बचाने के सफल रहे।

थाना क्षेत्र के हाईवे कैची मोड़ के पास पोस्टमार्टम हाउस से शव लेकर जा रहा छोटा पिकअप लोडर में अचानक से शार्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। ड्राइवर अनुराग बाजपेई पुत्र ब्रह्मदत्त निवासी गुगौली थाना कल्याणपुर ने बताया कि पोस्टमार्टम हाउस से शव को लेकर गूंझी गांव थाना कल्याणपुर के लिए मृतक के पारिवरिकजन अंतिम संस्कार के लिए वापस अपने घर जा रहे थे।

लोडर में मृतक सहित लगभग 6 से 7 लोग सवार थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित किया। फायर ब्रिगेड पर पहुंचने से पहले ही नेशनल हाईवे के टैंकर द्वारा हाथ पर काबू पा लिया गया। मृतक के पारिवारिक जन शव को सुरक्षित उतार कर दूसरा वाहन करके अंतिम संस्कार के लिए गाँव चले गए।

# राजनैतिक व सामाजिक क्षेत्र में आगे आएं महिलाएं

जन एक्सप्रेस । बांदा



महिला संस्था वनांगना के तत्वावधान में चल रहे तरंग मेरे सपने मेरी उड़ान कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इसमें गुफ़्तगू मंच की लड़कियां, संघर्षशील महिलाएं, युवतियां व युवक शामिल हुए। शुक्रवार को संस्था कार्यालय परिसर में जिला प्रोवेशन की अनीता ने सुमंगला योजना के बारे में बताया। जिला कार्यक्रम समन्वयक कामनी सिंह ने किशोरियों व युवतियों को अच्छी शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया। महिला थाना एसआई रश्मी ने हेल्प लाइन टोल फ्री नंबर और साइबर क्राइम की जानकारी दी। खबर लहरिया डायरेक्टर कविता बुंदेलखंडी ने युवतियों को पत्रकारिता की दुनिया में आगे आने के लिए कहा। वनांगना डायरेक्टर पुष्पा शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए युवतियों के उज्जवल भविष्य की बात की साथ ही महिलाओं के इस दिन पर खुशी ज़ाहिर की। वरिष्ठ संदर्भ समूह शबीना मुमताज़ ने कार्यक्रम में चार सत्रों पर ग्रुप वर्क कराते हुए महिलाओं में समान वेतन व स्वयं की देखभाल, राजनैतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी, प्रजनन स्वास्थ्य, हिंसा को रोकने पर पुरुषों की भागीदारी पर प्रस्तुतीकरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत गीत व नारों से हुई। नेतृत्व समूह मंजू सोनी ने संस्था के उद्देश्य बताए। कार्यकर्ता शोभा देवी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताया और सभी का स्वागत श्यामकली ने किया। संचालक शिफा खातून ने किया। प्रस्तुतीकरण में इल्मा, ज़ेबा, फरजाना, रूबी ज़ैनब, सोनी, माया, ज्ञान और युवराज ने सहयोग किया। राधेश्याम और रानी देवी व वालिंटियर कुलदीप ने व्यवस्था संभाली।

## तीसरी आख करेगी रेलवे स्टेशन की निगरानी

जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर

यात्री ट्रेनों के ठहराव में भले ही नगर का रेलवे स्टेशन अन्य दूसरों से पीछे हो, सुरक्षा से समझौता नहीं होगा। रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। स्टेशन के विभिन्न हिस्सों में लगे कैमरों की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। नगर के रेलवे स्टेशन पर सुबह-शाम चार यात्री ट्रेनों का ठहराव है। मेमो पैसेंजर, चौरी चौरा, संगम तथा इंटरसिटी एक्सप्रेस पर यात्रा करने वाले लोगों को स्टेशन में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए परिसर को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया जाएगा। स्टेशन की प्रत्येक हलचल कैमरे में कैद होगी। जिससे छेड़छाड़, चोरी, स्नेचिंग और मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसे पकड़ने में आसानी होगी। रेलवे स्टेशन पर तैनात जीआरपी और आरपीएफ स्टाफ को भी बिना सीसीटीवी कैमरों के सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखना चुनौती होता है। रेलवे स्टेशन के भीड़भाड़ वाले स्थल जैसे प्रवेश द्वार, टिकट काउंटर, प्रतीक्षालय, प्लेटफार्म और पूछताछ केंद्र के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिनकी मदद से संदिग्धों पर पैनी नजर रखने और अपराध का ठोस सबूत जुटाने में आसानी होगी। दैनिक यात्रियों अनिल कुमार, विजय कुमार गुप्ता, सोनू सिंह, दिवाकर सिंह आदि का कहना था कि सुरक्षा में तीसरी आंख का बेहद महत्व होता है। ऐसे में रेलवे स्टेशन को सीसीटीवी कैमरों से लैस करना बेहद महत्वपूर्ण निर्णय है। रेलवे स्टेशन पर हर रोज करीब दो से तीन हजार यात्रियों का आना-जाना होता है। अवर अभियन्ता ने बताया कि रेलवे स्टेशन पर दस कैमरे लगाए जाएंगे। जिनमें खर्च होने वाली धनराशि निर्भया कोष से खर्च किया जाएगा।

### चार रिक्शा व बैट्री अभियुक्तों के पास से हुआ बरामद

## ई-रिक्शा चोरी और लूटपाट को अंजाम देने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बांदा



सवारी बनकर सूनसान स्थानों पर ई-रिक्शा चालकों से ई-रिक्शा लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए मटौंध पुलिस ने 02 अभियुक्तों व 02 बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि विगत दिनों थाना मटौंध, थाना कोतवाली देहात व थाना कोतवाली नगर क्षेत्र में हुई ई-रिक्शा लूट की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम का गठन किया गया था।

बता दें कि 26 फरवरी को देर शाम अज्ञात अभियुक्त सवारी बनकर क्योटरा चौराहा से एक ई-रिक्शा पर बैठे तथा भूरागढ़ चौकी क्षेत्र में त्रिवेणी बाईपास पहुंच कर अभियुक्तों द्वारा ई-रिक्शा चालक को मारपीट कर ई-रिक्शा लूट लिया गया था जिसके संबंध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तो की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तों को शुक्रवार को नहर पुलिया मोहनपुरवा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

अभियुक्तों द्वारा कड़ाई से पूछताछ में बताया गया कि उन्होने 26 फरवरी को त्रिवेणी चौराहा मटौंध से एक ई-रिक्शा की लूट, 13 फरवरी को करिया नाला थाना कोतवाली नगर से एक ई-रिक्शा की लूट, 24 फरवरी को अवन्तीनगर थाना कोतवाली नगर से एक ई-रिक्शा की चोरी, 28 फरवरी को आरटीओ चौराहा के पास से एक ई-रिक्शा की लूट तथा 17 फरवरी को रामलीला मैदान थाना कोतवाली नगर से ई-रिक्शा से 04 बैट्री की चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

अभियुक्तों के कब्जे से लूटे/चोरी किए गए ई-रिक्शा, बैट्री व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा तथा मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामदगी में 04 ई-रिक्शा, 04 बैट्री, 02 मोबाइल फोन, घटना कारित करने में प्रयुक्त 01 ई-रिक्शा व 01 मोटरसाइकिल है। गिरफ्तार अभियुक्तों में हर्ष प्रजापति पुत्र राजू नि0 बकछा थाना सिसोलर जनपद हमीपुर, विष्णु पुत्र रामगोपाल कुशवाहा नि0 अवन्तीनगर थाना कोतवाली नगर बांदा है। इनके खिलाफ मु0अ0सं0 25/24 धारा 394 भादवि थाना मटौंध, मु0अ0सं0 41/24 धारा 394 भादवि थाना कोतवाली देहात, मु0अ0सं0 155/24 धारा 394 भादवि थाना कोतवाली नगर, मु0अ0सं0 164/24 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली नगर, मु0अ0सं0 127/24 धारा 379 भादवि थाना कोतवाली नगर अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 मटौंध राममोहन राय, उ0नि0 अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, उ0नि0 अरविन्द कुमार मौर्य, उ0नि0 संतोष कुमार सरोज, हे0का0 नीरज यादव, का0 नीतेन्द्र कुमार, का0 यादवेन्द्र सेन, का0 कृष्ण कुमार, का0 अंकित सिंह शामिल है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबंद निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सं. | विद्युत/डब्ल्यू/आलमबाग/177/2023-24 | | |
| कार्य का विवरण | कैरेज एण्ड वैगन वर्कशॉप आलमबाग लखनऊ के विभिन्न कार्यालयों, सेक्शनों, वार्डस, शेड्स में स्टोर डिपो की यार्ड लाईटिंग सहित विद्युत वायरिंग का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹42,27,228.64 | धरोहर राशि | ₹84,600/- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य | कार्य समापन अवधि | 24 माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवं समय | 30.03.2024 को अप. 13:00 बजे तक | | |
| निविदा खुलने की तिथि व समय | 30.03.2024 को अप. 13:00 बजे के बाद | | |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फॉर्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबंधित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जाएगा।

निविदा सं.: विद्युत/डब्ल्यू/आलमबा/177/2023-24 दिनांक 08.03.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 745/2024



# कानपुर नगर एक्सप्रेस

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आसमान साफ रहने के कारण बर्षा होने की कोई संभावना नही है तथा हवाओं की गति सामान्य से तेज चलने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 24.0 (-4.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 9.8 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 39 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 6.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0
- कृषि मौसम वैज्ञानिक



# इरफान सोलंकी की गुमनाम कंपनी हमराज का खुलासा करने के साथ, नजीर फातिमा की जन एक्सप्रेस ने उठाई थी आवाज


इरफान सोलंकी ने चालू किया था प्रापर्टी का कारोबार, चार करोड़ 40 लाख में खरीदा था बांद्रा में फ्लैट, आयोग से छुपाए 2 करोड़ 48 लाख

फाइटर जी कहिन

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

सपा सरकार जाते ही आजम खान के बेटे अब्दुल्ला, बिलारी विधायक फहीम, पूर्व विधायक सुभाष पासी संग शुरू किया प्रॉपर्टी का काम

सुभाष पासी की पत्नी से बांद्रा में खरीदा चार करोड़ 40 लाख का फ्लैट

चुनाव आयोग को मुंबई के फ्लैट की कीमत इरफान ने बताई 1 करोड़ 99 लाख

कौन है फहीम इरफान

स्वतंत्रदेव सिंह, सुभाष पासी व निरहुआ।

कौन है सुभाष पासी

सुभाष पासी ने थाम लिया भाजपा का हाथ

फॉलोअप


योगी सरकार का खौफ नहीं: सपा विधायक इरफान सोलंकी के भू-माफिया भाई रिजवान ने फुंकवाया गरीब का झोपड़ा

कानपुर हिंसा में फंडिंग का आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी की गुमनाम कंपनी का साबित हो चुका है पार्टनर, आए दिन विधायक इरफान और उसका भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत उसके गुर्गे जनता पर करते हैं अत्याचार

जिस महिला का घर आग के हवाले हुआ उस महिला के साथ पूर्व में बीती 30 जून को इरफान सोलंकी के भाई रिजवान और उसके गुर्गों ने की थी मारपीट, घटना का वीडियो जमकर इंटरनेट पर हुआ था वायरल, कानपुर पुलिस ने अभी तक नहीं दर्ज किया है मामले में मुकदमा

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

भूमाफिया रिजवान ने पहले भी की थी पीड़ित महिला के साथ मारपीट, आज तक नहीं लिखा मुकदमा

सपा विधायक इरफान व उसका भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी।

3 जून को घटित हुई कानपुर हिंसा में भी इरफान सोलंकी का कनेक्शन आ चुका है सामने

प्लॉट का है विवाद, मामला न्यायालय में विचाराधीन

फॉलोअप


सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनी विधवा की पुकार

कानपुर हिंसा के मदारी इरफान सोलंकी पर दर्ज हुआ मुकदमा

सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी ने विधवा और उसके परिवार का जीना कर दिया था मुश्किल, बीती 7 नवम्बर को विधवा के झोपड़े को कर दिया था आग के हवाले

जन एक्सप्रेस। कमलेश फाइटर

- जन एक्सप्रेस में खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद योगी सरकार ने लिया संज्ञान, विधायक और उसके भाई पर गंभीर धाराओं में हुआ मुकदमा दर्ज, पुलिस के दबिश देने पर विधायक अपने भाई संग हुआ फरार
- कानपुर हिंसा में भी इरफान सोलंकी का कनेक्शन आया सामने, हिंसा में फंडिग का आरोपी हाजी वासी निकला सपा विधायक इरफान की

कानपुर हिंसा में भी 'इरफान की कंपनी' का कनेक्शन आया है सामने

फॉलोअप

### कब और कैसे बनाई थी गुमनाम कंपनी हमराज कंस्ट्रक्शन

चलिए जन एक्सप्रेस आपको फिर से अतीत के पन्नों में ले चलता है। सपा विधायक इरफान सोलंकी ने अपने काले कारोबार से कमाए रुपयों को नंबर एक में करना चाहता था। इसलिए उसने 25 जून 2013 को हमराज कंस्ट्रक्शन नाम की एक गुमनाम कंपनी तैयार की, इसका पता चमनगंज क्षेत्र दिखाया गया। इस कंपनी में सपा विधायक इरफान सोलंकी की धर्मपत्नी नसीम सोलंकी के साथ उसका चाचा मेराज सोलंकी, चर्चित बिल्डर हाजी वसी, भूमाफिया तारिक लारी की पत्नी खदीजातुल कुबरा और रेडीमेड कारोबारी वसीम राइटर बराबर के डायरेक्टर और पार्टनर थे। सपा सरकार बनी और फिर इरफान सोलंकी ने अपनी गुमनाम कंपनी हमराज कंस्ट्रक्शन से करोड़ों रुपए के वारे न्यारे किए, विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी मात्र कहने को डायरेक्टर थी लेकीन पर्दे के पीछे से असली मदारी का खेल विधायक इरफान सोलंकी खेल रहा था।

### ई.डी. की छापेमारी की कार्रवाई के पहले ही जन एक्सप्रेस ने कर दी थी भविष्यवाणी

आपको बताते चलें कि सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके पार्टनरों के विरुद्ध ई.डी. के द्वारा छापेमारी की जाएगी इसका खुलासा बहुत पहले जन एक्सप्रेस अखबार ने अपने विशेष अंकों में किया था। और जन एक्सप्रेस की खबर पर ई.डी. ने कार्रवाई करके सच्चाई की मोहर लगा दी है। *शेष जारी.....*

जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के आवास समेत उसके चाचा भाईयों और करीबियों के आवासों पर बीते दिन गुरूवार को ई.डी. टीम के द्वारा की गई छापेमारी की कार्रवाई के बाद एक बार फिर से हमराज कंस्ट्रक्शन, कानपुर हिंसा, और अग्निकांड का जिन्न बोतल से निकल कर चर्चा में है।

जैसा कि जग जाहिर है 3 जून 2022 को थाना बेकनगंज क्षेत्र स्थित नई सड़क पर घटित हुई कानपुर हिंसा की के बाद सपा विधायक इरफान सोलंकी और टेरर फंडिंग के आरोपी हाजी वसी के बीच कनेक्शन जोड़ने वाली विधायक की गुमनाम कंपनी हमराज कंस्ट्रक्शन का खुलासा सर्वप्रथम जन एक्सप्रेस अखबार और जन एक्सप्रेस के डिजिटल प्लेट फार्म फाइटर जी कहिन पर किया गया था।

और उसी के बाद विधायक खुद को बचाने के लिए रोजाना कुछ ना कुछ गलत हरकतें करता गया। इसी दौरान विधायक और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत अन्य लोगों ने मिलकर एक साजिश बेवा नजीर फातिमा के झोपड़े को जलाने की रची और उस खबर को भी सबसे पहले जन एक्सप्रेस ने प्रमुखता से अखबार और डिजिटल प्लेट फार्म फाइटर जी कहिन पर दिखाया।

इस खबर का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेवा नजीर फातिमा को न्याय दिलाने के लिए मुकदमा दर्ज कराया था और उसके बाद तब से लेकर अब तक जो विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग के साथ जो कुछ हुआ है वह किसी से छिपा नहीं है।

❋ जन एक्सप्रेस की खबर पर संज्ञान लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक और उसके गैंग पर चलाया था कानून का हंटर

❋ ई.डी. की कार्रवाई के लिए पहले ही जन एक्सप्रेस दे चुका था संकेत


ई.डी. ने विधायक इरफान सोलंकी के घर मारा छापा, मचा हड़कंप

हाजी वसी और सपा नेत्री नूरी शौकत के घर भी की छापेमारी

दस्तावेज और कुछ मोबाइल लेकर चली गई ई.डी.की टीम

फॉलोअप

### खुद को बीमार बता कर पुलिस से बचने वाला अपराधी अभी भी कार्रवाई से दूर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सपा विधायक इरफान सोलंकी के नंबर दो के करोड़ों रुपए अभी भी थाना बेकनगंज क्षेत्र स्थित एक शातिर अपराधी और बिल्डर के पास जमा है जिसे लेने कई बार उसके परिजन जा भी चुके हैं। यह शातिर बिल्डर खुद को एक गंभीर मर्ज का रोगी दर्शाता है। लेकिन असल में यह बहुत बड़ा अपराधी है इसने बहुतों को बेघर किया है सपा विधायक इरफान सोलंकी और हाजी वसी के साथ मिलकर, पूर्व में तैनात रहे कुछ अधिकारियों ने इसे बचा दिया था।

### नजीर फातिमा का दर्द सबसे पहले जन एक्सप्रेस ने किया था बयां

सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत उसके गैंग के सभी सदस्य के द्वारा षडयंत्र रच के बेवा नजीर फातिमा के झोपड़े को जब जलाया गया तो पुलिस बेवा की सुनवाई नहीं कर रही थी। उसे समय सर्वप्रथम जैन एक्सप्रेस ने नजीर फातिमा के दर्द को बयां किया और इस दर्द का संज्ञान उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिया और उसके बाद इरफान सोलंकी को जेल जाना पड़ा।

### इरफान गैंग ने खूब जमीनें की कब्जा, कच्चे में किया कारोबार

सपा विधायक इरफान सोलंकी की गुमनाम कंपनी हमराज में डायरेक्टर बनने के बाद भूमाफिया तारिक लारी चाचा मेराज सोलंकी, हाजी वसी के साथ कई अपराधियों ने बाटा का आहाता के.डी.ए. की सरकारी जमीनों, जबरन कब्ज़ा किए गए प्लॉटों को जमकर खरीदा और बेचा, ज्यादातर कारोबार कच्चे का किया गया और अरबो रुपए का खेल खेला गया।

### जन एक्सप्रेस ने गुमनाम कंपनी का किया खुलासा तो बैक डेट का फॉर्म भर पत्नी को हटाया

जन एक्सप्रेस ने जैसे ही सपा विधायक इरफान सोलंकी की गुमनाम कंपनी हमराज कंस्ट्रक्शन का खुलासा किया और दुनिया को बताया की कानपुर हिंसा के आरोपी हाजी वसी समेत कई अन्य के साथ विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी पार्टनर है तो उसके बाद सरकार और पुलिस के साथ ही जनता को भ्रमित करने के लिए विधायक ने आर ओ सी में 4 अगस्त 2022 को धर्मपत्नी नसीम सोलंकी का नाम हटाए जाने के लिए आवेदन किया। लेकिन जो फॉर्म उसमें दाखिल किया गया था उसमें वर्ष 2018 में डायरेक्टर पद से इस्तीफा देना दर्शाया गया था, इसके लिए विधायक ने डायरेक्टर और सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर तक बनवा डाले थे। लेकिन कानपुर पुलिस मेहरबान रही जिस कारण इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ।

---

## गौवंश नाले में गिरा, फायर टीम ने बचाई जान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बिठूर रोड पर बने नाले में गौवंश गिर गया, क्षेत्रीय लोगों ने नाले में गिरे गौवंश को देख 101 नंबर डायल कर सूचना दी जानकारी मिलने पर पहुंची फायर टीम ने कड़ी मशक्कत कर गौवंश को निकाला,कल्याणपुर थाना स्थित बाबा मार्बल के सामने से बीते गुरुवार की रात्रि गौवंश सड़क पार कर रहा था सड़क के किनारे बने नाले में अचानक से वह गिर गया लगभग आधा घंटे से वह अपने को नाले गिरा देख मदद के लिए आते जाते राहगीरों को देख रहा था। गौवंश को निकलता देख लोगों ने राहत की सांस ली।

## दर्शन करने गई महिला संग बाईक सवारों ने की लूट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



नजीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक सवार लुटेरों ने दर्शन करने गई महिला से चेन लूटकर घटना को अंजाम दिया और इसके बाद फर्राटा मारते हुए भाग निकले, पीड़ित महिला के शोर मचाने पर राहगीरों ने लुटेरों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह भागने में सफल रहे। नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रामकृष्ण नगर निवासी संकल्प तिवारी ने बताया कि माँ अनीता तिवारी बीते मंगलवार की रात्रि शिव मंदिर के दर्शन करने के लिए घर से निकली थी दर्शन करने के बाद वह राम कृष्ण नगर से होते हुए घर की ओर जा रही थी तभी बाइक सवार दो युवक आए और दो मिनट रुके जब तक वह कुछ समझ पाती लुटेरों ने अकेली महिला को देख झपट्टा मारकर चैन लूटकर भागने लगे इस दौरान महिला जोर जोर से चिल्लाने लगी आवाज सुनकर राहगीरों ने लुटेरों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह पकड़ने में असमर्थ रहे इसके बाद अनीता तिवारी ने घर पहुंचकर बेटे संकल्प तिवारी को आपबीती सुनाई। संकल्प ने बिना देरी करते हुए मां के साथ नजीराबाद थाने पहुंचा और घटना की जानकारी बताते हुए शिकायती पत्र दिया है।

नजीराबाद थाना प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला के बेटे द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लूट की वारदात करने वाले आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश की जा रही है।

## पैसों के आगे पुलिस लाचार, जन रक्षा का दावा तार-तार

जन एक्सप्रेस । डॉ. हर नारायण मिश्र

कानपुर नगर की पुलिस इंसाफ के रक्षक होने का चाहे जितना ढोल पीटे पर धनवान आरोपी के विरुद्ध बड़े से बड़े अपराध के खिलाफ मुकदमा लिखने का साहस नहीं जुटा पाती है, पीड़ित पक्ष की शिकायत जब चौकी थाने हुआ एसीपी द्वारा नहीं सुनी गई। तब उसने आइजीआरएस का सहारा लिया इस स्तर पर भी विवेचक द्वारा तत्वों को छुपा कर मामले को दफना दिया गया है। पीड़ित पक्ष द्वारा डीपी सेंट्रल को प्रदतंत ज्ञापन दफ्तर से गायब किए जाने के बाद जब पुणे डीसीपी से इंसाफ मांगते हुए चौथी बार आवेदन किया गया तो एडीसीपी द्वारा निष्पक्ष जांच हेतु एसीपी को लिखे जाने पर एसीपी कर्नलगंज ने बाद एसोसिएशन व लेयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे वरिष्ठ नागरिक के डीसीपी को को निष्पक्ष जांच के आदेश युक्त प्रार्थना पत्र को रद्दी की टोकरी में डालकर जनता की रक्षक पुलिस ने इंसाफ का गला घोट दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत स्वतंत्रता दिवस को हो रहे ध्वजारोहण के समापन के समय स्वयं को उसे स्थल के स्वर्गीय मलिक का भतीजा बताने वाले 82 करोड़ के बैंक घोटाले में माता-पिता सहित 6 माह की अधिक समय तक जेल काट चुके हैं। सनत कुमार वह उनके नौकर ने झंडा उखाड़ कर फेंक दिया तथा तीन बार की पार्षद लक्ष्मी कनौजिया, अधिवक्ता सुरेंद्र बाजपेई शाहिद कई उपस्थित जनों को अपमानित किया था इस अराजकता की शिकायत करने वाले अधिवक्ता को थाना वह एसीपी ने जब नहीं सुना तो पीड़ित पक्ष ने आइजीआरएस में पत्र दिया जिसकी विवेचना ग्वालटोली के सिपाही 0522 द्वारा की गई विवेचक ने ना तो पीड़ितों का बयान लिया ना ही सीसीटीवी के फुटेज इकट्ठे किए उल्टे एक आर्थिक अपराधी आरोपी सनत कुमार को वकील बताकर मामले को दफना दिया। इसके बाद पीड़ित अधिवक्ता द्वारा 2 मार्च को डीपी महोदय को दिया गया प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र उनके दफ्तर से ही गायब हो गया।

तट पक्ष दोबारा पीड़ित अधिवक्ता द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर निष्पक्ष जांच का निर्देश देते हुए डीसीपी ने जब एसीपी करनैलगंज को प्रार्थना पत्र भेजा तो उन्होंने शाम को लाचार बताते हुए बैंकिंग घोटाले के आरोपी के सामने न्याय देने में असमर्थता जताई।

महोदय बार व लेयार्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र बाजपेई तीन बार की पार्षद लक्ष्मी कनौजिया हुआ स्थानी जनता की अर्चना है कि आरोपी सनत कुमार के पेशेवर वकील होने के सबूत, पीड़ित पक्ष के बयान तथा सीसीटीवी के सबूत का संग्रह करके इंसाफ की रक्षा की जाए, तथा मुख्य आरोपी व उसके नौकर रुप नारायण कश्यप के विरुद्ध मुकदमा लिखकर दंडित किया जाए।

## ऑनलाइन सट्टे मे पांच सौ रुपए हार छात्र ने की आत्महत्या


नुरैन भगवान सटोरिया

❋ सट्टे के कारोबारी रहे हैं फल फूल, शिकार होकर लोग मौत को लगा रहे गले

जन एक्सप्रेस । जसप्रीत सिंह वाधवा

**कानपुर नगर।** थाना काकादेव क्षेत्र स्थित हॉस्टल में रह कर नीट की तैयारी कर छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली और डायरी में लिखा सॉरी मम्मी पापा दोस्तों के पैसे वापस कर देना। शुक्रवार को ऑनलाइन सट्टा हारने पर छात्र ने आत्महत्या कर ली वह सट्टे में पहले 500 हारा इसके बाद धीरे-धीरे 9000 रुपए का कर्ज हो गया। जिसे उसने दोस्तों से लेकर चुकाया इस बात से वह काफी परेशान था। हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी भी कर रहा था, पुलिस को कमरे से सुसाइड नोट मिला है इसमें लिखा था सॉरी मम्मी पापा मुझे माफ करना, मेरा कर्जा मेरे जाने के बाद दोस्तों का पैसा वापस कर देना।

### बदायूं से आकर कानपुर मे नीट की तैयारी कर रहा था

डी.सी.पी. सेंट्रल आर.एस. गौतम ने बताया कि बदायूं का रहने वाला नवनीत शाक्य उम्र 19 वर्ष काकादेव कोचिंग मंडी के हॉस्टल में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। नवनीत के साथ उसकी उम्र का ही सगा चाचा संदीप भी रहकर तैयारी कर रहा था। संदीप ने काकादेव पुलिस को सूचना दी की हॉस्टल से कुछ सामान बाहर लेने गए थे। लौट कर आए तो भतीजे नवनीत का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला, मामले की सूचना मिलते ही काकादेव थाना प्रभारी एसीपी स्वरूप नगर और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची जांच के दौरान कमरे में एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। अब शनिवार को परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम होगा इसके बाद शव परिवार वालों को सौपा जाएगा।

### पढ़िए सुसाइड नोट में क्या लिखा

सुसाइड नोट में नवनीत ने लिखा था मम्मी पापा मुझे माफ करना 500 ऑनलाइन सट्टा हार गया धीरे-धीरे 9000 का नुकसान हो गया यह पैसा मैंने अपने तीन दोस्तों से उधार लेकर सट्टा खेला था। मम्मी पापा उनका पैसा वापस कर देना मैं आपके सपनों का एमबीबीएस डॉक्टर नहीं बन पाया मुझे माफ कर देना।

### पुलिस को मालूम होने के बाद भी जोरों पर हो रहा है सट्टा

आपको बताते चलें कि शहर में सट्टे और जुए का कारोबार चरम पर है। दिनदहाड़े यह सट्टा खिलाने वाले गरीबों को और युवाओं को लूट रहे हैं। थाना बजरिया, थाना कर्नलगंज, थाना चमनगंज आदि क्षेत्र में इस समय जमकर सट्टा हो रहा है। विश्वसनीय सूत्रों की माने तो थाना बजरिया क्षेत्र में शहजादे, विक्की गुप्ता, प्रदीप सोनकर, रामजी, संजय चट्टा, थाना कर्नलगंज क्षेत्र में नुरैन भगवान, चमनगंज क्षेत्र में सीमू खुलेआम सट्टा करवा रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि पुलिस को सब कुछ मालूम है लेकिन पुलिस जानकर भी अनजान बनी हुई है।

## देर से जागी कानपुर पुलिस, विधायक की गाड़ी को लाई थाने

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सपा विधायक इरफान सोलंकी की कागजों में सीज गाड़ी घर पर खड़ी मिली तो पुलिस उसे अपने कब्जे में लेते हुए बताया है

कि थाना जाजमऊ पर पंजीकृत अभियोंग में अभि0 इरफान सोलंकी के विरूद्ध धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करने के क्रम में वाहन सं0 UP78 FH 0013 CRETA, UP 78 FE 0013 टाटा सफारी, UP 78EB 0013 ग्रांड आई-10 कुर्क की गई थी। कुर्क शुदा गाड़िया अभियुक्तगण के परिजनों के कब्जे में सोशल मीडिया पर प्रचारित हुई थी। जिसके क्रम में तत्काल पुलिस उपायुक्त द्वारा डिटेल निकाली गई तो टाटा सफारी UP 78 FE 0013 पूर्व में कुर्क की जा चुकी है।

## पति ने किया था पत्नी को आग के हवाले, खुलासा

जन एक्सप्रेस फॉलो अप
कानपुर नगर



बीते दिन बुधवार को थाना संचेडी क्षेत्र के ग्राम कला के पुरुवा मे एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों मे आग लगा ली थी। मृतिका संध्या को पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालात गंभीर बताकर उसे हैलट के लिए रेफर कर दिया था। हैलट मे मृतिका संध्या की मौत हो गई थी। मौके पर पहुंचे एसीपी पनकी ने बताया था कि मृतिका संध्या लगभग 90त्न जल चुकी थी। पुलिस ने मृतिका संध्या के मृत्यु होने से पहले बयान लेने की कोशिश भी करी थी लेकिन मृतिका की आवाज साफ न होने के कारण उसके बयान नही हो पाए थे।

लेकिन एसीपी पनकी तेज बहादुर सिंह ने आश्वासन दिया था कि परिजनों द्वारा दी गई तहरीर पर गंभीर धाराओं मे मुकदमा लिखा जाएगा और न्याय दिलाया जाएगा। जिसके उपरांत संध्या के परिजनों ने पनकी थाना पुलिस को अपनी बेटी की हत्या करने के विषय मे तहरीर दी थी जिस पर पुलिस ने छानबीन भी शुरू कर दी थी। पुलिस द्वारा छानबीन मे पता चला कि संध्या द्वारा आग लगाने से पहले संध्या का अपने पति गिरधर सिंह से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के चलते गिरधर सिंह ने अपनी पत्नी संध्या के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया था। गिरधर सिंह ने हैलट मे जब संध्या की मौत की खबर सुनी तो वहां से फरार हो गया था। जिसके बाद मृतिका संध्या के परिजनों ने अपनी बेटी की हत्या करने की आशंका जताई। हालांकि पुलिस ने मृतिका संध्या के परिजनों की तहरीर पर पति गिरधर सिंह को कल गिरफ्तार कर लिया था और हत्या का मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया है।

## साढ़ थाना प्रभारी ने बुजुर्ग को कराए दर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

साढ़-विकाशखण्ड भीतरगांव के कर्चुलीपुर गाँव किनारे स्थित बाबा भोले नाथ के मंदिर में भक्तों का लगा तांता, सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम। ये बाबा भोलेनाथ का मंदिर बहुत ही प्रसिद्ध मंदिर है लोगो की मान्यता है कि इस मंदिर में आने से हर भक्त की मन की मुराद पूरी होती है। मुराद पूरी होने बाद लोगो के द्वारा ली गई मान्यता को श्रद्धा पूर्वक पूरा किया जाता है शिवरात्री के दिन मंदिर प्रांगड़ में आधी रात से ही भक्तों की कतारें लगनी सुरु हो जाती है जिसमे प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाते है। प्रशासन द्वारा सभी बूढे बुजुर्ग लोगो को सकुशल भगवान भोलेनाथ के दर्शन कराए है।

### महाशिवरात्रि मे भजन कीर्तन के साथ भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बीते दिन शुक्रवार को देश भर मे महाशिवरात्रि का पावन पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। शिवभक्तों अपने अपने घरों मे बने मंदिर और बाहर बने मंदिरों को भी सजाया। कई जगह तो भक्तों ने शिव जी की बारात भी निकाली जिसमे सभी उत्साहित भक्त झूम झूम कर नाचे और जगह जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया। ऐसे मे ही एक झलक कानपुर मे भी देखने को मिली जहां सुबह से ही शिवालयों मे बड़ी संख्या मे भक्त देवों के देव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए पहुंच रहे थे इसी कड़ी मे कानपुर के निराला नगर मे स्थित शिव मंदिर मे साहू परिवार सेवा समिति के तत्वाधान मे बाबा का बड़ा ही सुंदर विशाल दरबार बनाकर भजन कीर्तन कराया गया और व्रत करने वाले भक्तों के लिए फलाहार भंडारे का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या मे भक्त फलाहार करते हुए नजर आए वही इस दौरान कार्यक्रम मे मुख्य रूप से साहू सेवा समिति के सभी सदस्य और पदाधिकारी रमेश साहू, दिनेश साहू, राजू, रामू, श्यामू और अन्य लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम मे आए सभी पत्रकार साथियों का सम्मान भी किया गया।



# महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- बेलपत्र, जौ, भांग, धतूरा, बेर से हुआ जलाभिषेक
- भक्तों की भीड़ को देखते हुए प्रशासन रहा अलर्ट
- डीएम, एसपी, एडीएम, ए एसपी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | अमेठी



शुक्रवार को पूरे जनपद में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जिले के विभिन्न शिवालयों में शिव के दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े। हर ओर **हर-हर महादेव** और **बोल बम** के जयकारे सुबह से शाम तक गूंजते रहे। किसी ने दूध से तो किसी ने गंगाजल से शिवलिंगों का अभिषेक किया। महाशिवरात्रि अर्थात शक्ति और शिव के मिलन की रात क्षेत्र के शिवालयों में शिव के दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े। हर ओर **हर-हर महादेव** और **बोल बम** के जयकारे सुबह से शाम तक गूंजते रहे। किसी ने दूध से तो किसी ने गंगाजल से शिवलिंगों का अभिषेक किया।शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतार देखी गई। हरिद्वार से गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने शिवलिंगों का जलाभिषेक किया। व्रती महिलाओं ने दूध, फूल, धतूरा और बेलपत्र चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

गौरीगंज अमेठी राजमार्ग से लगा हुआ ताला भीटा पर स्थित प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर मुकुटनाथ धाम व आसपास के शिव मंदिरो में सुबह से ही भक्तों का तांता देखा गया।जिला मुख्यालय गौरीगंज से लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर मुकुटनाथ धाम एक प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर है। जहां पर महाशिवरात्रि को मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। कहा जाता है कि पांडवों ने वनवास के दौरान यहां पर पूजा अर्चना कर अपना मुकुट चढ़ाया था। इसीलिए यह ऐतिहासिक मंदिर मुकुटनाथ धाम के नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोगों को कहना है, कि यह भर राजाओं का किला था। खुदाई के दौरान यहां पर शिवलिंग दिखाई पड़ा। और स्थानीय लोगों ने पूजा अर्चना कर मंदिर बनवाया। इस मुकुटनाथ धाम मंदिर में विराजमान शिवलिंग रामेश्वर मंदिर के शिवलिंग जैसा लगता है।मान्यता है कि यहां भक्तों की मुरादे पूरी होती हैं।भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए इन प्रसिद्ध मंदिरों में रूद्राभिषेक का आयोजन भी किया गया। **बोल बम** के नारों से गुंजायमान रहे। जगह जगह स्टाल लगाकर भंडारे का आयोजन चलता रहा। पूजन अभिषेक के साथ भजन आरती प्रसाद वितरण एवं भंडारा सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए।

# जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक की।समीक्षा बैठक में डीएम स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश के साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा। और शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने का निर्देश दिया।बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने तथा संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा किया।स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं, कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने को कहा।

उन्होंने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने का निर्देश दिया।और कहा कि सभी सीएससी, पीएससी व जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता मरीजों के बैठने के लिए कुर्सी शौचालय, पीने हेतु पानी, सफाई, बिजली व पंखा आदि सभी मूलभूत व्यवस्थाएं दुरुस्त हों।बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह सीएमएस डा.बीपी अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा: कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ ज्ञान यज्ञ

जन एक्सप्रेस | बाजार शुक्ल अमेठी

- कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर निकाली गई विशाल कलश यात्रा शामिल महिला पुरुष श्रद्धालु पूरे शुक्लन गांव में कथा यज्ञ का हो रहा आयोजन



ग्राम सभा मवैया रहमतगढ़ के पूरे शुक्लन गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महा शिवरात्रि के अवसर पर 51 कन्याओं और 5 पुरुष व महिलाओं के द्वारा कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। पूरे शुक्लन गांव में आठ मार्च से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलशयात्रा एवं विशाल शोभायात्रा के साथ किया गया। कलश यात्रा कथा स्थल पूरे शुक्लन गांव से आरंभ होकर अंबेडकर चौराहा मेन मार्केट कटरा तिराहे होते हुए पावन तट गोमती रेछ घाट तट से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरकर गांव का भ्रमण कर पुनः यज्ञ स्थल पहुंची। यात्रा में महिला पुरुष श्रद्धालुओं ने पीले वस्त्र धारण किए। कलशयात्रा के साथ साथ विशाल शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। मंगल कलशयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमद्भागवत महापुराण के पूजन के पश्चात वेदमंत्रों के उच्चारण के साथ इस कथा के प्रथम दिन का शुभारंभ किया गया। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के प्रवाचक माताफेर निर्मोही जी महाराज सुल्तानपुरी के अगुवाई में प्रथम दिन श्रीमद्भागवत कथा का महात्म्य बताते हुए कहा कि वेदों का सार युगों-युगों से मानव जाति तक पहुंचता रहा है। 'भागवत महापुराण' यह उसी सनातन ज्ञान की पयस्विनी है जो वेदों से प्रवाहित होती चली आ रही है। इसीलिए भागवत महापुराण को वेदों का सार कहा गया है। कलश पद यात्रा मे अरुण शुक्ला रामनारायण शुक्ला राकेश शुक्ला अवधेश शुक्ला त्रिभुवन यादव अभिषेक शुक्ला विधायक आयुष अश्विनी विनीत गोलू सहित समस्त ग्रामीण व क्षेत्रीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

## दो लोगों को अज्ञात टेलर ने रौंदा, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** कैटरर्स कार्य करके लौट रहे दो लोगों को अज्ञात टेलर ने रौंद दिया। इसमें एक युवक की मौत हो गई है। जबकि दूसरा घायल है जिसे गंभीर हालत में अंबेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना दोस्तपुर थानाक्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार अंबेडकर नगर के जमालापुर निवासी राम तीरथ (55) पुत्र रामफेर दोस्तपुर थानाक्षेत्र के बेथरा निवासी संतोष कुमार (30) पुत्र रामदुलार के साथ बीती रात एक कार्यक्रम से कैटरर्स का कार्य करके बिरसिंहपुर से बाइक से वापस बेथरा लौट रहे थे। दोनों दोस्तपुर थाना क्षेत्र के वंशराजी इंटर कॉलेज गोसैसिंगपुर के पास पहुंचे थे कि अज्ञात टेलर ने बाइक में टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों लोग सड़क पर जा गिरे। हेलमेट नहीं पहने होने के कारण दोनों को सिर में गंभीर चोटे आई और लहूलुहान हो गए। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो घटना की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची दोस्तपुर पुलिस दोनों को लेकर दोस्तपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आई। जहां डॉक्टर ने संतोष को मृत घोषित कर दिया।

# धूमधाम से मना महाशिवरात्रि का पर्व मंदिरों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर



महाशिवरात्रि पर सुल्तानपुर में सुप्रसिद्ध धाम पर श्रद्धालुओं का दिनभर जनसैलाब उमड़ा रहा। श्रद्धालुओं ने माथे टेककर जलाभिषेक करते हुए मन्नतें मांगी। जिला प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से धाम व मंदिरों पर पर्याप्त पुलिस बल लगा रखा था। प्रशासनिक व पुलिस के अधिकारी भी दिन भर मॉनिटरिंग करते रहे।

लंभुआ तहसील क्षेत्र के सैतापुर सराय गांव स्थित सुप्रसिद्ध बाबा जनवारीनाथ धाम पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोर तकरीबन 3 बजे से ही भक्त कतारबद्ध होकर हजारों की संख्या में जलाभिषेक कर विधि-विधान से दर्शन एवं पूजा-अर्चन करते रहे। लोगों का कहना है कि इस धाम की यह मान्यता है कि इस धाम पर जल चढ़ाने एवं पूजा-अर्चन से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यहां सावन मास में भगवान शिव की भक्तों पर कृपा बरसती है। महाशिवरात्रि को यहां कई जिलों के श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए आते हैं। यह प्रसिद्ध धाम तहसील मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर गरएं मार्ग पर स्थित है। यहां टैक्सी, ऑटो रिक्शा व निजी साधनों से आसानी से पहुंचा जा सकता है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखंड देव मिश्र एवं उप निरीक्षक मलखान सिंह, कांस्टेबल प्रवीण कुमार यादव दीपक नायक नामित कुमार मनीष कुमार दीवान शिवानंद राय, गौरव बाजपेई, रंजीत कुमार मय बल के साथ मौजूद रहे।

उधर चांदा कोतवाली अंतर्गत शाहपुर जंगल के समीप गोमती नदी के तट पर स्थित गौरीशंकर शिव धाम में भी भोर से ही शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ रहा। गौरीशंकर शिव धाम में हजारों की संख्या में भक्त जलाभिषेक के साथ पूजा-अर्चना करते रहे। धाम पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का प्रबंध किया गया है।

सुरक्षा व्यवस्था के दौरान तैनात सीओ अब्दुस सलाम खान, चांदा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। वही धम्मौर के महेशनाथ धाम, हयातनगर के शिव मंदिर, गौरीशंकर मंदिर शाहपुर देवाढ़ और नगर के रामलीला मैदान में शिव भक्तों का जन सैलाब उमड़ा रहा।

## 23वां श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आज

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 23वा श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव श्याम सत्संग मंडल सुल्तानपुर के तत्वाधान में आज दिन शनिवार को सायं 5:00 बजे से दुल्हन मैरिज लॉन, दरियापुर पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इस वर्ष भजनों की प्रस्तुति के लिए इंदौर (मध्य प्रदेश) से गौरी शरण तथा सावन नागदा नीमच (मध्य प्रदेश) से पधार रहे हैं। इनको संगीत देने के लिए कानपुर से म्यूजिशियन आ रहे हैं। झांकियो की प्रस्तुति चिराग ग्रुप, दिल्ली के कलाकारों द्वारा होगी। इस वर्ष दरबार को' बहुत ही विशाल एवं भव्य रूप दिया जा रहा है तथा प्रभु का श्रृंगार कोलकाता से मंगाए हुए विशेष फूलों से होगा। आयोजन मंडल ने बताया कि महोत्सव में हर वर्ष कुछ नया आकर्षण देने की कोशिश रहती है इसी क्रम में अयोध्या धाम के रामलला का सजीव चित्रण झांकी के माध्यम से किया जाएगा तथा खाटू में मेले के नजारे के चित्र के सामने राजस्थानी पगड़िया तथा ध्वजाये उपलब्ध होगी जिसे लोग पहन कर अपने चित्र ले सकेंगे।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, नीचे दबकर युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** अखंडनगर थाना अंतर्गत उमरी गांव में महा शिवरात्रि के त्योहार को लेकर खुशी मनाई जा रही थी। लोग पूजा अर्चन करके भगवान शिव से मनोकामनाएं मान रहे थे। उसी समय दु:खद सूचना सुनकर गांव में मातम पसर गया। यहां ट्रैक्टर के नीचे आकर एक युवक की मौत हो गई। वही वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार अखंडनगर थाना क्षेत्र के उमरी गांव निवासी विजय प्रताप सिंह उर्फ डब्लू (45वर्ष) पुत्र श्रीपाल सिंह ट्रैक्टर लेकर खेत की ओर गया था। दोपहर बाद वो खेत का काम करके ट्रैक्टर लेकर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वो गांव में सड़क किनारे सूखे पड़े तालाब के पास पहुंचा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रैक्टर के पलटने से चालक विजय प्रताप सिंह ट्रैक्टर के नीचे दब गया और उसे गंभीर चोटे आई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और डायल 112 को सूचना दिया।

# स्वयं को अनुशासित रखना बेहतरीन कलाओं में से एक है: डॉ हीरालाल यादव

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर




राणा प्रताप पी जी कॉलेज सुल्तानपुर के रक्षा अध्ययन विभाग में' विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व एवं उपादेयता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिवानी तिवारी, विकास कश्यप, तलत परवीन, गरिमा सिंह ने विद्यार्थी जीवन मे अनुशासन विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। विभागध्यक्ष डॉ हीरालाल यादव ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि अगर किसी विद्यार्थी या बच्चे को अनुशासन के बारे में सिखाया जाए, तो उसे अपने जीवन की समस्याओं को हल करने में ज्यादा परेशानी नहीं होगी। अनुशासन के बिना विद्यार्थी जीवन की कल्पना करना काफी कठिन है। अगर बच्चा अनुशासन में रहेगा तो ही एक सफल जीवन की ओर अग्रसर होगा और बुरी संगति से हमेशा बचकर रहेगा। वास्तव में अनुशासन ही विद्यार्थियों के जीवन में सबसे ज्यादा अहम भूमिका निभाता है। जीवन में अनुशासन का महत्व उतना ही महत्वपूर्ण है, जिस प्रकार से चाय में चीनी का होना जरूरी होता है। बिना अनुशासन के मनुष्य पशु के समान हो जाता है। अनुशासन मनुष्य के जीवन का अभिन्न अंग है। अनुशासन ही वह महत्वपूर्ण चारित्रिक विशेषता है, जो मनुष्य को पशुओं से अलग करती है। स्वयं को अनुशासित रखना बेहतरीन कलाओं में से एक है।

अगर विद्यार्थी अपने जीवन में अनुशासन अपना लें तो वह अवश्य ही अपनी पढ़ाई को अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे और अच्छी तरह से शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे।

## हाईकोर्ट ने भाजपा विधायक को दी क्लीन चिट, कमला देवी के खिलाफ चलेगा ट्रायल

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** फैजाबाद कचहरी बम ब्लास्ट मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक विनोद सिंह को क्लीन चिट दे दी है। स्पेशल जज ईसी एक्ट न्यायालय की तरफसे 319 के प्रार्थना पत्र पर 18 नवंबर 2021 को पूर्व मंत्री विनोद सिंह और पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला देवी को तलब किया गया था। पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू के प्रार्थना पत्र पर स्पेशल कोर्ट ने तलबी आदेश जारी किया था। पूरा प्रकरण 2014 में फैजाबाद कचहरी में हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू के ऊपर बम ब्लास्ट से जुड़ा हुआ है। मामले में भाजपा विधायक विनोद सिंह की तरफसे हाईकोर्ट में रिवीजन याचिका दायर की गई थी। जिस पर उन्हें? पूर्व में स्टे प्रदान किया गया था। इस मामले की गुरुवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की लखनऊ की एकल बेंच पीठ में पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक विनोद सिंह की बम ब्लास्ट में संलिप्तता के लिए साक्ष्य को अपर्याप्त माना है।

# सामाजिक सेवा संघ ने 394 जरूरतमन्दों को मुफ्त भोजन बांटा

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



जिले की अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ केव तत्वाधान में निःशुल्क रसोई का संचालन वर्षों से किया जा रहा है। साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत मरीजो, तीमारदारों, यात्रियों तथा जरूरतमन्दों को निःशुल्क भोजन वितरण कार्य सम्पन्न। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में जरूरतमन्दों की निःशुल्क और निःस्वार्थ भाव से सेवा का कार्य अनवरत जारी है। संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने बताया कि संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा गरमा गरम भोजन की मेन्यू में अरहर की दाल सब्जी रोटी चावल शामिल किया गया था। बृहस्पतिवार की देर शाम को स्वाशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय/जिला महिला अस्पताल के मरीजो और उनकी देखरेख कर रहे है तीमारदारों परिजनों को जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ आर के यादव ने मुफ्त खाने की थाली देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि दूर दराज से इलाज कराने आये पेशेंट और उनके तीमारदारों के लिए शुद्ध पौष्टिक गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना बहुत ही सराहनीय कार्य है गरीबो असहायों के लिए फायदेमंद है। उधर रेलवे स्टेशन मुख्य गेट के सामने सद्भावना ट्रेन इंचार्ज मुख्य टिकट निरीक्षक राम चेत ने निःशुल्क भोजन की थाली जरूरतमन्दों को वितरित किया।

# धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व, शिव मंदिरों पर उमड़ा भक्तों का सैलाब

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर जनपद के सभी शिव मंदिरों पर शिव भक्तों का सैलाब देखने को मिला। गंगाजल, फूल, पूजन सामग्री आदि से शिव भक्तों का तांता सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही देखने को मिला। शहर के चंदापुर कोठी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में लम्बी-लम्बी कतारें नजर आयी। इस मंदिर के बारे में भक्तों का कहना है कि यहां लगातार 40 दिनों तक भगवान भोलेनाथ को गंगाजल, बेलपत्र और दूध अर्पित करने से भगवान भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामना पूरी करते हैं। इसी आस्था और विश्वास के चलते दूर-दूर से लोग यहां दर्शन करने के लिए आते हैं। शिव की भक्ति में डूबे पूरे शिव भक्तों ने आज धूमधाम से शिव बारात निकाली जो शहर के प्रमुख चैराहों से होते हुए गुजरा। रास्ते में जगह-जगह प्रसाद व शर्बत का इंतेजाम किया गया था। तो वहीं शहर के पहलवान वीर बाबा मंदिर कमेटी द्वारा कन्या पूजन व कन्या भोज का आयोजन किया गया। समाजसेवी, संरक्षक शैलेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि लगातार 20 वर्षो से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शिव बारात के पूरे नगर भ्रमण के बाद शाम को भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जिला प्रशासन ने भक्तों की सुविधा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए और अराजकतत्वों पर कड़ी निगरानी रखी गयी।

## प्रदेश सचिव मनोनीत होने पर राहुल निर्मल बागी व अखिलेश माही का हुआ भव्य स्वागत

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** वरिष्ठ सपा नेता एवं प्रख्यात चिकित्सक डा0 एस.यू. खान के आवास पर समाजवादी लोहियावाहिनी के प्रदेश सचिव राहुल निर्मल बागी एवं मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अखिलेश माही को नामित करने पर एक सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व जिला उपाध्यक्ष, पूर्व जिला महासचिव रामसेवक वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें नवनियुक्त दोनों पदाधिकारियों राहुल निर्मल बागी व अखिलेश माही को उपस्थित पार्टी के वरिष्ठजन राजेश चन्द्रा, रज्जू खान, चन्द्रराज पटेल, राजेन्द्र प्रताप, जवाहर लाल, मो0 साहिल, रामे यादव, राजेश यदवंशी, चन्द्रप्रकाश आजादी, के.डी. यादव, भूपेन्द्र यादव, अविनीत चैधरी, दिलीप वर्मा, बबलू यादव, हर्षित कुमार, अमन यादव, गोलू यादव, अमित यादव, आजाद सिंह, अमरेन्द्र यादव, रिषभ सेन, महेश ओझा रितेश यादव आदि लोगों ने माला पहनाकर नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रान्तीय एवं राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गयी है।

# महिला दिवस पर विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान देने वाली 51 महिलाओं को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वाली 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। माधव सेवा संस्थान के तत्वाधान मे हुए कार्यक्रम का उदघाटन संस्था के संरक्षक एवं एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद श्रीवास्तव, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनीष चौहान, समाजसेवी शैलेन्द्र अग्निहोत्री, राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का उदघाटन करने के उपरांत अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार ने नारी शक्ति वन्दन अधिनियम लागू कर के महिलाओं का मान बढ़ाया है, जो अत्यंत सराहनीय है, उन्होंने संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि जनपद की योग्य और हुनरमंद महिलाओं तथा बच्चों को प्रदेश स्तर पर बेहतर अवसर प्रदान किए जाएँगे। संस्था की अध्यक्ष प्रियंका अवस्थी ने आई हुई महिलाओं और विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण जहां लिंगानुपात में सुधार हुआ है, वहीं जब से तीन तलाक के खिलाफ कनून आया है तब से 80 प्रतिशत तलाक के मामलों मे कमी आई है, जो महिलाओं के लिए सार्थक और सफल संकेत है। कार्यक्रम में पंकज द्विवेदी, नीति अग्निहोत्री, व्यापार मंडल के अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा, डॉ. संतलाल, महेन्द्र अग्रवाल, स्मृति सिंह, आशा श्रीवास्तव, डॉ. रवि प्रताप सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। संचालन आलोक श्रीवास्तव द्वारा किया गया। चिकित्सा, शिक्षा, व्यापार, निःशुल्क कानूनी सेवा, बेजुबान जीवों के लिए समर्पण, पत्रकारिता तथा समाज सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफल रहीं महिलाओं में प्रिया पांडेय, क्षमता मिश्रा, निधि मित्रा, प्रिया मिश्रा, नीलम यादव, सीमा श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता, फातिमा सुल्ताना, आकांक्षा सिंह, खुशी सिंह, अर्चना कौशल, कंचन सारंगी, निधि राजपूत, सदफ खान, प्रियंका श्रीवास्तव, भावलीन चावला सहित 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ऊषा किरन सिंह, स्मृति शुक्ला का सहयोग सराहनीय रहा।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष समारोह

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** *यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवता:* को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास संस्थान रायबरेली जो कि भारत की तेल और गैस क्षेत्र की 8 प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों की निगमित सामाजिक दायित्व निधि द्वारा संचालित देश के छः प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक है, में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष समारोह आयोजित किया। इस समारोह में समाज के प्रमुख व्यक्तित्वों ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी भूमिका के महत्व को बढ़ावा देने के लिए अपने विचार और अनुभव साझा किए। समारोह में महिला शिक्षा, स्त्री सुरक्षा, और समाज में महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की गई। इस अवसर से महिलाओं को प्रेरित किया गया और समाज को भी महिलाओं के साथ समानिता की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। जिसमें कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथियों के तौर पर रायबरेली की वरिष्ठ कोषाधिकारी श्रीमती डॉ0 भावना श्रीवास्तव, राजकीय महिला आईटीआई रायबरेली की प्रधानाचार्या और जिला समन्वयक कौशल विकास, नेहा और अमेठी जिले में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ अनुश्री ने संस्थान के छात्र-छात्राओं को संबोधित किया।

# खेती की लागत कम करने में बिजली का महत्वपूर्ण योगदान: ए.के. शर्मा

* विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बनेगा नंबर वन
* अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों की स्थापना से मिलेगी सस्ती बिजली

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



किसानों की खेती की लागत को कम करने और उनकी आय को दोगुना करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा प्रदेश की विद्युत उत्पान क्षमता को बढ़ाने में निरंतर प्रयासरत हैं। हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों को सिंचाई के लिये मुफ्त बिजली उपलब्ध कराये जाने के उपलक्ष्य में आयोजित संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम के स्वागत उद्बोधन में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में प्रधानमंत्री द्वारा किसानों की खेती की लागत को कम करना और उनकी आय को दोगुना करने के संकल्प को पूरा किया जा रहा है। खेती की लागत को कम करने में बिजली का बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। किसानों को निर्वाध विद्युत आपूर्ति देने के लिए विद्युत की ढांचागत व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। किसानों के 5,001 कृषि फीडरों को पर्याप्त बिजली मिले इसलिए उन्हें अलग किया जा रहा।ऊर्जा मंत्री ने संकल्प की सिद्धि कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार ने चुनाव में किसानों को मुफ्त बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा किया है। अब 01 अप्रैल, 2023 से किसानों के निजी नलकूप के बिजली बिलों को माफ कर दिया गया है। इसके पहले के बिलों के अधिभार में छूट की योजना भी लायी जायेगी। बिजली की व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के बाद यह व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही किसानों को इसका लाभ मिले इसके लिए रोडमैप बनाया जायेगा। 2017 से पहले प्रदेश के लाखों मजरों में बिजली नहीं थी। प्रदेश सरकार ने 1.21 लाख मजरों का विद्युतीकरण कराया। पहले 13 लाख निजी नलकूप के कनेक्शन थे, पिछले 02 वर्षों में 1.25 लाख निजी नलकूप कनेक्शन किसानों को दिये गये। प्रदेश में 3.25 करोड़ से अधिक विद्युत कनेक्शन हैं। विगत 02 वर्षों में 32.50 लाख कनेक्शन दिये गये। 5,20,400 अतिभारित ट्रांसफार्मर को हटाकर नये ट्रांसफार्मर लगाये गये। 75,000 किलोमीटर जर्जर तार को बदल कर एबी केबल लगायी गयी। 14.25 लाख से ज्यादा बिजली के पोल बदले गये। 33/11केवी के 35 उपकेन्द्रों की क्षमता वृद्धि की गई तथा 205 बड़े पावर ट्रांसफार्मर को भी बदला गया। केन्द्र की आरडीएसएस योजना के तहत 17,000 करोड़ रुपये से विद्युत सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। 5,000 करोड़ रूपये से विजनेस प्लान के तहत कार्य हो रहा। 1000 करोड़ रुपये से छोटे निकायों की बिजली को दुरूस्त किया जा रहा है। प्रदेश सरकार बिजली उत्पादन को दोगुना करने के प्रयास में है। एनटीपीसी के सहयोग से ग्लोबल इन्वेस्टर समिति के दौरान 800 गुणा 2 मेगावॉट के 02 प्लाण्ट अनपरा में तथा 800 गुणा 2 मेगावॉट क्षमता के दो प्लाण्ट ओबरा में लगाने के लिए मंत्रिमण्डल ने मंजूरी दे दी है। लोकार्पण के लिए 1,320 मेगावॉट क्षमता के 660 गुणा 2 के दो प्लाण्ट बनकर तैयार हैं। वहीं इस वर्ष हाल ही में ओबरा और जवाहरपुर में एक-एक 2 गुणा 660 यानि 1320 मेगावाट के संयंत्रों का पूर्ण वाणिज्यिक संचालन भी शुरू हो गया है। एनटीपीसी के साथ साझेदारी में एक और 3 गुणा8 00 यानि 2400 मेगावाट संयंत्र स्थापित करने की तैयारी में हैं। इसके अलावा एनटीपीसी सिंगरौली में अपना 2 गुना 800 यानि 1600 मेगावाट का बिजली संयंत्र स्थापित कर रहा है, जिसकी नींव प्रधानमंत्री ज द्वारा हाल ही में रखी गई। प्रधानमंत्री ने अभी तेलांगाना में 200 मेगावॉट के सौर ऊर्जा प्लाण्ट का लोकार्पण तथा 1800 मेंगावॉट क्षमता के सोलर प्लाण्ट का शिलान्यास भी किया है।उर्जा मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की साझेदारी के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8,624 करोड़ रुपए है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से जल्द ही उत्तर प्रदेश विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर स्थापित होगा। साथ ही प्रदेश सरकार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी व्यापक कार्य कर रही है।

## निगोड़े नाथ मंदिर से निकली शिव बारात, शिव भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

* शिव बारात में शामिल हुए विधायक योगेश शुक्ला, बारातियों पर की पुष्प वर्षा
* इटौंजा पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था, गुड़दंगियो पर रही पुलिस की नजर

**जन एक्सप्रेस । इटौंजा, लखनऊ**



लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब क्षेत्र के इटौंजा में निगोड़े नाथ शिव मंदिर से शुक्रवार सुबह 11 बजे शिव बारात निकाली गई। बता दें कि निगोड़ी नाथ मंदिर के पुजारी संतोष मुनि महाराज ने शिव की विधि विधान से पूजा अर्चना कर बारात निकाली। शिव बारात निगोड़े नाथ मंदिर से चलकर पांडेय टोला होते हुए रत्नेश्वर महादेव मंदिर बाजार के पास पहुंची जहां रत्नेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर बारात अशोक रोड मार्ग पर पहुंच गई जहां से स्टेशन रोड स्थित वीरेश्वर महादेव शिव मंदिर पर पहुंचकर बारातियों ने वीरेश्वर महादेव मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण करते हुए मजाकर नाचते गाते नजर आयें। वहीं वीरेश्वर में महादेव चमन पांडेय ,शिवम बाजपेई, नवनीत अवस्थी अन्य भक्तगणों ने वीरेश्वर महादेव मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजवाया और विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें इटौंजा नगरवासी व क्षेत्र के गांवों के लोगों ने शिव प्रसाद ग्रहण किया। वहीं शिव बारात में इटौंजा नगर वासी, व्यापारी, दुकानदार, महिलाएं, बच्चें सहित सैकड़ों की तादाद में लोग शामिल हुए। वहीं शिव बारात वीरेश्वर महादेव मंदिर से स्टेशन रोड होते हुए इटौंजा मार्केट होते हुए निगोड़े नाथ शिव मंदिर पहुंचीं जहां पर भक्तों ने शिव की पूजा आराधना कर प्रसाद वितरण किया। वहीं इटौंजा की माल रोड स्थित लखरैन माता धाम पर भक्तों ने प्रसाद चढ़ाकर पूजा अर्चना की और मां लखरैन, शिव शंकर, हनुमान जी की पूजा व दर्शन कर पावन पर्व महाशिवरात्रि को धूमधाम से मनाया गया। इस शिव बारात में पुलिस चारों तरफ मुस्तैद नजर आईं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव अपनी पूरी टीम के साथ बारात में सुरक्षा व्यवस्था पर पूरी नजर बनाए रखी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### शिक्षक भर्ती मामले में डिप्टी सीएम के आवास का घेराव

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** 69 हजार शिक्षक भर्ती के अंतर्गत चयनित 6800 आरक्षित वर्ग के शिक्षक अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद के आवास का घेराव किया और नारेबाजी की। केशव प्रसाद के आवास के सामने भारी पुलिस बल तैनात है।प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का कहना है की बेसिक शिक्षा विभाग और




प्रशासन के लोग वादाखिलाफी कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अभ्यर्थियों की मुलाकात मुख्यमंत्री से कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक उनकी मुलाक़ात नहीं हो पायी। नाराज अभ्यर्थी एक बार फिर केशव प्रसाद के आवास पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। भारी संख्या में तैनात पुलिस बल ने सभी अभ्यर्थियों को जबरदस्ती बस में बैठकर इको गार्डन धरना स्थल ले जाकर छोड़ दिया।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल के मुताबिक लखनऊ हाईकोर्ट के डबल बेंच में 69 हजार शिक्षक भर्ती संबंधित मामले की सुनवाई चल रही है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री संदीप सिंह और विभाग के अधिकारी ने हम अभ्यर्थियों से मीटिंग में जो वादे किए थे, उसके मुताबिक सरकार के वकील कोर्ट में पक्ष नहीं रख रहे हैं बल्कि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का विरोध कर रहे हैं। यह अभ्यर्थी चाहते हैं कि उनकी मुलाकात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करायी जाए।अमरेंद्र पटेल ने बताया की मुख्यमंत्री के ही आदेश से हुई जाँच के बाद 6800 आरक्षित वर्ग की चयन सूची आई थी। अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि उनकी मुलाक़ात मुख्यमंत्री से होने पर पूरे मामले का सही निस्तारण हो जायेगा।

### फूड एंड सिविल सप्लाई इंस्पेक्टर्स ऑफिसर्स एसोसिएशन का अधिवेशन 10 मार्च को

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** यूपी फूड एंड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर्स ऑफिसर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन,चुनाव 10 मार्च को लखनऊ के विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित हो रहा है। संयुक्त परिषद की महामंत्री अरुणा शुक्ला ने एक प्रेस विज्ञप्ति में अवगत कराया है कि यूपी फूड एंड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर्स ऑफिसर्स एसोसियेशन ने निष्पक्ष चुनाव कराए जाने के लिए राज्य कर्मचारीसंयुक्त परिषद से पर्यवेक्षक नियुक्त करने का अनुरोध किया है। एसोसिएशन के अनुरोध पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण दुबे को यूपी फूड एंड सिविल सप्लाईज इंस्पेक्टर्स ऑफिसर्स एसोसिएशन के अधिवेशन एवं चुनाव के लिए संयुक्त परिषद की तरफ से पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### अप्रैल 2023 के पहले के बकाया बिजली के बिल पर ओटीएस लागू

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जिन किसानों का 1 अप्रैल 2023 से पहले का बकाया है उसके लिए भी एक मुश्त समाधान योजना लागू कर दी गई है। इसके तहत 30 जून तक रजिस्ट्रेशन करना होगा जिसमे 30 प्रतिशत मूलधन जमा करना होगा। उसके पश्चात एक मुश्त धनराशि जमा करने पर 100 प्रतिशत ब्याज में छूट, 3 किश्तों में जमा करने पर 90 प्रतिशत छूट और 6 किस्तों में जमा करने पर 80 प्रतिशत ब्याज में छूट मिलेगी।जो किसान 30 जून तक उक्त योजना में रजिस्ट्रेशन कराकर पूर्व का बिल जमा नहीं करेंगे उनको फ्री निर्धारित यूनिट 1300/1045 क्षेत्रानुसार का लाभ नहीं मिलेगा।

### मीडिया पैनलिस्ट संजीव मिश्रा के निधन पर भाजपा में शोक

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा नेता, प्रखरवक्ता प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट संजीव मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, विजय बहादुर पाठक, कान्ताकर्दम, संतोष सिंह, सलिल विश्नोई, सत्यपाल सिंह सैनी, नीलम सोनकर, कमलावती सिंह, बृज बहादुर, सुनीता दयाल, प्रदेश सहमुख्यालय प्रभारी चौधरी लक्ष्मण सिंह, अतुल अवस्थी ने भी प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट संजीव मिश्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### बस स्टेशन पाली प्रभारी ने लौटाया यात्री का खोया मोबाइल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** यात्रा के दौरान खोए मोबाइल को कैसरबाग बस स्टेशन के पाली प्रभारी के यात्री के सुपुर्द किया। इरफान पुत्र एहसान उल हक ग्राम मुस्तफाबाद जरवल कस्बा बहराइच का मोबाइल बस स्टेशन कैसरबाग पर खो गया था। जिसे पाली प्रभारी रामानंद सोनकर द्वारा शुक्रवार को बस स्टेशन कैसरबाग पर प्राप्त कराया गया। खोया मोबाइल पुनः मिलने के बाद इरफान ने पाली प्रभारी रामानंद सोनकर सहित उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए खुशी जाहिर की।

## मुस्लिम धर्मगुरुओं की अगुवाई में अल्पसंख्यक करेंगे राजनाथ का समर्थन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

* खुशी का इजहार करने के लिए आज होगा समारोह

राजनाथ सिंह की प्रेरणा से मिशन अम्बर फाउन्डेशन के तहत लखनऊ के 40000 जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाने के लिए लखनऊ की अल्पसंख्यक जनता की तरफ से लखनऊ से उनके 2024 लोक सभा चुनाव में पुनः उम्मीदवार घोषित किए जाने पर खुशी का इज़हार एवं धन्यवाद समारोह रखा गया है जिसमें अपने सांसद का प्रेमपूर्ण धन्यवाद करने और उनको फिर से प्रत्याक्षी बनाने पर जनता अपनी खुशी का इज़हार करेगी और उनके आगामी चुनाव के लिए अपना समर्थन देगी।कल 9 मार्च को लखनऊ के घंटाघर मैदान हुसैनाबाद में दोपहर एक बजे से समारोह प्रारंभ होगा।समारोह में अम्बर फाउन्डेशन चेयरमैन वफा अब्बास के अतिरिक्त सुन्नी व शिया समुदाय के अनेक धर्मगुरूओं और उलेमा ने अब तक अपनी उपस्थिति की सहमति दे दी है। सुन्नी समुदाय से मौलाना फैजान अतीक़ फिरंगीमहली मैनेजर जामिया बहरूल उलूम फिरंगीमहल, शरीफुल हसन मैनेजर मदरसा वारसिया गोमती नगर, क़ारी शम्स तबरेज़ प्रिंसिपल शेखुल आलम साबरिया चिश्तिया अबरार नगर, क़ारी सलाहुददीन मैनेजर जामिया दारूल मसूद इंद्रानगर, मौलाना बदरूद्दीन प्रिंसिपल मदरसा निज़ामिया मलहौर, क़ारी मौहम्मद शमी प्रिंसिपल मदरसा गौसिया तालीमुल कुरान निशातगंज, क़ारी मौहम्मद सिददीकी क़ादरी ओ खतीब रज़ाए हक़ मस्जिद अबरार नगर एवं शिया समुदाय से मौलाना सैयद रज़ा हुसैन, मौलाना मज़हर इमाम, मौलाना सैयद रज़ा काजिम तक़वी प्रिंसिपल सैयदुल मदारिस अमरोहा, मिरजा शाहिद अलहुसैनी प्रोफैसर फारसी अलमुस्तफा ओपन यूनिवर्सिटी ईरान, मौलाना एस अली महशर नक़वी, मौलाना सैयद तफसीर हसन रिज़वी, मौलाना सैयद हसन अब्बास आबिदी नजफी मुक़ीमे हाल नजफ ए अशरफ ईराक, मौलाना सैयद जिब्रील इजतेहादी, मौलाना सैयद नकी मेहदी, मौलाना सैयद शबाहत हुसैन, मौलाना इमदाद इमाम, मौलाना सैयद फीरोज अब्बास नकवी उल्लेखनीय हैं। इसके अतिरिक्त श्रीमति नसीम बानो चिकनाकरी के लिए पद्मश्री, डाक्टर अब्बास रजा नैय्यर जलालपुरी लखनऊ युनिवर्सिटी और श्रीमति शाज़िया हसन भी जनता से संबोधन करेंगे।इस मौक़े पर वफा अब्बास चेयरमैन अम्बर फाउन्डेशन ने बताया कि राजनाथ सिंह की प्रेरणा और समर्थन से हम अब तक विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ करीब 40000 जरूरतमंद परिवारों तक पहुंच सके हैं। अधिकतर अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित ये तमाम परिवार आभारी हैं कि माननीय राजनाथ सिंह को फिर से लखनऊ से प्रत्याक्षी बनाया गया है और अपनी खुशी का इज़हार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ये पब्लिक का प्रोग्राम है और मैं तो मात्र संयोजक की भूमिका में हूँ।

## 24 घण्टे कार्यकर्ताओं व जनता के लिए खुले रहेंगे मेरे दरवाजे: अनिल




* नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार का रालोद कार्यालय में स्वागत और अभिनन्दन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार का शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल मुख्यालय पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। अनिल कुमार अपराह्न 3 बजे प्रदेश मुख्यालय पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ा के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने सबसे पहले भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।प्रदेश मुख्यालय स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे एव मनोज चौधरी, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष खालिद मसूद एवं पूर्व विधायक डा अजय तोमर की उपस्थिति में प्रदेश के नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार का प्रदेश पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। नवनियुक्त मंत्री अनिल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है उसका ईमानदारी से निर्वहन करूंगा। मेरे दरवाजे 24 घण्टे कार्यकर्ताओं व आम जनता के लिए खुले रहेंगे और मैं सरकार में रहकर किसानों, मजदूरों व शोषित वंचित समाज तथा अल्पसंख्यकों और समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करने का प्रण करता हूं। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने मुझ जैसे अनुसूचित जाति के सामान्य कार्यकर्ता को मंत्री बनाकर न केवल प्रदेश के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया है, बल्कि प्रदेश के वंचित और अनुसूचित जाति के लोगों को उनका खोया सम्मान देने का काम किया है। रालोद उत्तर प्रदेश में 80 की 80 लोकसभा सीटों को जीतने के भाजपा निहित एनडीए गठबंधन के लक्ष्य को पूर्ण करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने किया एवं स्वागत समारोह में प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, सुरेश गुप्ता, रामलखन यादव, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, संतोष यादव, मनोज सिंह चौहान, चौधरी भूपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, आर पी सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, युवा रालोद के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक त्यागी, राजप्रताप त्रिपाठी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, छात्र प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष, प्रमोद पटेल, प्रदेश प्रवक्ता सम्राट सिंह चौहान, प्रमोद शुक्ला, अफसर अली, राजेश मौर्य, क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष रणविजय मौर्य, रामगोपाल चंदेल, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, महेश पाल धनगर, जिलाध्यक्ष रामसेवक रावत, विपिन द्विवेदी, सुमित सिंह, आमिर, रोहित, शैलेन्द्र शर्मा, मंजू शुक्ला, शालिनी सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## फिक्की फ्लो लखनऊ ने आयोजित किया प्रतिष्ठित फ्लो यूपी विमेंस अवार्ड

* 8 महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपने विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर ने शुक्रवार को होटल हयात रीजेंसी लखनऊ में प्रतिष्ठित फ्लो यूपी वोमेन्स अवार्ड का आयोजन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी और बॉलीवुड की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर, पटकथा लेखक और निर्माता निर्देशक फराह खान विशिष्ट अतिथि थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने कहा कि फिक्की फ्लो महिलाओं के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रही हैं। महिलाएं चुनौतियों का सामना करते हुए अपनी सफलता की सीढ़ियां चढ़तीहैं।हमें आज यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने साथ की महिलाओं को भी आगे बढ़ाने का काम करना चाहिए। इस मौके पर फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की चेयरपर्सन स्वाति वर्मा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम की इवेंट चेयर थीं। उन्होंने कहा कि फ्लो यूपी अवाड्र्स फ्लो कैलेंडर की सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमो में से एक है क्योंकि यह आयोजन न केवल पहचान और पुरस्कार देता है बल्कि हमारे राज्य की असाधारण महिलाओं द्वारा किए गए कार्यों का उत्सव भी मनाता है। महिलाएं जिन्होंने हमारे समाज में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लायी है और कई अन्य लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। ये महिलाएं हमारे देश की सच्ची नेता हैं जो देश और प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य को बनाने में मदद करती हैं। हाल के दशकों में सबसे क्रांतिकारी परिवर्तनों में से एक व्यवसायों में महिलाओं की बढ़ती प्रमुखता रही है। जैसे-जैसे समय बदलता है, भारत में महिला उद्यमियों के उदय ने सिद्ध किया है कि व्यवसाय में महिलाएं पुरुषों से किसी मायने में कम नहीं हैं। इस वर्ष फ्लो यूपी महिला पुरस्कारों का 9वें संस्करण का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष महिलाओं की असाधारण उपलब्धि के लिए व्यक्तिगत महिलाओं को दिए जाने सम्मानों की एक श्रृंखला है। इस वर्ष एफएलओ ने 8 श्रेणियों की महिलाओं को सम्मानित किया और महिला उद्यमिता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।

## 85 वर्ष से ऊपर के मतदाता घर बैठे कर सकेंगे मतदान

* पोस्टल बैलेट से वोट हेतु फार्म-12 डी भरकर करे आवेदन: रिणवा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश के 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश के 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म-12डी अधिसूचना जारी होने के 5 दिवसों के अन्दर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जाएगा। फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर MENU के अन्तर्गत के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जायेगा।

## 1769 करोड़ से देवरिया बस स्टेशन का होगा रेनोवेशन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि देवरिया स्थित पुराने बस स्टेशन परिसर में व्यवसायिक काम्पलेक्स, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय एवं बेसमेंट में पार्किंग का निर्माण जल्द किया जायेगा। इसके निर्माण में 1769.32 लाख रूपये खर्च का अनुमान है।परिवहन मंत्री ने बताया कि इसके निर्माण हेतु प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित की गई है। प्रथम किश्त के रूप में 25 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि 442.33 रूपये की राज्यपाल ने सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी।परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में परिवहन निगम प्रदेश में एयरपोर्ट जैसे सुविधाओं से युक्त बस स्टेशन का निर्माण करा रहा है ताकि बस स्टेशन पर ही यात्रियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# लैंगिक समानता की बातें तो बड़ी-बड़ी, हकीकत कुछ और ही

**महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है।**

*ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परम सौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में अन्नपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है। देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ-साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र दृष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानियां भी थीं जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है। तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52वें नम्बर पर है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है।**

# लोकसभा चुनाव 2024 में नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?



डॉ. आशीष वशिष्ठ

**पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी। देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलायंस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है।**

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा। भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं। इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलायंस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलायंस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ''आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।'' खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं। ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलायंस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीश कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया। नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याशियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी शर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेश दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है। देश की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊर्जावान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देश और देशवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांश नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देश को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते।



**इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा।**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 18:18 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 07:55 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | सिद्ध, 20:32 |
| सूर्योदयः | 06:38 |
| सूर्यास्तः | 18:25 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 09:35-11:03 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:08-12:55 |

## जन एक्सप्रेस

**पाए गए दोषी !**

*कर रहे थे कब से ।*
*लड़ने की तैयारी ।।*
*पाए गए दोषी ।*
*बढ़ गई लाचारी ।।*
*फिर गया है पानी ।*
*हुआ उलटफेर ।।*
*छा गया अंधेरा ।*
*खत्म हुई सबेर ।।*
*लड़ने का क्रम जारी ।*
*लगे कुछ जुगाड़ ।।*
*पर अभी फिलहाल ।*
*है खड़ा पहाड़ ।।*
*देखते अब कैसे वो ।*
*जाते जन दरबार ।।*
*पर अभी कानून का ।*
*है हुआ प्रहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*कलेजे का टुकड़ा होती हैं बेटियां, घर का अहम हिस्सा होती हैं बेटियां, वेदों की ऋचाएं होती हैं बेटियां, आकाश की जगमगाती रोशनियां होती हैं बेटियां। कुल का मान और स्वाभिमान होती है बेटियां। कैसी सुखद घड़ी आई थी, जब तू हमारी जिंदगी में आई थी, न जाने कितने चंदा जगमगयाए, चांदनीयों की रोशनी लहराई थी। घर के कोने कोने में छुपना छुपाना उसका, नन्हे मुख से खिलखिलाना उसका, अचानक गुस्से से रूठ जाना उसका, फिर प्यार से गले लग जाना उसका। बेटियां तो घर के दीपक की बाती होती हैं हमारा घर भी तो बेटियां ही जगमगाती है, मेरी आत्मा तभी चैन पाती है बेटी जब भी गले लग जाती है। उंगली पकड़कर चलना सीखा था उसने, आज मैं लड़खड़ाइ तो हाथ थामा था उसने, मेरे आंसुओं को अपनी आंखों में छुपाया था।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अपनी जिज्ञासा को जीवन के बड़े पुस्तकालय में एक मार्गदर्शक की तरह समझें, जो आपको सबसे दिलचस्प चीजें दिखाता है।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन घटाने में मददगार साबित हो सकती है संतरे के छिलके की चाय



**संतरा** आपको सालभर बाजार में देखने को मिल सकता है। इसमें मौजूद पोषक तत्व कई स्वास्थ्य समस्याओं में लाभ देते हैं। संतरे की तरह इसके छिलके की चाय भी सेहत के लिए फायदेमंद मानी गई है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जिससे बॉडी हाइड्रेट रहती है। साथ ही, इसमें विटामिन-सी भी होता है जो स्किन को हेल्दी रखने में मदद करता है। अगर आप वेट लॉस भी करना चाहते हैं, तो संतरे के छिलके की चाय आपको फायदा पहुंचा सकती है। इसमें मौजूद आवश्यक तत्व जल्द वजन घटाने में मदद करते हैं।

**मेटाबॉलिज्म बूस्ट करेः** वेट लॉस के लिए मेटाबॉलिज्म स्ट्रांग होना बेहद जरूरी है। मेटाबॉलिज्म कमजोर होने से कैलोरी बर्न होने के बजाय शरीर में इकट्ठा होने लगती है। लेकिन संतरे के छिलके की चाय से आपको वजन घटाने में मदद मिल सकती है। इसमें सिनेफ्रिन कंपाउंड पाया जाता है, जो मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने में मदद करता है। इससे कैलोरी तेजी से घटती है और फैट बर्न होने में मदद मिलती है।

**फाइबर अधिक होता हैः** संतरे के छिलकों में फाइबर भी अधिक होता है। इसलिए इसकी चाय पीने से भूख भी कंट्रोल रहती है। इसके सेवन से क्रेविंग कंट्रोल रहती है और आप ओवरईटिंग नहीं करते हैं। संतरे के छिलकों की चाय से आपकी मीठे की क्रेविंग भी कम होती है, जिससे ब्लड शुगर भी कंट्रोल रहता है।

**वॉटर वेट कम करती हैः** संतरे के छिलकों की चाय शरीर से एक्स्ट्रा पानी निकालने में मदद करती है। यह अतिरिक्त पानी खत्म करने और शरीर की सूजन कम करने में भी मददगार है। इसमें मौजूद तत्व शरीर से टॉक्सिन्स निकालने और वजन घटाने में मदद करते हैं। अगर आपको चाय-कॉफी की आदत छोड़नी है, तो यह परफेक्ट ऑप्शन हो सकती है।

**बॉडी से टॉक्सिन निकालती हैः** बॉडी में टॉक्सिन होने से भी वजन बढ़ने लगता है। ऐसे में शरीर से टॉक्सिन निकालना जरूरी होता है। संतरे के छिलके की चाय में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं।

### संतरे के छिलके की चाय कैसे बनाएं

- संतरे के छिलके- 4-5
- दालचीनी- एक चुटकी
- शहद- आधा चम्मच
- लौंग- 2
- इलायची- 1

### बनाने की विधि

- संतरे के छिलकों को सूखाकर छोटे टूकड़ों में काट लें।
- अब एक पैन में दो कप पानी गर्म करने के लिए रख दें।
- इसमें संतरे के छिलके डालकर धीमी आंच पर पकने दें।
- अब इसमें इलायची, दालचीनी, लौंग डालकर कुछ देर पकाएं।
- जब पानी आधा रह जाए, तो चाय को छान लें।
- फ्लेम को बंद कर दें और इसमें शहद मिलाएं।
- इस तरह से आपकी संतरे के छिलके की चाय तैयार हो जाएगी।

## एक्सप्रेस विशेष

# 'मोदी का परिवार' अभियान विपक्षी दलों के लिये चुनावों में पड़ सकता है भारी



-ललित गर्ग

**आज जैसे बुद्धिमानी एक वैल्यू है, वैसे ही बेवकूफी भी एक वैल्यू है और मूल्यहीनता के दौर में यह मूल्य काफी प्रचलित है। लेकिन आज के माहौल में इस वैल्यू को फायदेमंद मानना राजनीति की एक अपरिपक्वता एवं नासमझी ही कही जायेगी।**

**क्या अब भी विपक्ष मोदी को निशाना बनाने से परहेज करेगा, राहुल गांधी, लालू एवं विपक्ष अपनी ऐसी ही बेवकूफी से अपनी ही जड़ें खोद रहा है। क्योंकि मोदी को निशाना बनाने की राजनीति विपक्ष के लिये हमेशा नुकसानदायी रही है, मोदी अधिक चमके हैं, अधिक सशक्त बने हैं। इसका जवाब भी मोदी ने ही दिया कि भारतीय समाज नकारात्मकता को सहन कर लेता है, स्वीकार नहीं करता है।'**

**बिहार** की राजधानी पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव के बयान कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास परिवार ही नहीं है। वो हिंदू नहीं हैं। हिंदू अपनी मां के श्राद्ध में दाढ़ी-बाल बनवाता है। मोदी की माताजी का जब देहांत हुआ तो उन्होंने बाल-दाढ़ी क्यों नहीं बनवाया? इस तरह के बेतुके, आधारहीन एवं अमर्यादित बयान के विरोध में पूरी भारतीय जनता पार्टी उतर आई है। अब भाजपा और विपक्षी दलों के बीच परिवारवाद' के मुद्दे पर वार-पलटवार जारी है। मोदी के परिवार एवं विपक्षी दलों के परिवारवाद को लेकर बड़ी बहस चल रही है लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को विपक्ष के एक आरोप 'चौकीदार चोर है' का भारी लाभ मिला था, तब भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाया था। उसी तरह वर्ष 2024 के आम चुनाव से पूर्व 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया है, जिसका भाजपा को भरपूर लाभ मिल सकता है, विपक्षी दलों की इस भूल के कारण भाजपा न केवल 370 सीटों के लक्ष्य को हासिल करेगी, बल्कि उनका गठबंधन 400 से पार जायेगा। निश्चित ही चुनाव का समय बहुत संवेदनशील होता है, जिसमें विवादित एवं व्यक्तिगत बयानों से बचना जरूरी होता है। विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और उनकी चुनावी रणनीति से भड़के कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव एवं विपक्षी दलों के नेता अपनी जुबान संभाल नहीं पा रहे। जैसे-जैसे मोदी एवं भाजपा का चुनावी अभियान तीक्ष्ण, उग्र एवं नियोजित होता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके प्रति विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने परिवार ना होने को लेकर विपक्ष के हमले पर पलटवार करते हुए पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक खुली किताब बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम उम्र में ही घर छोड़ दिया था। लगता है मोदी के परिवारवादी राजनीति के बयानों का विपक्ष के पास कोई प्रभावी जवाब नहीं है, तभी ऐसे बचकाने बयानों से दूषित राजनीति करने से विपक्षी दल स्वयं को बचा नहीं पा रहे हैं, दूसरी ओर मोदी ने ऐसे राजनेताओं एवं राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं एवं दलों के अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मोदी निश्चित रूप से एक बड़े 140 करोड़ लोगों के परिवार से जुड़े हुए हैं। देश की जनता के सामने मोदी का जीवन खुली किताब जैसा है। देशवासी मोदी को भली-भांति जानते हैं, समझते हैं। उनकी पल-पल की खबर रखते हैं। देर रात तक अगर मोदी काम करते है तो देश से लाखों लोग उन्हें इतना काम नहीं करने एवं कुछ आराम करने की सलाह देते हैं, यह प्यार है मोदी परिवार का उनके प्रति। निश्चित ही मोदी ने एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। वे देशवासियों के लिये जीने का एक सपना लेकर चले थे। मोदी का कोई निजी सपना नहीं है, देश एवं देशवासियों के सपने ही उनके संकल्प हैं। इसलिए देश के 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार हैं, जिसमें युवा, बेटियां, बुजुर्ग सभी हैं। जिनका कोई नहीं है, उनके मोदी हैं। मेरा भारत मेरा परिवार, इसी भावना का विस्तार लेकर वे सपनों को सच के साथ सिद्ध करने के लिए जी रहे हैं। पूरा देश मोदी का परिवार है। भाजपा के बड़े नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखने का एक महा-अभियान शुरु कर दिया है, जो विपक्षी दलों के लिये भारी पड़ने वाला है। चुनाव के माहौल में विपक्षियों के बयान को भाजपा ऐसा मुद्दा बना लेती है, जिससे खुद विपक्षी नेता घिरते नजर आते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में रफाल की डील को लेकर जब राहुल गांधी ने 'चौकीदार चोर है' कहा तो भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' की ऐसी मुहिम चलाई कि वह विपक्ष पर ही भारी पड़ी। लालू के बयान के बाद अब 'मोदी का परिवार' मुहिम को भाजपा उसी तरह फोकस कर रही है। भाजपा नेताओं के मुताबिक, यह पूरी मुहिम चुनाव प्रचार के दौरान भी दिखाई देगी। यह अभियान चुनाव तक जारी रहेगा। भाजपा कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन पर परिवारवाद को लेकर निशाना साधती रही है। हाल ही में हुए भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भी गृहमंत्री अमित शाह ने परिवारवाद को लेकर विपक्ष पर खूब तंज कसा था।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पंचम दिवस में विचार गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के पंचम दिवस में विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती मधुलिका त्रिपाठी समाजसेवी व निदेशिका संकल्प हॉबी ट्रेनिंग सेंटर , विशिष्ट अतिथि अमरून निशा युवा प्रधान अमकोटवा,नकहा विकास खंड,प्रो सुभाष चन्द्रा एवं श्री एच पी त्रिपाठी ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया।विचार गोष्ठी में महिला सम्मान, स्वावलंबन, सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता पर विषय प्रवर्तन करते हुए प्रो.सुभाष चन्द्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस लैंगिक भेदभाव मिटाकर समानता के साथ महिलाओं की उपलब्धियों के प्रति आदर का भाव प्रकट कर उन्हें प्रोत्साहित करने का दिन है। भारत सहित दुनिया के तमाम देशों के लोग इस दिन नारी स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वावलंबन एवं उनकी नेतृत्व क्षमता को सलाम करते हैं। महिलाओं की प्रगति में तेजी लाने के लिए सभी क्षेत्रों में उनके साथ सहकार,समावेश, सम्मान व बराबरी का हक देने के साथ साथ उन्हें साझा मंच देने की आवश्यकता है।मुख्य अतिथि मधुलिका त्रिपाठी ने कहा कि अशिक्षा और गरीबी महिलाओं के विकास में बाधक है।यद्यपि बेटियां आगे बढ़ रही हैं। लोग उन्नत विचारों के हो रहे हैं और समाज में लैंगिक असमानता कम हो रही है।सभी के मिलकर साथ साथ कार्य करने की आवश्यकता है।विशिष्ट अतिथि अमरुंन निशा नें कहा कि महिलाओं के समुचित विकास के लिए सबसे पहले महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने की आवश्यकता है।साथ ही उनके सम्मान व हक के लिए लैंगिक समानता जरूरी है।सभी नागरिक अपने अपने स्तर से इसके लिए प्रयास करें।एन एस एस स्वयंसेविका लक्ष्मी, रागिनी, वंदना, वर्षा, प्रिया, तृप्ति,कृतिका तथा रेशमा ने महिलाओं की शिक्षा ,स्वास्थ्य व प्रगति पर विचार प्रकट किए।एच पी त्रिपाठी ने कहा कि महिला के बिना पुरूष की बात और पुरुष के बिना महिला की बात करना उचित नहीं है। बिना भेदभाव के एक-दूसरे का सम्मान करते हुए ही आज दोनों एक साथ सहयोगी बनकर आगे बढ़ सकते हैं।गोष्ठी के अंत में प्रो सुभाष चन्द्रा ने मुख्य अतिथि श्रीमती मधुलिका त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि अमरुन निशा को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया।द्वतीय सत्र में प्रो सुभाष चन्द्रा के निर्देशन में एन एस एस वोलेंटियर्स ने बाजपेई ग्राम में महिला चौपाल लगाकर युवा एवं वृद्ध महिलाओं से संवाद कर उनके हक,सम्मान,प्रगति के वारे विमर्श किया साथ ही उनकी समस्याओं को जाना ,समझा और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया। महिला चौपाल की अगुवाई कर रही ग्राम प्रधान श्रीमती ज्ञान देवी को प्रो सुभाष चंद्रा ने सम्मानित किया। महिला चौपाल में एन एस एस वोलेंटियर्स सहित बड़ी संख्या में बाजपेई गाँव की महिलायें उपस्थित रहीं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर करुणा फाउन्डेशन ने बांटे सैनेट्री नैपकिन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

करुणा फाउन्डेशन ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को स्वच्छता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिय ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को उनके अधिकारों और समानता के लिए वैश्विक संघर्ष को मान्यता देने केलिए जागरुक किया।करुणा फाउन्डेशन की अध्यक्ष डॉ. वैशाली ने कुसमौरी गोपालपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वयं सहायता समूह की समूह सखी मंजू देवी के नेतृत्व में महिलाओं को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए निशुल्क सैनेट्री नैपकिन वितरित किए। मार्च माह में 5000 सैनेट्री नेपकिन बाटने का लक्ष्य है । इस अवसर पर करुणा फाउन्डेशन की कोषाध्यक्ष सरोज जी ने महिला दिवस के बारे में जानकारी देते हुए



कहा कि 8मार्च 1908 को जब न्यूयॉर्क शहर में 15,000 महिलाओं ने बेहतर वेतन, कम काम के घंटे और वोटिंग के अधिकार की मांग करते हुए मार्च किया। इसके बाद, 1910 में कोपेनहेगन में अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन में, क्लारा ज़ेटकिन ने प्रस्तावित किया कि हर साल एक दिन महिला दिवस के रूप में मनाया जाए, ताकि महिलाओं के अधिकारों के लिए समर्थन बढ़ाया जा सके। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विश्व भर में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने का एक अवसर है, चाहे वे सामाजिक,आर्थिक, सांस्कृतिक या राजनीतिक हों।यह दिन समाज में लैंगिक समानता की दिशा में की गई प्रगति की समीक्षा करने,अभी भी मौजूद चुनौतियों को पहचानने और आगे की राह तय करने का भी एक माध्यम है। करुणा फाउन्डेशन ने आज मंजू देवी, पुष्पा देवी, शान्ति देवी, मीरा देवी, संजू देवी, राधा देवी, विद्यावती, सुनीता देवी, उषा देवी, मोनिका देवी, चंद्रा कांति, रेनू, ममता, रीना,मीना सुमित्रा उर्मिला, अर्चना जैन आदि को सैनेटरी पैड वितरित किया, करुणा फाउन्डेशन की सचिव ज्योति जी ने कहा कि मार्च माह में 5000 सैनेट्री नैपकिन बाटने का लक्ष्य है जिसकी शुरुआत आज हुई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रोजगार मेले का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस/रामकोट/सीतापुर। डालमिया भारत फाऊंडेशन एवं महिंद्रा स्किल्स द्वारा ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज सीतापुर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में डालमिया भारत शुगर इंडस्ट्री जवाहरपुर से रमा सिंह, जिला अस्पताल सीतापुर से कुलदीप शुक्ला, डीपीएमयू सीतापुर से रोहित, प्रीति, एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर सुधीर अवस्थी, ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज विमल त्रिपाठी, डालमिया भारत फाऊंडेशन हर्षल मिश्रा, महिंद्रा स्किल्स से रोहित गुप्ता, स्टेट




कोऑर्डिनेटर बाश, आदि अतिथि मौजूद रहे। मेले में 14 विभिन्न क्षेत्र की कंपनियों ने प्रतिभा किया। कुल 380 छात्र-छात्राओं ने इंटरव्यू दिया। जिसमें 150 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ और 50 छात्र-छात्राओं को जॉब ऑफर लेटर अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। मेले में आए हुए सभी एंपलॉयर्स को मुख्य अतिथि द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रमा सिंह ने बताया की डालमिया भारत फाऊंडेशन के दीक्षा सेंटर द्वारा पिछले 5 वर्षों से सीतापुर जिले में कौशल विकास कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। पिछले 5 वर्षों में दीक्षा कौशल विकास द्वारा 1800 छात्र-छात्राओं को नर्सिंग, कंप्यूटर, इलेक्ट्रीशियन, सौर ऊर्जा, बैंकिंग, सिक्योरिटी गार्ड, आदि कोर्सेज में ट्रेंड किया गया है। और 1297 छात्र-छात्राओं को रोजगार से जोड़ा गया है। डालमिया शुगर फैक्ट्री जवाहरपुर के यूनिट हेड टी न सिंह ने भी सभी चयनित छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

### ट्रक चालक व ट्रक मालिक ने गन्ना पर्यवेक्षक की जमकर की धुलाई, पुलिस जांच में जुटी

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद/सीतापुर। गन्ना पर्यवेक्षक की ट्रक ड्राइवर व ट्रक मालिक ने जमकर पिटाई कर दी। पर्यवेक्षक ने कोतवाली में तहरीर देकर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कराया है। दि किसान सहकारी चीनीमिल में संविदा तौर पर गन्ना पर्यवेक्षक के पद पर तैनात पहाड़ापुर के यादवेंद्र कुमार पुत्र राम प्रताप ने पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि वह मिल गेट पर स्थित टोकन कांटे पर तौल के लिए वाहनों से आने वाले गन्ना प्रजाति की जांच कर रहा था। इस दौरान पुरानी बाजार महमूदाबाद के ट्रक चालक राम नरेश पुत्र राम दयाल ने उसे धक्का देते हुए गालियां देनी शुरू कर दीं। मना करने पर चालक ने फोन पर अपने ट्रक मालिक पंकज जैन पुत्र पुष्पेंद्र जैन को बुला लिया। आरोप है कि मौके पर पहुंचने के बाद चालक के साथ मिलकर ट्रक मालिक पंकज जैन ने उसे दौड़ा-दौड़ाकर मारा पीटा। पीड़ित ने चीनीमिल परिसर में खड़े वाहनों के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का केस दर्जकर कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि गन्ना पर्यवेक्षक की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

### पीडब्ल्यूडी ने पुलिसवालों के लिए बना दी तिरछी बिल्डिंग, सोशल मीडिया पर लोग ले रहे खिल्ली

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर-खीरी। पीडब्ल्यूडी विभाग का बड़ा कारनामा सामने आया है। जहां शहर लखीमपुर में सिपाहियों के लिए 12 मंजिला आलीशान अपार्टमेंट को बनाने का निर्माण कार्य चल रहा था। बिल्डिंग जब बनकर तैयार हुई तब देखा कि पीडबल्यूडी विभाग के करिश्माई



इंजीनियरों ने 12 मंजिला बिल्डिंग को तिरछा बना दिया। बताया जा रहा है कि पीडब्ल्यूडी सीडी-1 लखनऊ बिल्डिंग निर्माण करा रहा था। जानकारी के मुताबिक,12 मंजिला बिल्डिंग बनने में सरकार का कुल खर्चा 19.5 करोड़ आया है लेकिन बिल्डिंग का स्ट्रक्चर निर्माण के दौरान तिरछा हो गया है जानकार लोगों का कहना है स्ट्रक्चर टेढ़ा होने से भविष्य में बिल्डिंग को खतरा हो सकता है।

### बाबा टेढ़ेनाथ धाम में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। बरवर महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा टेढेनाथ धाम शिव मंदिर में शान्ति सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह ने प्रातः काल मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि



शांति व्यवस्था बनाई रखी जाए। मंदिर में आवागमन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई असुविधा तथा दिक्कत नहीं होना चाहिए। सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महिला तथा पुरुषों की अलग-अलग लाइनें लगाई गई। बाबा टेढ़ेनाथ नाथ के शिव मंदिर में दर्शनार्थियो की बहुत भारी भीड़ लगी हुई है सीओ मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह मौके पर मौजूद है, और उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत हो तो मैं बैरियर पर बैठा हूं और फोर्स को सख्त निर्देश दिए हैं कि शरारती तत्वों पर कडी नजर रखी जाए।

### आग लगने से 12 घर सामान सहित जलकर हुए राख

जन एक्सप्रेस/निघासन खीरी। थाना मझगईं के गांव धर्मापुर में अज्ञात कारणों के चलते एक घर में आग लग गई। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर जैसे-तैसे आग पर काबू पाया।आग बुझने के बाद अग्निशमन दल के पहुंचने से लोगों में काफी रोष दिखा। इस अग्निकांड में 12 घर जल गए और उनमे रखा घरेलू सामान और नगदी आग की भेंट चढ़ गई।गांव धर्मापुर में दोपहर करीब एक बजे सालिक राम के घर से अज्ञात कारणों से आग लग गई। तेज हवा चलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीण जब तक कुछ समझ पाते और आग बुझाने का प्रयास करते। इससे पहले ही उठ रहीं लपटों ने रामकिशोर, छविनाथ, ज्ञान प्रकाश, छोटेलाल, चुन्ना, शिवकुमार, दिनेश, बबलू तथा गोपाल समेत 12 घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

# आग लगने से तीन घर का सामान जलकर राख, घर में बंधे मवेशी झुलसे



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा क्षेत्र के बगहा गोशियना में शुक्रवार को अचानक लगी आग में तीन घर जलकर राख हो गए। जिसकी सूचना मिलते ही धौरहरा तहसीलदार मौके पर टीम के साथ पहुंचकर पीड़ित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध करवाते हुए जल्द ही पीड़ितों को तहसील से अहेतुक राशि दिलवाने के लिए राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिए हैं।शुक्रवार को धौरहरा क्षेत्र के बगहा गोशियाना मजरा गुलरिया तालुके अमेठी मे हुए अग्निकांड मे तीन परिवारों की जहां पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। 1 गाय व 1 बछिया जलने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही तहसीलदार आदित्य विशाल तत्काल मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार के मुखिया मुंशी पुत्र मेवा, अजीज पुत्र मेवा व आरिफ पुत्र गनी को सांत्वना देते हुए कम्बल व तिरपाल की त्वरित सहायता की। जल्द ही पीड़ितों को तहसील से सरकारी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिए।यही नहीं घटना में घायल हुए एक गाय व उसकी बछिया को नजदीकी पशु चिकित्सक से विधिवत इलाज करने व मौके पर पहुंचे लेखपाल आदित्य मिश्रा से पीड़ित परिवारों के हुए नुकसान का आंकलन कर शीघ्र ही सूचना उपलब्ध करवाने कहा है।

# निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर व मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

खंभारखेडा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेड़ा परिसर में चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता जी के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर व मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सीतापुर आंख अस्पताल से आए डॉ अभिषेक त्रिपाठी चीनी मिल के डॉक्टर धर्मेंद्र त्रिपाठी एवं टीम द्वारा मरीजों का निशुल्क नेत्र परीक्षण कर दवाए वितरित की गई।वहीं मेगा हेल्थ शिविर मे चरक हास्पिटल लखनऊ के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव ने परीक्षण कर निःशुल्क परामर्श दिया ,एवं नि- शुल्क ई सी जी परीक्षण किया।नेत्र परीक्षण शिविर व मेगा हेल्थ का उद्घाटन वरिष्ठ महाप्रबंधक इंजीनियरिंग सी वी सिंह व वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना डा अनिल त्रिपाठी,डिस्टलरी हेड अतुल सिंह ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर



सीतापुर आंख अस्पताल से आए डॉक्टर अभिषेक त्रिपाठी सहित डॉक्टरों की टीम ने मरीजों का नेत्र परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक निःशुल्क दवाएं वितरित की गई ,क्षेत्रीय किसानो ,महिलाओं कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों का भी शिविर में जांच किया गया।स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए चीनी मिल द्वारा समय-समय पर शिविर का आयोजन किया जाता है आज आयोजित नेत्र चिकित्सा शिविर व मेगा हेल्थ शिविर में लगभग 366किसान भाइयों एवं चीनी मिल के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं महिलाओं का अपने नेत्र परीक्षण व जनरल चेकप करवाया, सीतापुर से डाक्टरो की टीम ने 16मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है जिन्हें ऑपरेशन के लिए सीतापुर आँख अस्पताल ले जाया जाएगा। केन हेड ने सीतापुर व लखनऊ से आये डॉक्टरों की टीम एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया कि समय-समय पर बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड खंभारखेडा द्वारा इस तरह का आयोजन किया जाता रहेगा।



# शिवरात्रि पर नंदी सवार भगवान शिव शंकर की भव्य झांकिया निकाली गयी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

नंदी सवार भगवान शिव शंकर की भव्य झांकी के साथ शिव परिवार की झांकियों व उनके गणों के स्वरूप में सजे बच्चों की आकर्षक शिव बारात ठठेरी बाजार से निकाली गई। बारात में सैकड़ों लोग भारतीय वेशभूषा में सम्मिलित हुए। नगर भ्रमण के बाद शिव मंदिर के सम्मुख शिव जी का विवाह पार्वती के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया। इस अवसर पर आयोजित कलेवा व व्यवहार वितरण तथा बरातियों को नेग दिए गए। जगराते के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के ठठेरी बाजार स्थित शिव मंदिर से भक्तों ने शुक्रवार की शाम पांच बजे से बैंड-बाजों के साथ धूम-धाम से शिव बारात निकाली। बरातियों का जगह-जगह भक्तों ने ठंढई पिलाकर स्वागत किया। शिव बारात का शुभारम्भ मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी के साथ मुख्य यजमान रजत अग्रवाल व दीपक गुप्त ने सपत्नीक विधिवत पूजन-अर्चन कर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। बारात के आयोजक आने वाले भक्तों को त्रिपुण्ड टीका करने के साथ सफेद टोपियां व प्रसाद वितरित कर रहे थे। भक्त पूरे रास्ते बम-बम भोले के जयकारे लगा रहे थे। शिव जी की बारात शाम पांच बजे ठठेरी बाजार से बजाजा, रामकुण्ड, कोतवाली मार्ग, बस स्टाप चौराहा से होकर चिकमंडी होते हुए तहसील, स्टेट बैंक से संकटा देवी धाम पहुंची। यहां से वापस हुई शिव बारात जब ठठेरी शिवाला पहुंची तो मुख्य यजमान रजत अग्रवाल, दीपक गुप्त, आयोजक मनोज शुक्ल, अखिलेश गुप्त, सुजीत रस्तोगी, हरीओम गुप्त, रोशन गुप्त, मोहित रस्तोगी, नरेश गुप्त व अन्य से वैवाहिक विधान सम्पन्न कराया। समिति ने बारातियों को नेग व व्यवहार वितरित किया। शिव बारात में अघोरी व गणों की अद्भुद वेशभूषा व अभिनय क्षमता को देख दर्शक काफी मंत्रमुग्ध हुए।

# दलालों के सहारे चल रहा है समाज कल्याण विभाग सीतापुर: सुनील कुमार राजवंशी

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सरकार द्वारा गरीबों के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों कर्मचारीयों की मिली भगत के चलते चंद दलाल अपनी कमाई का जरिया बन चुके हैं यह बात भारतीय किसान मंच के प्रदेश सचिव शैलेंद्र राज ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा उन्होंने कहा कि जनपद सीतापुर समाज कल्याण विभाग अधिकारियों व कर्मचारीयों के संरक्षण में समाज कल्याण विभाग में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है अवैध वसूली चल रही है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह व एससी एसटी योजना में गरीबों पीड़ितों से खुली लूट की जा रही है लोकसभा चुनाव से पहले संबंधित कर्मचारियों पर हो करवाई कई दलालों के द्वारा गरीबों पीड़ितों से योजनाओं के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राजवंशी ने कहा कि जिले के आला अधिकारियों ने यदि जल्द ही इस विषय में संज्ञान नहीं लिया तो भारतीय किसान मंच संगठन सीतापुर समाज कल्याण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आर पार की लड़ाई लड़ेगा।


## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2024

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली के दौरान उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**04033/04034 नई दिल्ली-शहीद कैप्टन तुषार महाजन-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं. 04033 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04034 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:10 | --- | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | --- | 20:55 |

चलने के दिन : 04033 नई दिल्ली से दिनांक 22.03.2024 से 29.03.2024 तक (शुक्रवार) और 04034 शहीद कैप्टन तुषार महाजन से दिनांक 23.03.2024 से 30.03.2024 तक (शनिवार)।
स्थान : वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, अम्बाला कैंट, लुधियाना कैंट, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट और जम्मू तवी स्टेशन

**04075/04076 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (सप्ताह में 2 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04075 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04076 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:40 | --- | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | --- | 20:25 |

चलने के दिन : 04075 नई दिल्ली से दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (बुधवार, रविवार) और 04076 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से दिनांक 25.03.2024 से 01.04.2024 तक (वीरवार, सोमवार)।
स्थान : वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन।

**04080/04079 दिल्ली जं.-वाराणसी-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (सप्ताह में 3 दिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04080 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04079 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | --- |
| 09:45 | --- | वाराणसी | --- | 18:20 |

चलने के दिन : 04080 दिल्ली जं. से दिनांक 21.03.2024 से 30.03.2024 तक (सोमवार, वीरवार, शनिवार) और 04079 वाराणसी से दिनांक 22.03.2024 से 31.03.2024 तक (मंगलवार, शुक्रवार., रविवार)।
स्थान : वाता. 3 टियर इकोनॉमी और शयनयान।
ठहराव : गाजियाबाद, मुरादाबाद, आलमनगर, लखनऊ और माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन।

**01654/01653 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-वाराणसी-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा एक्सप्रेस विशेष (साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं. 01654 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01653 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:35 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 11:25 | --- |
| 23:55 | --- | वाराणसी | --- | 05:30 |

चलने के दिन : 01654 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा से दिनांक 24.03.2024 से 31.03.2024 तक (रविवार) और 01653 वाराणसी से दिनांक 26.03.2024 से 02.04.2024 तक (मंगलवार)।
स्थान : वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान व सामान्य। ठहराव : शहीद कैप्टन तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जालंधर कैंट, लुधियाना, अंबाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, आलमनगर, लखनऊ, राय बरेली और माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन

**02371/02372 हावड़ा-बनारस-हावड़ा एक्सप्रेस विशेष**

| रेलगाड़ी सं. 02371 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02372 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:15 | हावड़ा | 12:20 | --- |
| 21:15 | 21:20 | वाराणसी | 23:45 | 23:50 |
| 21:45 | --- | बनारस | --- | 23:05 |

चलने के दिन : 02371 हावड़ा से और 02372 बनारस से दिनांक 23.03.2024 (शनिवार) को।
स्थान : प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. और वाराणसी स्टेशन।

**04064/04063 दिल्ली जं.-टूण्डला जं.-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 13:20 | दिल्ली जं. | 22:15 | --- |
| 17:15 | --- | टूण्डला जं. | --- | 17:45 |

चलने के दिन : 04064 दिल्ली जं. से और 04063 टूण्डला जं. से दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य
ठहराव : दिल्ली शाहदरा, साहिबाबाद, गाजियाबाद, दादरी, खुर्जा, अलीगढ़ और हाथरस स्टेशन।

**04923/04924 सहारनपुर-अंबाला कैंट-सहारनपुर एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04923 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04924 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:40 | सहारनपुर | 22:30 | --- |
| 06:45 | --- | अंबाला कैंट | --- | 20:22 |

चलने के दिन : 04923 सहारनपुर से और 04924 अंबाला कैंट से दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य
ठहराव : पिलखनी, सरसावा, कलानौर, जगाधरी, जगाधरी वर्कशॉप, दराजपुर, मुस्तफाबाद, बरारा, तंदवाल, केसरी और दुखेड़ी स्टेशन।

**04051/04052 दिल्ली जं.-पानीपत-दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04051 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04052 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 10:00 | दिल्ली जं. | 15:40 | --- |
| 12:10 | --- | पानीपत | --- | 13:10 |

चलने के दिन : 04051 दिल्ली जं. से और 04052 पानीपत से दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य
ठहराव : सब्जी मंडल, नरेला, सोनीपत और समालखा स्टेशन।

**04249/04250 वाराणसी-लखनऊ-वाराणसी एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04250 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04249 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:25 | वाराणसी | 22:35 | --- |
| 12:25 | --- | लखनऊ | --- | 16:35 |

चलने के दिन : 04249 वाराणसी जं. से और 04250 लखनऊ से दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य
ठहराव : जौनपुर, शाहगंज, अकबरपुर, अयोध्या धाम और बाराबंकी स्टेशन।

**04048/04047 नई दिल्ली-आगरा कैंट-नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष (प्रतिदिन)**

| रेलगाड़ी सं. 04048 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04047 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:20 | नई दिल्ली | 18:45 | --- |
| 11:15 | --- | आगरा कैंट | --- | 14:30 |

चलने के दिन : 04048 नई दिल्ली से और 04047 आगरा कैंट से दिनांक 21.03.2024 से 24.03.2024 तक (प्रतिदिन)।
स्थान : सामान्य
ठहराव : फरीदाबाद, पलवल और मथुरा स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
पर हमें फॉलो करें
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
755/2024

## गांव में पेट्रोल खरीदने को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, वायरल

जन एक्सप्रेस। उरई

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जमरेही में पेट्रोल खरीदने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही हरकत में आई पुलिस ने झगड़ा करने वाले लोगों की तलाश शुरू कर दी। ग्रामीण लोगों का कहना है कि गोहन के ग्राम जमरेही में एक ग्रामीण खुला पेट्रोल बेचने का काम करता था। जिससे गांव के ही एक युवक ने पेट्रोल लिया पर पेट्रोल महंगा देने पर दोनों में कहासुनी हो गयी। देखते ही देखते मामले ने इस कदर तूल पकड़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच हाथापाई के बीच मारपीट में युवकों के घर की महिलाएं भी मौके पर आ गयी। जो लाठी डंडे लेकर मारपीट करने के लिए दौड़ पड़ी। तभी राहगीरों ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ पुलिस हरकत में आ गयी और मारपीट करने वालों की पहचान में जुट गई।

# महाशिवरात्रि पर्व पर बम बम भोले के जयकारो से गुंजायमान हुआ शहर

* गाजे बाजे के साथ निकली भोलेबाबा की बारात

जन एक्सप्रेस। महोबा



शक्ति और शिव मिलन पर्व को लोगो ने श्रद्धा भक्ति के साथ शिवालयो मे पहुँचकर वैदिक मंत्रोच्चरणों के बीच देवादिदेव महादेव का अभिषेक कराया। भोर 5 बजे से ही शिव उपासक स्नान ध्यान कर हाथों में पूजन सामग्री जल और दूध, दही शहद लेकर शिवालय पहुँचे विधिवत भगवान शिव का अभिषेक किया तत्पश्चात पुष्प मालाएं और रोरी चंदन से तिलक कर विधिवत पूजा अर्चना की सुबह से ही शिव मंदिरो में भक्तों की पूजा अर्चना करने हेतु लम्बी कतारे लगी रही।
भक्तगणो द्वारा भोज भण्डारो का भी आयोजन किया गया। अपरान्ह 2 बजे से भोलेनाथ की बारात गाजे बाजे के साथ निकाली गयी। भोलेनाथ की बारात मे युवक खूब थिरके भोलेनाथ, माँ पार्वती आदि देवी देवताओ की सजीव झाकियां प्रदर्शित की गयी।
युवकों ने भोलेनाथ की बारात मे भूत गैतालों का किरदार अदा कर दर्शकों को खूब डराया और रिझाया। पूर्व की भाँति शहर के गुखार पहाड़ स्थित शिवताण्डव मंदिर, करिया पठवा मंदिर, बलखण्डेश्वर मंदिर तथा कबरई कस्बे के कलशाहाबाबा मंदिर, कुलपहाड़, चरखारी, बेलाताल, खरेला, अजनर, महोबकण्ठ कस्बाई तथा ग्रामीण अचंलो मे भी भोलेनाथ की बारात धूमधाम से निकाली गयी। देररात्रि वैदिक मंत्रोच्चारणो के शिव पार्वती का विवाह सम्पन्न कराया गया। भोलेनाथ की बारात मे सम्मलित युवको का शहरवासियो द्वारा जगह जगह, चौराहे-चौराहे पर पुष्प मालाओं की वर्षा कर स्वागत किया। भोलेनाथ की बारात शहर की मुख्य सड़को से होते हुए देरशाम मंदिरो मे पहुँची तो शिव भक्तों ने बारातियों को पुष्प मालाएं पहनाकर तथा मिष्ठान और फल खिलाकर जोरदार स्वागत किया। मठ मंदिरों में अपरान्ह 12 बजे से लेकर रात्रि 12 बजे तक भण्डारे चलते रहे।

## अनियंत्रित होकर पलटा ओवरलोड बालू से लदा ट्रक, दो घायल

जन एक्सप्रेस/उरई। आटा थाना क्षेत्र में ओवरलोड बालू से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे ट्रक पर सवार चालक व परिचालक घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम इटौरा की ओर से आ रहा ओवरलोड बालू से लदा ट्रक खेल मैदान आटा के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे ट्रक चालक अरविंद निवासी प्रयागराज व परिचालक मोहित मामूली घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बीच रास्ते में पलटे ट्रक से वाहनों की कतारे लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से ट्रक को किनारे कराया। तब जाकर कही एक घण्टे बाद जाम खुल सका और वाहनों का आवागमन शुरू हुआ।

## मुठभेड़ के बाद दबोचे तीन शातिर बदमाश, एक के पैर में लगी गोली

जन एक्सप्रेस। उरई



डकोर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से दो तमंचे, एक राइफल, 10 कारतूस व एक बाइक बरामद कर ली। जबकि मुठभेड़ के दौरान फायरिंग में पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देश पर डकोर पुलिस गुरुवार देर रात हमीरपुर सीमा के आसपास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक सवार संदिग्ध पुलिस को दिखाई दिए, जो अचानक भागने लगे। इसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया। तो वह जैसारी मोड़ नहर पुलिया के पास जाकर छिप गए। पुलिस उनके नजदीक पहुंची, तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग करते हुए घेराबंदी कर सुघर सिंह निवासी ग्राम जैसारी खुर्द थाना डकोर, मोहम्मद मंसूरी निवासी सरावन थाना गोहन व सुधीर सिंह निवासी ग्राम सोहरापुर कालपी समेत तीन बदमाशों को दबोच लिया। इस दौरान पुलिस की गोली पैर में लगने से सुघर सिंह घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जबकि पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने दो तमंचे, एक राईफल, 10 कारतूस व एक बाइक बरामद कर ली। फिलहाल पुलिस पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

# लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर पुलिसिया हमला

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर/महराजगंज

* तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर चौकी प्रभारी एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग



उत्तर प्रदेश की पुलिसिया कार्रवाई प्रदेश के दबे कुचले लोगों पर अनवरत जारी ही है परंतु विगत कुछ दिनों से वर्दी के रोब से कलम के सिपाहीयों को कुचलने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुले मंच से पुलिसिया तंत्र को कलम के सिपाहीयों से दूर रहने को आगाह करते हैं परंतु लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर भी पुलिस तानाशाही व्यवस्था से शासन करना चाहती है। जिसका जीता जागता उदाहरण गोरखपुर मंडल के जनपद महराजगंज के थाना फरेन्दा अन्तर्गत सामने आया है। जहां पत्रकारो के साथ चौकी प्रभारी अमित सिंह द्वारा अभद्रता करते हुए गाली गलौज भी किया गया परंतु मंडल के जिम्मेदारों द्वारा अब तक कोई कार्यवाही नहीं किया गया।
प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फरेन्दा के नगर पंचायत आनन्दनगर में संचालित एक सीएससी श्याम बेब जोन पर आधार कार्ड बनाने के नाम पर एक महिला से दो सौ रुपए की धन उगाही करने की सूचना पर पत्रकार राहुल पाण्डेय व पत्रकार रमेश कुमार खबर संकलित करने के लिए गए हुए थे। सहज जन सेवा केन्द्र संचालक से उक्त के सम्बन्ध में पूछे जानें पर वह आग बबूला हो गया और केन्द्र संचालक ने अपने अन्य साथियों को फोन कर दर्जनों बदमाशों को बुला लिया जो अवैध असलहा से लैस पहुंचे और पत्रकारों को जान से मारने की कोशिश किया तथा गाली देते हुए अपने साथियों के साथ मारने पीटने लगे। उक्त प्रकरण में जब पत्रकार गण ने थाने पर तहरीर देने पहुंचे तो चौकी प्रभारी अमित सिंह पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करने लगे मना करने पर गाली गुप्ता देते हुए मारपीट पर अमादा हो गए तथा उल्टे पीड़ित पत्रकारों को ही हवालात में बैठा दिया। चौकी प्रभारी के उक्त व्यवहार से आहत पत्रकार गण सीओ कार्यालय पर धरने पर बैठ गए। प्रकरण में पत्रकार संगठनों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौपकर मांग किया है कि चौकी प्रभारी फरेन्दा अमित सिंह के विरुद्ध एवं सीएससी संचालक व उसके अन्य साथियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाये। तहसीलदार ने उक्त प्रकरण की जॉच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

# कौड़ियां ब्लॉक के ग्राम पंचायत अधिकारियों में मचा हड़कंप

* पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान से दो हजार रूपए मांगने के वायरल ऑडियो का मामला

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



जिले के जंगल कौड़िया ब्लॉक के एक ग्राम सचिव का ग्राम प्रधानों से दो-दो हजार रुपया मांगने का ऑडियो वायरल होने के बाद विकास खण्ड क्षेत्र में माहौल गर्मा है । जहां वायरल आडियो की जांच के लिए डीपीआरओ ने कमेटी गठित कर दी है तो वहीं इस मामले से नाराज ग्राम प्रधानों ने भी मोर्चा खोल दिया है।
बताते चलें कि विगत मंगलवार से ही ब्लाक के एक ग्राम पंचायत सचिव का दो हजार रुपया मांगने की आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिससे ब्लाक के ग्राम पंचायत अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि वायरल ऑडियो में एक महिला ग्राम प्रधान महिला सचिव से पूछ रही हैं की किस बात का दो-दो हजार रुपया लिया जा रहा है तो सचिव बता रही हैं कि ब्लॉक में एक माननीय जी आएंगे उनके चाय-पानी के लिए पैसा लिया जा रहा है। मामले में क्षेत्रवासियों ने जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। गंभीरता को देखते हुए वायरल ऑडियो के जांच के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी ने कमेटी गठित किया है। गठित कमेटी में एडीपीआरओ मुख्य जांच अधिकारी नामित है।
इस संबंध में पूछे जाने पर एडीपीआरओ आशुतोष कुमार ने बताया कि दो दिन में वायरल ऑडियो की जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी उसके बाद उच्च अधिकारी विधि अनुसार कार्यवाही करेंगे।

## बरहज में निकली भव्य शिव बारात हर हर महादेव के नारों की रही गूंज

जन एक्सप्रेस। बरहज, देवरिया

महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को एक ओर जहां मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर भोर से ही चलता रहा। वहीं दूसरी तरफ नगर के श्रीराम जानकी नीलकंठ महादेव मंदिर से भगवान शंकर की भव्य शिव बारात महंत मुन्नादास महाराज के अगुवाई में निकाली गयी। गाजे-बाजे और हाथी-घोड़े के साथ निकली भगवान शिव की बारात को देखने के लिए लोग उमड़ पड़े। बारात में शामिल भगवान शिव तथा उनके गणों की झांकी सभी के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस दौरान भगवान शिव के जयकारे भी लगते रहे। अपरान्ह को मंदिर परिसर से विशाल रथ पर निकली शिव की बारात में शामिल बाराती पैदल ही चल रहे थे। बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। बैंड बाजे तथा हाथी-घोड़े के साथ निकली इस शिव बारात में शामिल भक्त हर हर महादेव के नारे भी लगते रहे। ज्यों-ज्यों बारात आगे बढ़ती गयी, इसमें शामिल भक्तों की संख्या में बढ़ती चली गयी। मंदिर परिसर से निकली भगवान शिव की बारात पटेल नगर, हनुमान गढ़ी, थाना रोड, मेन रोड, रुद्रपुर रोड पैना रोड से होकर गुजरी। इस दौरान भगवान शिव के भक्ति गीतों की धुन पर बाराती झूमते रहे और भगवान शिव के जयकारे भी गूंजते रहे। जिस मार्ग से बारात गुजर रही थीं छतों से लोग बारातियों का फूल वर्षा करके स्वागत कर रहे थें। दर्जनों शिव भक्त स्टॉल लगाकर बारातियों के लिए जलपान की व्यवस्था किए हुए थे। सतर्कता के लिए शिव बारात के साथ क्षेत्राधिकारी आदित्य गौतम व। प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस बल के जवान भी चलते रहे।

## सभासद ने ईओ पर लगाया विकास कार्यो में लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

नगर पंचायत कैम्पियरगंज के वार्ड नम्बर 14 के सभासद ने नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी पर वार्ड में विकास कार्यों में लापरवाही का आरोप लगाया है, सभासद ने मिडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि वार्ड में विकास कार्य ठप्प हैं हैं जबकि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हैं कि जो सरकार की कार्य योजना है वह जनता तक पहुंचे परन्तु नगर पंचायत कैम्पियरगंज के ईओ की लापरवाही से वार्ड में विकास कार्य जनता तक नहीं पहुंच पा रहा हैं। वार्ड के सभासद राम रत्न यादव ने कहा कि मेरे वार्ड में अवैध अतिक्रमण हटाने, रोड़ निर्माण, बिजली पोल लगाने, नाली निर्माण के कार्य नहीं हो पा रहे हैं जबकि कि मेरे द्वारा ईओ को लिखित दिया गया परन्तु कोई कार्य नहीं हुआ। सभासद ने कहा कि जब अधिकारी ही ऐसे कार्य कर रहे हैं तो जनता को कैसे लाभ मिल पाएगा।

### ईओ ने नहीं रिसीव किया पत्रकारों का फोन कॉल



मामले के संबंध में जानकारी के लिए अधिशासी अधिकारी को बार बार फोन करने पर भी उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया जो कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के निर्देशों का मखौल उड़ाना है, वहीं चेयरमैन प्रतिनिधि गोपाल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया हैं बजट आते ही कार्य कराया जाएगा।

# जनकल्याणकारी चित्र प्रदर्शनी का जनप्रतिनिधियों ने किया अवलोकन

जन एक्सप्रेस। उरई



सूचना व जनसम्पर्क विभाग द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से कार्यक्रमो के प्रचार-प्रसार व सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास-सबका प्रयास नामक विषय पर लगायी गयी तीन दिवसीय प्रदर्शनी का केन्द्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, विधायक सदर गौरीशंकर वर्मा, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, सीडोओ भीमजी उपाध्याय, पीडी शिवाकान्त द्विवेदी, डीडीओ सुभाष चन्द्र त्रिपाठी ने इन्दिरा स्टेडियम में फीता काटकर शुभारम्भ कर प्रदर्शनी में लगी जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी ने अवलोकन किया। अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को पुष्पगुच्छ को भेंट कर स्वागत किया और प्रदर्शनी में लगी समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों ने सूचना व जनसम्पर्क द्वारा सबका साथ-सबका विकास सबका विश्वास-सबका प्रयास पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन कर सराहना की। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पंक्ति के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ दिया जायें। जनप्रतिनिधियों ने जनपदवासियों से अपील की है कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा इन्दिरा स्टेडियम में जनकल्याणकारी योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर संबंधित विभाग से लाभ उठायें। अपर जिला सूचना अधिकारी पंकज तिवारी ने बताया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जनपद स्तरीय तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाओं की चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जा रहा हैं।

### एयरटेल टॉवर में शार्ट सर्किट से लगी आग, नुक़सान

जन एक्सप्रेस/उरई। शहर में स्थित एयरटेल के टॉवर में शुक्रवार की दोपहर शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक टावर में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया था। शहर कोतवाली क्षेत्र में सुहाग महल के पास स्थित पाठक के बगिया में लगे एयरटेल टावर में शुक्रवार दोपहर को शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और ऊंची ऊंची आग की लपटे उठने लगी। जैसे ही आसपास के लोगों ने आग की लपटे देखी, तो उनमें हड़कंप मच गया और उन्होंने ड्यूटी करने वाले सिक्योरिटी गार्ड को सूचना दी। इसके बाद सिक्योरिटी गार्ड के साथ मिलकर लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपटे न थमने पर सूचना दमकल कर्मियों को दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक टावर में रखे जनरेटर व कई महत्वपूर्ण सामान जलकर खाक हो गए। जिससे लाखों रुपए की क्षति बताई जा रही है।

## पुलिस की पलटी जीप, थानाध्यक्ष व हमराही घायल

जन एक्सप्रेस। उरई



कैलिया रोड पर अन्ना पशुओं को बचाने के प्रयास में थानाध्यक्ष की जीप पलट गई। जिसमें सवार थानाध्यक्ष सहित हमराही घायल हो गए। जिन्हें लोगों ने अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं सूचना पर पहुंचे एसपी व सीओ ने घायलों का हाल-चाल जाना। कैलिया थानाध्यक्ष नीलम सिंह शुक्रवार की सुबह अपने हमराही महिला सिपाही रानी उत्तम, सिपाही सुनील व ड्राइवर सचिन कुमार के साथ महाशिवरात्रि पर देवगांव में आयोजित मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जा रही थी। जैसे ही उनकी जीप ग्राम पीपरी के पास पहुंची। तभी सड़क पर अचानक गाय आ गई। जिसे बचाने के लिए जीप चालक सिपाही सचिन कुमार ने प्रयास किया।
तभी जीप का पिछला पहिया सड़क की ऊंचाई पर चढ़ गया। जिससे जीप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई और जीप में सवार कैलिया थानाध्यक्ष नीलम सिंह और उनके हमराही घायल हो गए। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना को देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जिन्होंने तत्काल जीप से सभी लोगों को बाहर निकाला और इलाज के लिए कोंच के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही जालौन के एसपी डॉ. ईरज राजा व कोंच सीओ उमेश कुमार पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।
जिन्होंने घायल थानाध्यक्ष और अन्य घायल सिपाहियों की हालत के बारे में जानकारी ली। वहीं चिकित्सक ने प्रथम उपचार करने के बाद सभी को मेडिकल कॉलेज उरई के लिए रेफर कर दिया।

# हाईस्कूल के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस। उरई

कोटरा कस्बे के मोहल्ला तालपुरा में हाईस्कूल के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
कोटरा कस्बे के मोहल्ला तालपुरा निवासी सुरेंद्र अहिरवार का पुत्र मोहित अहिरवार 17 वर्ष हाईस्कूल का छात्र था। जिसका गुरुवार को सामाजिक शास्त्र का आखरी पेपर हुआ था।हाईस्कूल के सभी पेपर ठीक ठाक होने की खुशी में उसने गुरुवार दोपहर को अपने गांव के दोस्तों के साथ पार्टी की थी, और शाम के समय अपने घर आ गया था। देर शाम उसकी मां गुड्डी देवी व पिता सुरेंद्र खेत पर थे, और वह घर में अकेला था। इस दौरान उसने मकान की छत पर जाकर रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली।
जिसमें उसकी मौत हो गई। मां खेत से घर आई और उसे पुत्र नजर नहीं आया, तब उसने पड़ोस में ही रहने वाले मोहित के दोस्त जीतू को बुलाया और उससे खोज करने को कहा। खोजबीन के दौरान छत पर उसका शव रस्सी से लटक रहा था। फांसी के फंदे पर लटक रहे शव को देखकर मौके पर हड़कंप मच गया और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।
मृतक के भाई सचिन व बाकी घरवाले उसकी खुदकुशी की वजह के बारे में कुछ भी नहीं बता पा रहे हैं। फिलहाल घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शिवालयों में महाशिवरात्रि पर उमड़ा जलसैलाब

जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी, देवरिया। उपनगर के विभिन्न शिवालयों में लोक आस्था का महापर्व शिवरात्रि के अवसर पर नगर के शिवालियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आस्था का उमड़ा जन सैलाब उपनगर स्थित शिव मंदिर पर प्रातः से ही शिव भक्तों का तांता लगा रहा, यहां मंदिर के मुख्य पुजारी ने विधि विधान से भगवानशिव का पूजन अर्चन किया और उसके बाद से मुख्य द्वार जो है भक्तों के लिए खोल दिया गया भक्तों ने अपने श्रद्धा के साथ महादेव का दर्शन किया व जलाभिषेक किया। वही नगर के अन्य क्षेत्र पिपरहीया जगउर बेलपार पंडित बनकटा मिश्र सहित विभिन्न स्थान पर शिव बारात की झांकी निकाली गई जो कि बाद ही मनमोहक वह भव्य तरीके से सजाया गया था। इस अवसर पर भक्तों ने पूजन के साथ सभी के कल्याण की कामना की और हर-हर महादेव के उद्घोष करते हुए शिव ही आरंभ शिव ही अंत, शिव को अर्पण मन के भाव शिव तपस्वी शिव ही शक्ति, शिव ही आदि शिव ही अनंत।

# साहब दबंग के अवैध कब्जे से शिवमंदिर को मुक्त कराओ : संतोष साहू

* प्रार्थी ने शिवमंदिर को अवैध कब्जे से मुक्त कराये जाने बाबत कोतवाली पुलिस को सौंपा प्रार्थना पत्र

जन एक्सप्रेस। महोबा

शहर के मोहल्ला समदनगर स्थित शिवमंदिर तथा शिवमंदिर परिसर की पड़ी भूमि पर रवि साहू पुत्र स्वं0 चन्द्रभान साहू ने अवैध रूप से कब्जा कर बाउण्ड्रीबाल का निर्माण कर रखा है। पूजा अर्चना के लिए शिवमंदिर जाने वाले परिजनो तथा आम नागरिको को नही करने दे रहा है। उक्त आरोप लगाते हुए संतोष कुमार साहू ने सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र सौपकर अवैध कब्जाधारी रवि साहू के विरूद्ध सुसंगित धाराओ मे रिपोर्ट दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है।
संतोष साहू द्वारा सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे उल्लेख किया है कि शहर के मोहल्ला समदनगर स्थित इण्डेन गैस एजेंसी के पास साहू परिवार के पूर्वजो द्वारा शिव मंदिर का निर्माण कराया गया था। उक्त शिवमंदिर मे परिजन तथा अन्य शिवभक्त पहुँचकर पूजा अर्चना करते चले आ रहे है। पिछले कुछ वर्षो से आबादी विकसित हो जाने पर रवि साहू ने शंकर जी के मंदिर तथा मंदिर परिसर मे पड़ी भूमि पर अपना राजनैतिक दबाव तथा प्रभाव का गलत उपयोग करते हुए बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। संतोष साहू ने यह भी उल्लेख किया है कि प्रार्थी शिवरात्रि पर्व पर जब शिवमंदिर पूजा अर्चना करने पहुँचा तो गाली



गलौच करके लगा तथा लड़ने झगड़ने पर आमादा हो गया इसी तरह अन्य परिजनो को भी मंदिर मे पूजा अर्चना नही करने देता है।
पत्र मे यह भी कहा है कि रवि साहू के पास सशस्त्र लाईसेंस है यह व्यापार मण्डल महोबा का जिला प्रभारी है जिसका गलत दबाव प्रभाव दिखाकर अपना रूआब गालिब करता रहता है तथा मोबाइल पर मुझ प्रार्थी को तरह- तरह की धमकियां दे रहा है। प्रार्थी द्वारा यह कहे जाने पर कि उपरोक्त शिव मंदिर पूर्वजो द्वारा निर्मित है और मंदिर किसी कि निजी सम्पत्ति नही होती वह सार्वजनिक है पूजा अर्चना करने से किसी को रोका जाना हिंदू धर्म के विरूद्ध है। इस पर रवि साहू भड़क गया और बाप, बेटे मेरी दुकान पर आ धमके और मुझ प्रार्थी तथा मेरी माँ को गाली गलौच कर अपमानित किया तथा मारने पीटने की धमकी दी। जिसे मैने मोबाइल पर रिकार्ड कर रखा है। प्रार्थी संतोष साहू ने रवि साहू के विरूद्ध सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह को प्रार्थना पत्र देकर रवि साहू के कब्जे से शिवमंदिर को मुक्त कराये जाने तथा उसके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### कस्बे में धूम धाम से निकली शिव की बारात

जन एक्सप्रेस/कबरई/महोबा। महाशिव रात्रि के पर्व पर कस्बे में शिव बारात धूम धाम से निकली,नगर वासियो ने फूलो की वर्षा करते हुये जगह जगह जलपान की व्यवस्था कर स्वागत किया। प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी शिव जी की बारात धूम धाम से निकाली गई। नृत्य करते अश्व एव डी0जे0 पर नाचते युवा आकर्षण के केन्द्र रहे। पुराने मढ़ा मन्दिर से पांच पहाड़ी होते हनुमान जी के मन्दिर एव बड़ा चैराहा से निकली दोनो शिव बारात नगर के विभिन्न मार्गों से होकर वापस अपने स्थान पहुची। शिव भक्तो ने कई जगह पंडाल लगाकर शिव बारात का स्वागत किया। महिलाओ ने पुष्प वर्षा कर भगवान शंकर के दर्शन किये। शाम को बारात पहुंचने पर धूम धाम से शिव पार्वती का विवाह सम्पन्न कराया। विवाह के बाद लोगो को प्रसाद वितरण किया गया।

# 'रामेश्वरमय' हुई श्रीराम की नगरी: महाशिवरात्रि पर अयोध्या में गूंजा हर-हर महादेव का महाघोष

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

श्रीहरि की साकेत नगरी अयोध्या शुक्रवार को भगवान राम के भी ईश्वर यानी **रामेश्वर** को समर्पित हो गई। भोर के तीन बजे से ही हर-हर महादेव के महाघोष और भोले शंकर के जयकारों के बीच शिव भक्तों का सैलाब पहले सरयू नदी के घाट पर और इसके बाद शिव मंदिरों उमड़ पड़ा। प्रातः से ही सरयू में डुबकी लगाकर भक्त अपने आराध्य भोलेनाथ के दर्शन को आतुर दिखे। शिवरात्रि पर अयोध्या में जुटने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए योगी सरकार ने सुरक्षा चक्र को काफी मजबूत कर दिया था। सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षाकर्मी तैनात रहे। रूट डायवर्सन के माध्यम से भीड़ को नियंत्रित किया गया। वहीं राममंदिर में दर्शनार्थियों के लिए सुगम दर्शन की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई थी।



### प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली महाशिवरात्रि

अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद यह पहली महाशिवरात्रि है, इसलिए भोले के उपासक इसे और भी खास मान रहे हैं। बता दें कि भगवान श्रीराम जहां महादेव को अपना ईश्वर बताते हैं और उनके ज्योतिर्लिंग की स्थापना करते हैं, वहीं देवाधिदेव शिव भी हनुमान के रूप में रुद्रावतार लेकर रामकाज और प्रभु भक्ति का प्रतिमान गढ़ देते हैं। श्रीराम और शिव के बीच इस अलौकिक संबंध की झलक अयोध्या में हर जगह बिखरी दिखाई दी। नगर के विभिन्न शिवालयों में भोर से ही श्रद्धा और भक्ति में सराबोर शिव भक्तों की लंबी कतार देखने को मिली।

### कुश ने की थी नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर की स्थापना

देश के 108 प्रमुख शिवमंदिरों में से एक अयोध्या का नागेश्वर नाथ महादेव मंदिर शिवभक्तों की आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। मान्यता है कि नागेश्वर नाथ मंदिर की स्थापना भगवान राम के पुत्र कुश ने की थी। लिहाजा शिव भक्तों ने ब्रह्म मुहूर्त से ही सरयू स्नान करके बेल पत्र, गेहूं की बाली, गन्ने का गुटका, बेर, पुष्प, धतूर चढ़ाकर दूध और जल का अभिषेक करना प्रारंभ कर दिया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद इंतजाम किए गए थे।

### धूमधाम से निकली शिव बारात

देर शाम अयोध्या धाम व अयोध्या नगर के सभी शिव मंदिरों से भगवान शिव की बारात धूमधाम से निकली गई। इसमें अयोध्या के नागेश्वर नाथ मंदिर से निकलने वाली बारात बेहद खास रही। यह नगर भ्रमण करते हुए क्षीरेश्वर नाथ मंदिर, हनुमानगढ़ी और कनक भवन मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों से होते हुए वापस नागेश्वर नाथ मंदिर पहुंचेगी। जहां देर रात्रि देश-विदेश के भक्तों के बीच भगवान शिव और माता पार्वती के पाणिग्रहण संस्कार के भावपूर्ण अनुष्ठान संपन्न किए जाएंगे। अयोध्या नगर की सभी शिव बारात चौक बाजार मे एकत्र हुई। गाजे बाजे व हर हर बम बम के गगन भोलेनाथ के जयकारों के बीच ककरही बाजार स्थिति शिव मंदिर पहुंची। जहां स्थानीय लोगों ने शिव बारात का भव्य स्वागत किया। देर रात तक बारात की खातिरदारी व शिव-पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर गरीब कन्याओं का विवाह भी सम्पन्न कराया गया। शिव बारात मे जनप्रतिनिधि व नगर के तमाम संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# भारत का अमृत काल निश्चित रूप से नारीशक्ति का होगा प्रतीक: मधु पाठक

## भाजपा जिला शोध प्रमुख के नेतृत्व में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस



जन एक्सप्रेस । अयोध्या

भाजपा जिला शोध प्रमुख (अवध क्षेत्र) मधु पाठक ने अपने बेनीगंज स्थित निवास स्थान पर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया श्रीमती पाठक ने बहनों को मिठाई खिलाकर बधाई दी साथ ही कहा कि ये विशेष दिन देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को नमन करने का अवसर होता है। महाकवि भारतियार जी ने कहा है कि विश्व तभी समृद्ध होगा, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। आज देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी-शक्ति पीछे रह गई हो। एक और क्षेत्र, जहां महिलाओं ने, अपनी नेतृत्व क्षमता का बेहतरीन प्रदर्शन किया है, वो है प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता आज केंद्र में एक ऐसी सरकार है जो न्याय के केंद्रबिंदु में महिलाओं को रख कर नए कानून बना रही है। भारत का अमृत काल निश्चित रूप से नारीशक्ति के लिए अत्यंत विशेष सिद्ध हो रहा है। जल, थल, नभ और अंतरिक्ष में अपना साहस दिखाने वाली हमारी बेटियों के सामर्थ्य और शक्ति का पूरा विश्व साक्षी है। इस अवसर पर मालती सिंह, दर्शना पांडे, ऊषा पाठक, सविता द्विवेदी, सुनीता सिंह, पल्लवी गुप्ता, अमिता दुबे, मंजू दुबे, माया तिवारी, अवधेश कुमारी, लीलावती पांडे, सीमा पांडे, कस्तूरी, कुसुम सहित सैकड़ों मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ा भक्तों का जन सैलाब हर-हर महादेव के नारों से गूंजा शिवालय

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

जनपद के शिव बाबा में शुक्रवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इसके अलावा शहर अन्य सभी शिवमंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर कई मंदिर परिसरों में भव्य मेले का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए शिव मंदिरों के आसपास पुलिस के जवान तैनात रहे।

शुक्रवार की सुबह चार बजे से ही शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। सूर्य निकलते ही शहर के शिव मंदिरों में महिला व पुरुषों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान जलाभिषेक को पहुंचे महिला व पुरुष हर-हर महादेव तथा जय भोले शंकर का जयकारा लगाते रहे। जनपद के अयोध्या रोड स्थित शिव बाबा, पूर्वी नाका शहजादपुर काली मंदिर तथा शिवालय घाट सहित नगर के सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु बेलपत्र, धतूरा, भांग, बैर, अक्षत, धूप, दूध तथा जल से पूजा अर्चना करने में जुटे रहे। महाशिवरात्रि को देखते हुए पुलिस कर्मी पूरे दिन सतर्क रहे। प्रशासनिक स्तर पर शहर के सभी शिव मंदिरों पर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। मंदिर परिसर के अलावा आसपास के इलाकों में पुलिस कर्मियों ने सतर्क निगाहों से नजर रखा। पूरे दिन मंदिरों में सुरक्षा के जवान तैनात दिखे।



# महाशिवरात्रि के अवसर पर रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़

* हर हर बम बम जय शिवशंकर की गूंज से गुंजायमान रहा क्षेत्र

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्थापित शिव मंदिरों पर शुक्रवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। भोर सुबह से ही जलाभिषेक तथा रुद्राभिषेक का क्रम शुरू हुआ जो दिनभर जारी रहा। जानकारी के अनुसार 8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाशिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ के पूजन अर्चन का विशेष विधान है । शिव भक्त भोर सुबह से ही शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करने के लिए पहुंच रहे थे। शिव मंदिरों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक तथा रुद्राभिषेक किया। जिले की प्रमुख मंदिरों झारखंडेश्वर महादेव, प्रकारेश्वर महादेव, जंगलेश्वर महादेव, रेणुका नाथ महादेव व पोखरनाथ महादेव के अलावा मथुरा बाजार का प्रमुख गौरी शंकर महादेव मंदिर पचपेड़वा का शिवगढ़ धाम मंदिर तथा उतरौला का दुखहरण नाथ मंदिर पर बड़ी संख्या में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारे दिखाई दी। सभी स्थानों पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। श्रद्धालु राप्ती नदी से जल लेकर जंगलेश्वर नाथ महादेव राजापुर भरिया जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। केमिकल डिविजन के शिव मंदिर पर बड़ी संख्या में कर्मचारियों तथा उनके परिजनों ने भगवान शिव का जल अभिषेक, रुद्राभिषेक दुग्ध अभिषेक व अन्य प्रकार के अभिषेक करके पुण्य अर्जित किया। वहीं बलरामपुर चीनी मिल परिसर में स्थापित शिव मंदिर पर भी पूरे दिन भगवान शिव का पूजन अर्चन जारी रहा।

# झाड़फूंक के बहाने मौलाना ने किया दुष्कर्म



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद में दरगाह शरीफ किछौछा में महाराष्ट्र से जियारत करने आई 24 साल की युवती से मौलाना ने दुष्कर्म किया। आरोपी उसे झाड़ फूंक के बहाने अंदर ले गया और वहां पर दरिंदगी की। वारदात बसखारी थाना इलाके के किछौछा की है। युवती की तहरीर पर बसखारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है।बसखारी थाना इलाके के नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम साहब के अस्ताने पर महाराष्ट्र से आयी एक जायरीन महिला ने तहरीर देकर बताया कि मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ ने झाड़ फूंक के नाम पर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद युवती को कहीं मुंह खोलने पर परिवार समेत जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़ित युवती की तहरीर पर बसखारी थाने की पुलिस ने आरोपी मौलाना सैयद मो. अशरफ पुत्र इनाम अशरफ के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उसके ठिकानों पर दबिश देते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पलक वूमेन एंड चाइल्ड्स डेवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन । कार्यक्रम को सोसाइटी की अध्यक्षा रश्मि वर्मा ने संबोधित किया।उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर मोर्चे पर पुरुषों को टक्कर दे रही हैं। चाहे वह देश को चलाने की बात हो या फिर घर को संभालने का मामला, यहां तक कि देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी भी वे बखूबी निभा रही हैं। महिलाओं ने हर जिम्मेदारी को पूरी तन्मयता से निभाया है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में अपना विशेष योगदान दे रही है एक दौर था जब भारत समेत कई देशों में महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार और सम्मान नहीं मिलता था। अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए महिलाएं आवाज उठा रही हैं। हम लड़कियां किसी से कम नहीं है। उन्होंने महिलाओं के सशक्त होने से समाज के सशक्त होने की बात कही। इस मौके पर दिव्यांशी विमलेश शांति देवी यात्री सिंह सुषमा यादव कंचन श्रीवास्तव रेखा प्रजापति शशि कला जायसवाल आदि मौजूद रही है।

# बसपा से जुड़े कई समर्थक असमंजस की स्थिति में

## जल्द ही कई नेता थामेगें भाजपा का दामन

जन एक्सप्रेस । बीकापुर- अयोध्या

संसदीय क्षेत्र अंबेडकर नगर के मौजूदा सांसद रितेश पांडेय द्वारा बहुजन समाज पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने और भाजपा द्वारा उन्हें अंबेडकर नगर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद गोसाईगंज विधानसभा अंतर्गत बीकापुर क्षेत्र के बसपा से जुड़े उनके कई प्रबल समर्थक अभी असमंजस की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं।

लेकिन उनका रितेश पांडेय के समर्थन में आना तय माना जा रहा है। भाजपा से उम्मीदवार बनाए जाने के बाद अयोध्या में प्रथम आगमन के दौरान गोसाईगंज विधानसभा अंतर्गत बसपा से जुड़े बीकापुर क्षेत्र के कई समर्थकों द्वारा सांसद का स्वागत किया जाना राजनीतिक हल्कों में कई संदेश दे रहा है। बहुजन समाज पार्टी के कई कद्दावर नेताओं की मौजूदगी गोसाईगंज विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी के अंदर एक और बगावत का संकेत दे रही है। सूत्रों की मानें तो बहुजन समाज पार्टी के संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदाधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य रितेश पांडेय के प्रबल समर्थक रहे जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव लड़ चुके बीकापुर क्षेत्र के एक ब्राह्मण नेता के नेतृत्व में भाजपा ज्वाइन करके समर्थकों के साथ रितेश पांडे को चुनाव में समर्थन दे सकते हैं। इन अटकलें के बीच खजुरहट निवासी बहुजन समाज पार्टी नेता श्रवण दुबे का नाम सुर्खियों में है। जो बसपा की टिकट से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव भी लड़ चुके हैं। तथा क्षेत्र में अपना राजनीतिक प्रभाव रखते हैं। इसके अलावा बसपा से जुड़े अन्य लोगों के रितेश पांडेय के समर्थन में जाने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन अभी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित हुआ अनंता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर




शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय पर विकास भवन सभागार में **अनंता कार्यक्रम** का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आत्म निर्भर बनने हेतु किये जा रहे प्रयासों के लिए प्रशंसा करते हुये उत्साहवर्धन किया गया तथा सरकार द्वारा महिलाओं/बालिकाओं हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं को जनसामान्य तक पहुँचाने हेतु आग्रह किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाली 19 महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं द्वारा अपने स्व रोजगार एवं चुनौतियों के बारे में भी विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशंसा पत्र पाकर सभी महिलाओं द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा महिलाओं द्वारा यह भी बताया गया कि वे स्वयं को आत्म निर्भर बनने के साथ ही अपने आस-पास की महिलाओं को भी आत्म निर्भर बनाने में पूरा सहयोग करेंगी। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहायक निदेशक मत्सय, प्रदीप कुमार द्विवेदी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, रागिनी मिश्रा महिला कल्याण अधिकारी महिला शक्ति केन्द्र, दीपिका तिवारी, जिला समन्वयक, ओंकारनाथ चौधरी, प्रबन्धक, ग्रामीण बौद्ध कल्याण सेवा संस्थान बलरामपुर अमित कुमार, कनिष्ठ सहायक, बद्री विशाल परामर्शदाता, सुनील कुमार वर्मा आंकड़ा विश्लेषक, चिनकान प्रसाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तथा कार्यक्रम में कुल 45 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज में शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। जानकारी के अनुसार 8 मार्च को ''महाशिवरात्रि'' पर्व के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एमपी तिवारी, उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय एवं ए0के0 तिवारी ने भगवान शिव के चित्र पर माल्यापर्ण तथा द्वीप प्रज्जवलित करके आरती उतारी । विद्यालय के किड्ज जोन से भगवान शिव जी की बारातियों में सभी गणों एवं देवी-देवताओं के साथ बारात निकली गयी।

प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाओं ने भगवान शिव जी की बारात का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। सज रहे मेरे भोले बाबा निराले दूल्हे में नामक गीत पर एक समूह नृत्य में ख्याति, वैष्णवी, आराध्या, आरोही, रत्नप्रिया, आरायना, हलाता, हादिया, मिशिता ने बहुत ही मनमोहक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। साथ ही विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय ने कार्यकम में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को टॉफी व किताबे वितरित किया।

# महिला दिवस पर हुआ सम्मान, वक्ताओं ने कहा: 'हर कार्य में सक्षम हैं महिलाएं'

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ अयोध्या द्वारा आयोजित समारोह में 21 महिलाओं को सम्मानित किया गया। जहां सम्मान पाकर महिलाएं गदगद हो गईं। उधर वक्ताओं ने समाज में महिलाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला।

जिसका शुभारंभ आरोग्य भारती के प्रान्त सहमंत्री डॉक्टर उपेन्द्रमणि त्रिपाठी व विभाग प्रमुख बीएमएस जय प्रकाश सिंह, जिला अध्यक्ष अम्बरीष सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रान्त सहमंत्री डाक्टर उपेन्द्रमणि त्रिपाठी ने कहा कि बेटियां ही परिवार को और देश को सशक्त और समृद्ध कर सकतीं हैं। एक बेटी के पढ़ने से कई परिवार पढ़ जाते हैं और विकास बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति एवं शिक्षा ने नारी मन को उच्च आकांक्षाएं सपनों के सप्तरंग एवं अंतर्मन की परतों को खोलने की नई राह दी है। विभाग प्रमुख जय प्रकाश सिंह ने कहा कि नारी शक्तिस्वरूपा है। संसार को स्वर्ग बनाने में नारी शक्ति की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही नारी समाज के हर क्षेत्र में बखूबी अपनी भागीदारी का निर्वहन कर रही है। यह अब गुजरे जमाने की बात समझी जाने लगी है जब महिलाओं को दोयम दर्जे की नागरिक माना जाता था।जिला संरक्षक सत्यप्रकाश ने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है वहां देवता निवास करते है। हर क्षेत्र में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं।

राष्ट्रीय सेवका समिति की जिला कार्यवाहिका अनामिका त्रिपाठी ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं अपना विशेष स्थान बना रही हैं। नारी की आत्मिक एकता को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए मानसिक धरातल को सकारात्मक चिन्तन दिए जाने की आवश्यकता है । दुनिया में कोई भी महापुरुष हुआ हो उसकी सफलता के पीछे नारी की ही अहम भूमिका है । महिलाओं को समाज के उत्थान के लिए आगे आने में हर संभव प्रयास करते रहना चाहिए। जिला अध्यक्ष अम्बरीष सिंह ने कहा नई सदी की नारी के पास कामयाबी के उच्चतम शिखर को छूने की अपार क्षमता है। समाज के दो पंख है एक स्त्री व दूसरा पुरुष यह दोनों पंख समान होंगे तभी समाज, देश व राष्ट्र का विकास होगा । संस्कारों की जन्मदात्री नारी शक्ति ही है।

सम्मानित होने वाली मातृशक्तियों में श्रीमती खुक्कू चौधरी, सिग्नल मेंटेनर श्रीमती शीला एवं श्रीमती पूजा, श्रीमती संगीता, श्रीमती राधा यादव , डॉ सारिका, डॉ याशी यादव, अध्यापिका श्रीमती अनामिका त्रिपाठी, सामाजिक कार्यकत्री श्रीमती रूपा पाठक, सब इंस्पेक्टर श्रीमती कुसुम देवी, श्रीमती शर्मीला यादव, श्रीमती ममता रहीं !कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री सुजीत कुमार पाण्डेय ने किया।इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ, अयोध्या जिला मंत्री सुजीत कुमार पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष खुक्कू चौधरी, कोषाध्यक्ष विवेक जायसवाल, अभिषेक पाण्डेय, बृजेश जायसवाल, प्रचार मंत्री पुष्कर दत्त तिवारी, करुणेश शर्मा, मंडल मंत्री भाजपा रूपा पाठक, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनपद भर में गूंजा हर हर महादेव

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत






बरखेड़ा। शुक्रवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। जनपद के सभी मंदिरों देवालयों और शिवालयों में आस्था का जन सैलाब जहां सुबह से ही लंबी-लंबी लाइन लगाकर पूजा अर्चना करने हेतु लगा रहा। जनपद में धूमधाम के साथ शिव पार्वती की बारात निकाल गई गाजे बाजे के साथ लोगों ने धूमधाम के साथ शिवरात्रि का पर्व मनाया। लोगों ने मंदिरों में भगवान शिव की पूजा की और उन्हें धतूरा, बैर, बेलपत्री दूध प्रसाद आदि चढ़ाया इस मौके पर जगह-जगह प्रसाद भी वितरित किया गया साथ ही मंदिरों के बाहर पुलिस बल भी तैनात रहा। सुप्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लंबी-लंबी लाइन लगी रही और पुलिस प्रशासन भी मौके पर तैनात रहा। बरखेड़ा थाना क्षेत्र के मंदिरों में अखंड पाठ का आयोजन किया गया तथा भारी संख्या में लोगो ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की कस्बे में गांधी आश्रम के सामने शिव मंदिर पर अखंड पाठ का आयोजन हुआ कस्बे के मोहल्ला मालियान में शिव मंदिर पर अखंड पाठ का आयोजन तथा ठाकुर द्वारा मंदिर पर भारी संख्या में लोगो ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की एवं राधा कृष्ण मंदिर पर भगवान के शिवलिंग पर जलाभिषेक कर प्रसाद चढ़ाकर मनोकामना की थाने परिसर में बने शिव मंदिर पर लोगो ने भारी संख्या में पूजा अर्चना की व अखिडिया मंदिर पर हजारों की संख्या में लोगो ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही तथा जगह जगह मंदिरों पर भंडारे का आयोजन किया गया भारी संख्या में लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# रोड नहीं तो वोट नहीं, ग्रामीणों ने नेताओं का किया बहिष्कार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



विकास खण्ड करंजाकला क्षेत्र के बरैयाकाज़ी गांव के ग्रामीणों ने चुनाव आते ही वोट का बहिष्कार करके प्रदर्शन किया। विकास की रौशनी से कोसों दूर है बरैयाकाजी गांव में सड़क पर बड़ा बड़ा गड्ढा, जल जमाव, कीचड़ युक्त सड़क दुर्व्यवस्था होने से नाराज ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का विरोध प्रदर्शन कर नेताओं का किया बहिष्कार। लोकसभा का चुनाव में प्रचार प्रसार सरकार के सभी वादों ने नेताओं के जोरों से प्रारम्भ कर दिया। लेकिन चुनाव नज़दीक आते ही राजनैतिक पार्टियों के नेता अपने सहयोगियों के साथ क्षेत्र में काफिला सहित सरकार के सभी काम की गिनती गिनाना शुरू कर दिए। बरैयाकाजी गांव में लोगों को आने जाने में बाधा उत्पन हो रहा है वही कीचड और जल जमा युक्त सड़क पर ग्रामीणों का घर से निकलना भारी पड़ गया। अगर घर से बाजार, विद्यालय, आने जाने आदि दशाओं पर जाने पर सोचना पड़ता है। अगर अतिआवस्यक कार्य है तो पहले जूता चप्पल हाथ में लेकर के आधा किलो मीटर दूर तक पैदल कीचड़ से गुजरना पड़ता है। इसके बाद किसी के नल पर सफाई करके आगे बढ़ते हैं। यह दशा लगभग 20 वर्ष से सभी स्थानीय ग्रामीणों का है।

**गांव की सड़क कीचड़ युक्त**

ग्रामवासियों का कहना है कि लगभग 20 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी गांव की सड़क कीचड़ युक्त बना हुआ है। मल्हनी विधानसभा क्षेत्र के बरैयाकाजी गांव में त्रिवेणी गुप्ता के घर से जिया मौर्या के घर तक लगभग 500 मीटर की दूरी तक की पक्की सड़क का है। जिसमें कई वर्षो से लगातार कीचड़ युक्त सड़क चर्चा में बना हुआ है। इस समस्या को लेकर के स्थानीय लोगों ने जब- जब चुनाव प्रचार में नेता गांव में आए है, तब यह समस्या उनको दिखा करके अपनी पीड़ा को अवगत कराया। लेकिन आज भी इस समस्या का समाधान नहीं हो सका। आज भी लोग कीचड़ में रहने को मजबूर है। इसी गुस्से में बरैयाकाजी गांव के लोगों ने कहा कि इस लोक सभा चुनाव में पहले रोड बनेगा तभी वोट मिलेगा।

## सरकार बनने के बाद नेता लोग भूल जाते हैं, किसी ने वादा नही निभाया

इस संबंध में जब ग्राम प्रधान राम सेवक गौतम से पूछा गया तो। उन्होंने कहा कि यह सड़क पी डब्लू डी के अंतर्गत आता है जो हमारे कार्यक्षेत्र में नहीं है। वर्षों से हमारे गांव के लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। इस समस्या को हमने कई बार सांसद, विधायक, से भी कहा लेकिन आज तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई। केवल सब लोग वादा पे वादा देते गए। लेकिन सरकार बनने के बाद नेता लोग भूल जाते हैं किसी ने वादा नही निभाया। राम सेवक ने कहा कि हम इस समस्या को लेकर के पुर्व मंत्री स्व.पारस नाथ यादव से भी कहा था। तब भी कोई कार्य नहीं हुआ। फिर विधायक उनके लड़के लकी यादव से कहा। कोई फर्क नहीं पड़ा। जब इसका समाधान नहीं हो सका तब पूर्व सांसद धनंजय सिंह और सांसद श्याम सिंह यादव से हम लोगों ने गुहार लगाई। मौके पर आकर के सभी लोगों ने समस्या को देख लेते हैं लेकिन आश्वासन देकर वापस लौट जाते हैं। अब फिर चुनाव नज़दीक आ गया है सभी दल के सहयोगी गांव में अपना-अपना प्रचार प्रसार कर रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि रोड बनेगा तो वोट मिलेगा, इन बातों हम भी सहमत हैं। जहां हमारे गांव वालों की खुशी है उसी में मेरा भी है। मै अपने गांव वालों की पीड़ा को समझता हूं। यह सड़क की ऊंचाई कर दी जाए और ह्यूम पाईप लगा कर जल निकासी हो जाए जिसे हमारा गांव खुशहाल हो जायेगा।

## हम उन्हीं को वोट देंगे जो हमारा रास्ता सुगम बनाएगा

इस समस्या को लेकर के फूलचंद यादव, बैजनाथ मौर्य, ननकू यादव, लालचंद यादव, दयाराम यादव, रामसेवक गुप्ता, मनोज गुप्ता, श्रीनाथ मौर्य, त्रिभुवन विश्वकर्मा, सुभाष गुप्ता, मनभावती देवी, सदरून निशा, उर्मिला गुप्ता, मधुबाला, लीलावती, रीमा फरजाना, रामसूरत गुप्ता उर्मिला आदि लोगों ने नेताओं का विरोध जताया और कहां की हम उन्हीं को वोट देंगे जो मेरा रास्ता सुगम बनाएगा।

# पत्रकारों का मामला : मानवाधिकार आयोग ने नोटिस जारी कर जिलाधिकारी से मांगी रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बरखेड़ा। विगत 19 अप्रैल 2023 को पत्रकारों के खिलाफ हुई मारपीट एवं हिरासत में लेकर फर्जी मुकदमे में जेल भेजे गए पत्रकारों को लेकर राज्य मानवाधिकार आयोग उत्तर प्रदेश ने जिलाधिकारी पीलीभीत को एक नोटिस जारी करते हुए मामले की इंक्वायरी और कार्रवाई के लिए आदेश जारी किया है। विदित हो कि बरखेड़ा के पूर्व थाना अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह के द्वारा 19 अप्रैल 2023 को पत्रकारों के खिलाफ मारपीट करते हुए उन्हें हिरासत में लिया तथा फर्जी मुकदमे में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा था। इतना ही नहीं पत्रकारों के साथ बर्बरता पूर्वक मारपीट भी की थी। लॉकअप में बंद करके पीने को गर्म पानी दिया तथा खाना भी नहीं दिया। थाना अध्यक्ष ने समाचार प्रकाशित करने के विरोध मे व्यक्तिगत रंजिश निकलते हुए अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करके पत्रकारों को निशाना बनाया था। सीजेएम कोर्ट के द्वारा मेडिकल कराने पर पत्रकारों के शरीर पर चोट के निशान पाए गए। विवेचना के दौरान भी पत्रकारों के ऊपर लगे आरोप सिद्ध नहीं हो पाए। माननीय एसीजेएम कोर्ट के द्वारा थाना अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह के खिलाफ पुलिस एक्ट धारा 29 के तहत भी कार्रवाई की गई थी। अभी भी जिसका मुकदमा ट्रायल में चल रहा है। पत्रकार के द्वारा मानवाधिकार आयोग में भी मामले की शिकायत की गई थी जिस पर मानवाधिकार आयोग ने पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। जिसकी जांच को बीसलपुर सीओ ने की थी जिस पर सीओ ने आरोपी थाना अध्यक्ष को बचाते हुए फ़र्जी रिपोर्ट लगायी थी। इसके बाद माननीय आयोग ने पत्रकारों से स्पष्टीकरण तलब किया और साक्ष्य मांगे। पत्रकारों द्वारा साक्ष्य उपलब्ध कराए जाने के बाद आयोग के द्वारा जिलाधिकारी पीलीभीत को नोटिस जारी कर जांच एवं कार्रवाही का आदेश दिया है।

# श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में महाशिवरात्रि पर हुई आरती



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

शुक्रवार को जहां पूरे जनपद भर में महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया सुबह से ही भक्तों की मंदिरो एवं शिवालयों पर लंबी-लंबी लाइनों में भक्तों ने दूध,जल, बेलपत्री, प्रसाद,वेर, भांग आदि चढ़ाकर भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की गई साथ ही जगह-जगह प्रसाद भी वितरित हुआ तो वही श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार को भद्र रूप से सजाया गया। जिसमें दरबार सेवक विशाल के भजनों से दर्शन आनंदित होते हुए झूम उठे और तालियां बजाकर भजनों का आनंद लेते रहे और हर हर महादेव के जयकारे लगाए। वही दरबार कर्ता सेवक विशाल ने भगवान शिव जी का भव्य सिंगर किया साथी शिवजी तथा माता पार्वती के मधुर मधुर भजन गाकर भजनों की अमृत वर्षा की। बताते चलें कि सेवक विशाल द्वारा जहां हर मंगलवार को निशुल्क दरबार लगाया जाता है जिसमें अनगिनत भक्तों की संख्या उपस्थित होती है और सभी का कल्याण भी होता हैं। वही आज के महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर श्री शिव जी महाराज की आरती की गई और उसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तगण मौजूद रहें।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कांस्टेबल को एएसपी ने किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पूरनपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस शहर सहित पूरे जिले में उत्साह के साथ मनाया गया। पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में जिले के हर थाने से दो-दो ऐसी महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने उत्कृष्ट कार्यों से अपनी अलग पहचान बनाई। पुलिस लाइन सभागार में महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया। शुक्रवार



एएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में घुंघचाई थाना पर तैनात महिला आरक्षी सरिता यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्राचीन शिव मंदिर से शिवलिंग गायब होने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जिले में शुक्रवार की सुबह उस समय खलबली मच गई जब महाशिवरात्रि के अवसर पर मछलीशहर के ताजुद्दीनपुर गांव में स्थित एक शिव मंदिर में लोग पूजा करने पहुंचे तो शिवलिंग ही गायब मिला। जिससे मौके पर लोगों में हड़कंप मच गया। शिवलिंग गायब होने से इलाके में तनाव की स्थिति रही। मामले की सूचना पर कोतवाल अशेषनाथ सिंह पहुंचे। शिवलिंग गायब होने के बाद



भक्तों ने विरोध जताना शुरू कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान पति हरिलाल यादव ने स्थानीय लोगों को समझा-बुझा कर नए शिवलिंग की स्थापना करवाने का आश्वासन दिया। घटना के बाद प्रशासन की टीम आनन-फानन मौके पर पहुंची और शिवलिंग स्थापना में जुट गई। जिसके बाद स्थानीय लोग शांत हुए। प्राचीन शिव मंदिर ताजुद्दीनपुर ग्राम सभा में जंघई रोड (वन पार्क में) स्थित है। शिवरात्रि पर्व के अवसर पर सुबह पहुंचे पुजारी ने देखा तो शिवलिंग गायब था। इससे हड़कंप मच गया। मौके पर मछलीशहर कोतवाल पहुंचे और छानबीन शुरू की। नए शिवलिंग की विधि- विधान से लगवाने की कवायत शुरू हो गई है।

### बेल पत्र, धतूरा,बेर और गन्ने से पूजे गए महादेव

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन थाना क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों पर शिवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं ने जल के के साथ बेल पत्र, धतूरा, गन्ना,बेर और माला फूल चढ़ा कर पूजा अर्चना किया।सुबह से ही मंदिरों पर दर्शनार्थियों की भीड़ पहुंचना शुरू हो गयी। डीजे की धुन पर भगवान शंकर माँ पार्वती जी के गानों तथा हरहर



महादेव के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।क्षेत्र के गुलरेश्वर महादेव मंदिर महमदपुर,शिव मंदिर इमामपुर,गभिरन, पटैला, बानदैत्य, पिलकीछा, उसरौली, रुस्तमपुर, फतेहगढ़, गायत्रीनगर,आदि गांवों के मंदिरों पर भक्ति गीत व भजन का कार्यक्रम आयोजित कर प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारा का आयोजन कर श्रद्धालुओं को भोजन भी कराया गया।

### सामूहिक विवाह का आयोजन, परिणय सूत्र के बंधन में बंधे सात जोड़े

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बरसठी 7 क्षेत्र के चंद्रभानपुर गांव में शुक्रवार को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बने भव्य पंडाल में दक्षिण भारत के एक दर्जन से अधिक वाद्य यंत्रों के साथ कुल सात युवा जोड़ो ने एक-दूसरे का हाथ थाम कर परिणय सूत्र में बंध जीवन की नई शुरुवात किए। गृहस्थ जीवन में प्रवेश कर रहे इन जोड़ों को सुखी दांपत्य जीवन की शुभकामना देने के लिए क्षेत्र के तमाम संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। नव जोड़ों को उद्योगपति महेश दुबे व पत्नी अनन्या की ओर से ज्वेलरी एवं घर गृहस्थी के सामान के साथ लिफाफा भेंट किया गया। गौरतलब हो कि, उक्त गांव निवासी जिला महामंत्री किसान मोर्चा रमेश दुबे के आलीशान नूतन गृह अनन्या मेन्सन का शुभारंभ किया गया। इसके उपरांत सात युवा जोड़ो को पंडित विवेक शुक्ला वेदाचार्य ने हिन्दू रीति-रिवाज के साथ सामूहिक रूप से सात फेरे लिए। सभी नवदंपतियों को आयोजक की ओर से चैन, अंगूठी, पायल, बिछिया, पायल, नथुनी, मंगलसूत्र के साथ गृहस्थी के सामान में डबल बेड, सोफा सेट, आलमारी, सिंगारदानी, बक्शा, टीवी सहित लगभग साढ़े पांच-पांच लाख रुपए का सामानों का उपहार भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजक रमेश दुबे एंड ब्रदर्स ने समाज की सोच में बदलाव के लिए काफी अहम बताया।

# पांच महीने में ही खोद डाली करोड़ों की लागत से बनी सड़क

- विश्वविद्यालय के धन बर्बादी की मुख्यमंत्री व राज्यपाल से शिकायत
- पूर्व कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य के कार्यकाल में शुरू हुआ था कार्य

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में सड़क मरम्मत व सीवर लाइन के नाम पर करोड़ों का नुकसान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।नैक मूल्यांकन के दौरान करोड़ों रुपए खर्च करके जिस सड़क की मरम्मत कराई गई थी उसे पांच महीने के भीतर दोबारा खोद कर सीवर लाइन डाली जा रही है।पूर्व कुलपति के कार्यकाल में शुरू हुए इस कार्य का 50 प्रतिशत से अधिक का भुक्तान भी हो चुका है।मामले की उच्च स्तरीय जांच

> "इस संदर्भ में मुझे कोई जानकारी नहीं है। यह पूर्व के अधिकारियों के समय का प्रपोजल है। जिसकी काफी बड़ी धनराशि लोगों ने पहले ही विश्वविद्यालय से भुक्तान करा लिया है।
> -प्रोफेसर वंदना सिंह, कुलपति पूर्वांचल विश्वविद्यालय

के लिए शिकायत की गई है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के चलते करोड़ों रुपया नुकसान का एक और मामला प्रकाश में आने के बाद हड़कंप मच गई है।पूर्व कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य के कार्यकाल अगस्त 2023 में नैक मूल्यांकन की तैयारी के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर की जिस सड़क की मरम्मत के लिए करोड़ों रुपए खर्च किया गया था। पांच महीने के भीतर उसी सड़क को खोद कर छह करोड़ की लागत से अब सीवर लाइन डाली जा रही है।जिसका विश्वविद्यालय प्रशासन ने लगभग 50 प्रतिशत का भुगतान भी कर दिया है।विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारियों ने धन की बर्बादी पर सवाल खड़े कर दिए हैं।और इसकी शिकायत मुख्यमंत्री और राज्यपाल से की है।पूर्व कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने अगस्त 2023 में नैक मूल्यांकन की तैयारी पर लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से विश्वविद्यालय एवं आवासीय परिसर की सड़क मरम्मत कराई थी।तभी सीवर लाइन भी डाले जाने का प्रपोजल तैयार था। लेकिन उस समय सीवर लाइन नहीं डाली गई।पांच महीना पहले जिस सड़क की मरम्मत के लिए करोड़ों रुपया खर्च किया गया था अब उसे खोदकर दोबारा से उसमें सीवर लाइन डाली जा रही है। जिसके लिए विश्वविद्यालय की तरफ से छह करोड रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है।और लगभग 50 प्रतिशत धनराशि कार्यदाई संस्था सीएंडडीएस, जलनिगम को भुक्तान किया जा चुका है।

# वंदन योजना के तहत स्वीकृत गौरी शंकर और गुलेश्वर नाथ मन्दिरों के लिए 2-2 करोड़ की धनराशि जारी

- राज्यमंत्री श्री गंगवार के प्रयासों से शासन ने जारी किया आदेश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रदेश सरकार की ''वंदन योजना'' के अन्तर्गत शासन ने चयनित शहर के बाबा गौरीशंकर एंव बीसलपुर के गुलेश्वर नाथ मन्दिर के सौन्दींयकरण आदि के लिए धनराशि जारी कर दी है। गन्ना विकास एंव चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के सत्त प्रयास के चलते शासन ने दोनों मन्दिरों को मूलभूत सुवाधायें मुहैय्या कराने के लिए 2-2 करोड़ की धनराशि जारी की है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने लखनऊ से फोन पर बताया कि प्रदेश शासन के नगर विकास विभाग के अनुसचिव महावीर प्रसाद द्वारा इस सम्बन्ध में दी गई जानकारी के मुताबिक वंदन योजना के अन्तर्गत धार्मिक, सांस्कृतिक, पौराणिक एंव ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के जीर्णोद्वार एंव जन सामान्य को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध के लिए शासन को पूर्व में वंदन योजना के अन्तर्गत प्रस्ताव भेजे गये थे जिसमें शासन ने शहर के ऐतिहासिक एंव पौराणिक बाबा गौरी शंकर मन्दिर एंव बीसलपुर के गुलेश्वर नाथ मन्दिर के विकास के लिए चयन कर लिया था और आज महाशिवरात्री के दिन दोनों धार्मिक स्थलों के लिए 2-2 करोड़ की धनराशि भी जारी कर है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बताया कि योजना के अन्तर्गत मन्दिर स्थलों पर जल सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, नागरिकों को बैठने के लिए बेन्चों की व्यवस्था, सी0सी0रोड इण्टरलार्किंग एंव सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जायेगा इसके साथ ही श्रद्धालुओं को ठहरने आदि के लिए विश्रामालय की भी व्यवस्था की जायेगी। ज्ञात रहें कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में बडी संख्या में श्रद्धालुगण जलाभिषेक करने आते है वही प्रतिदिन श्रद्धालुओं दर्शन पूर्जन आदि के लिए पहुँचते है। साथ ही माह शिवरात्रि पर्व पर हजारों की संख्या में भक्तगण भगवान शंकर का जलाभिषेक एवं पूजन अर्चन करने आते है। इस धार्मिक महत्व के स्थल मन्दिर के जीर्णोद्धार हेतु विश्रामालय हाल, शैडहाल, प्रागण सौदर्यकरण, सी0सी0रोड एवं प्रकाश व्यवस्था जनहित में आवश्यक प्रतीत होती है।

# घर से पेपर देने आयी छात्रा को बहला-फुसलाकर भगा ले गया युवक

- पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

बीसलपुर। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा को युवक बहला फुंसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरु कर दी है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा जनता टेक्नीकल इंटर कालेज में रसायन ज्ञिान का पेपर देने आयी थी। जो घर वापस शाम तक नहीं पहुंची। परिजनों ने अपनी पुत्री की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। सूत्रों से पिता को ज्ञात हुआ कि उसकी पुत्री को युवक बहला फुंसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किये जाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरु कर दी है।

# महाशिवरात्रि के पावन पर महाशिवरात्रि कांवरिया संघ द्वारा शिव बारात एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शाहगंजज। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस वर्ष भी श्री महाशिवरात्रि कांवरिया संघ के तत्वाधान में शिव बारात एवं शोभायात्रा नगर के पक्का पोखरा से से उठाया गया। महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर महाशिवरात्रि कावरिया संघ के तत्वाधान में शिव बारात एवं भव्य शोभायात्रा नगर के पक्का पोखरा श्री काली चौरा मंदिर से स्थानीय कलाकारों द्वारा मसान होली, ध्वज, घोड़े, भांगड़ा, आतिशबाजी कलाकारी,अघोरी, भगवान शंकर एवं कावर के सहित गुरुवार की शाम सात बजे निकलकर पुराना चौक,मानस मंदिर, शाहपंजा, संगत जी,चूड़ी मोहल्ला, बांकेलाल चौराहा, रामलीला भवन, कोतवाली रोड, कलेक्टरगंज, श्रीरामपुर रोड होते हुए जेसीज चौक,अयोध्या मार्ग,चिरैया मोड़ होते हुए बेलवाई के लिए प्रस्थान किया।जहां लोगों ने शुक्रवार को प्रातः चार बजे बाबा भुवनेश्वर नाथ महादेव सिद्ध पीठ शंकर धाम बिलवाई में जाकर जलाभिषेक कर उक्त शोभायात्रा एवं शिव बारात का समापन किया।उक्त शोभायात्रा में कृष्ण कुमार अग्रहरी संस्था के अध्यक्ष सहित दिनेश कुमार मोदनवाल,रामकुमार अग्रहरि,मनोज कुमार जायसवाल पत्रकार,बसंत लाल जायसवाल उर्फ सोनू, अशोक कुमार मोदनवाल उर्फ बाबा,राममिलन गौड़, शिव भोला जायसवाल,गंगाराम केसरवानी, भारत साहू, ब्रजनाथ मोदनवाल, शिव शंकर जायसवाल, दिनेश कुमार गुप्ता, शिवपूजन मोदनवाल, अक्षत अग्रहरी, बृजेश अग्रहरी, राहुल अग्रहरि अन्ना, पन्नालाल सेठ, शिवकुमार शर्मा बाबू, प्रज्ञेश मोदनवाल, नीरज अग्रहरि, ओमप्रकाश देवोवंशी, विनय कुमार मोदनवाल, बजरंगी ठठेरा,अमरनाथ शर्मा,चंदन अग्रहरि पत्रकार, चंद्रशेखर, आलोक कुमार अग्रहरी, मुन्ना लाल अग्रहरि सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित होकर भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा में भव्यता प्रदान किया एवं प्रसाद ग्रहण कर पूर्ण के भागी बने।

# बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से की शिष्टाचार भेंट



जन एक्सप्रेस । विनय यादव

बरखेड़ा विधानसभा के लोकप्रिय विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने लखनऊ में 5 कालिदास मार्ग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करते हुए जनपद के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी शिष्टाचार भेंट बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद पीलीभीत के सर्वांगीण विकास की मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पीलीभीत जनपद के विकास को लेकर गंभीर है और उन्हें विश्वास है पीलीभीत में विकास के नये अवसर मिलेंगे।

# धूमधाम से निकली शहर की ऐतिहासिक शिव शोभा यात्रा, शिवमय हुआ शहर







- सांसद ने डीएम एसपी के साथ गणेश पूजन कर यात्रा की रवाना
- जगह जगह पुष्प वर्षा कर हुआ यात्रा का स्वागत
- शिव बारातियों को परोसे गए लजीज व्यंजन





### विमल द्विवेदी ने लग्जरी विंटेज कार में निकाली भोले बाबा की बारात

नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी ने भी अपनी पारंपरिक भोले बाबा की बारात निकाली। आवास विकास कालोनी स्थित वृंदावन गार्डन से पूजा पाठ कर यात्रा को रवाना किया गया। यात्रा में घोड़े पर सवार शिव पार्वती, नंदी और भूत प्रेतों के साथ नाचते शिव शम्भू, समेत विभिन्न झांकियां शामिल रही। इस यात्रा सबसे आकर्षण का केंद्र रही सबसे आगे चल रही लग्जरी विंटेज कार जिसमें भोले बाबा पार्वती के साथ विराजमान रहे। यात्रा की अगुवाई कर ऊंची ऊंची भगवा पताकाओं ने भी सभी को भगवा वातावरण का अहसास कराया।

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

महाशिवरात्रि के पर्व पर शहर में ऐतिहासिक शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। सांसद ने परमापरिक अंदाज में डीएम एसपी के साथ यात्रा को रवाना किया। सैकड़ों झांकियों के साथ यात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए नियत स्थल पर संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए। यात्रा मार्ग में जगह जगह पुलिस के जवान चौकन्ना रहे। इसके अलावा यात्रा में बड़ी तादात में पुलिस फोर्स के साथ अधिकारी भी साथ चलते नजर आए।

शहर में निकाली जाने वाली ऐतिहासिक शोभायात्रा अपने निर्धारित स्थान पन्नालाल पार्क से उठी। आईबीपी पेट्रोल चौराहे पर सांसद साक्षी महाराज, ने डीएम एसपी के साथ यात्रा को झंडी दिखा कर रवाना किया। निर्धारित रूट छिपियाना, चौराहा, किला होते हुए छोटे चौराहे, गांधीनगर तिराहा, टाइप टू कालोनी से होते हुए बड़ा चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर पर संपन्न हुई।

पूरे यात्रमार्ग में अगल बगल के घरों से पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। शिव बरात में सैकड़ों की संख्या में झांकियां भारी संख्या में लोग शामिल हुई। भोले बाबा के बारातियों के लिए श्रद्धालुओं फलाहारी के साथ तरह तरह लजीज व्यंजनों की व्यवस्था की गई। बाबा के प्रिय प्रसाद ठंडाई के भी जगह जगह स्टाल लगे रहे। जिनमे भक्त बड़े चाव से प्रसाद चखते नजर आए। यात्रा के दौरान पूरे शहर में डाईवर्जन किया गया। यात्रा वाले मार्ग में पूरी तरह बड़े वाहनों का आवा गमन प्रतिबंधित रहा।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम, ड्रोन से हुई निगरानी

महाशिवरात्रि शहर में निकलने वाली ऐतिहासिक शोभायात्रा की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। अर्द्ध सैनिक बलों के बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।ड्रोन के जरिए भी यात्रा मार्ग पर पुलिस पैनी नजर बनाए रही। डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना भी यात्रा में मौजूद रहें। उनके साथ एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, सीओ सिटी सोनम सिंह, सीओ हसनगंज संतोष कुमार सिंह, सीओ दीपक सिंह भी मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर मंदिरों में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब



- सुबह से ही दर्शनों को लगी भक्तों की कतार
- हर हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहे शिवालय



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

जिले में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से पूरे श्रृद्धा भाव के साथ मनाया गया। प्रमुख समेत सभी छोटे बड़े मंदिरों में भोर पहर से भोले बाबा का जलाभिषेक और पूजन अर्चन के लिए भक्तों की कतारें लग गई। चहुं ओर लग रहे हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों माहौल को शिवमय बना दिया। शहर ऐतिहासिक शोभायात्रा भी पूरी भव्यता के साथ निकली गई। जिसमें शामिल झांकियों ने सभी का मन मोह लिया।

महाशिवरात्रि पर्व पर भोर पहर से शहर के सिद्धनाथ, राजा शंकर सहाय, अखिलेश्वर महादेव, झंडेश्वर, मगरवारा स्थित गोकुलबाबा, बीघापुर के गोदवालेश्वर, पुरवा के बिल्लेश्वर मंदिर सहित सभी शिवालयों के पट भोर पहर से ही खोल दिए गए। भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक, दूध, बेलपत्र, फूल, धतूरा आदि चढ़ाकर महादेव की पूजा की। देर शाम तक मंदिरों में दर्शनार्थियों की भीड़भाड़ बनी रही। इस दौरान दिन भर भोले बाबा के जयकारों और घंटे की ध्वनियों से मंदिर परिसर गुंजायमान रहे। मंदिरों में कीर्तन भजन के भी आयोजन किए गए। जिनमें भोले बाबा की महिमा का गुणगान होता रहा। सभी शिव मंदिरों भंडारों का आयोजन भी किया गया जहां प्रसाद वितरण क्रम देर शाम तक चलता रहा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस फोर्स भी मुस्तैदी से तैनात रहा।

## ओंकारेश्वर सेवा समिति ने निकाली ऐतिहासिक शिव बारात

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर कस्बे में ओंकारेश्वर सेवा समिति द्वारा 12वीं वर्ष महा शिवरात्रि के अवसर पर शिवबारात का विशाल आयोजन किया गया।

यात्रा शनि धाम से प्रारंभ होकर बिजलेश्वर मंदिर, बनखंडेश्वर मंदिर, कोतवालेश्वर मंदिर, नगरपालिका चौराहा से होते हुए सराफा बाजार, जीटी रोड मुख्य मार्ग से निकली गई जिसका समापन स्टेट बैंक के पास किया गया। मार्ग में नगर के गणमान्य जनों ने श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की थी।

उक्त अवसर पर एडीसीपी की देखरेख में एसीपी अजय त्रिवेदी, थानाप्रभारी केशव कुमार तिवारी, एलईयू इंस्पेक्टर ए.के. सिंह, कस्बा इंचार्ज कमल सिंह भारी पुलिस बल के साथ चप्पे चप्पे पर मुस्तद रहे और शांतिपूर्ण तरीके से निकलवाई ऐतिहासिक शिव बारात। शिवबरात कार्यक्रम में राधा कृष्ण, शिव पार्वती, बजरंग बली, नरसिंह, काली मां आदि की झांकी दिखाई गई। पदयात्रा करते हुए ओंकारेश्वर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं के साथ साथ हजारों की संख्या में नगर एवं क्षेत्र के हजारों शिवभक्तों का विशाल जमावड़ा देखा गया।

शिव बारात में मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत पूर्व जिला अध्यक्ष डा रामशरण कटियार, विधायक राहुल बच्चा सोनकर, सपा पूर्व प्रत्याशी रचना सिंह गौतम, काकवान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनय यादव, बिल्हौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सिपाही लाल कठेरिया शिवराजपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला शिवराजपुर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश कोरी, डॉ.नरेंद्र प्रताप, जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा, शुशांक मिश्रा, कमल मिश्रा, सभासद हितेश भदौरिया, अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी, सुरेंद्र उर्फ बब्बन गुप्ता सुरेंद्र अग्निहोत्री अध्यापक प्रशांत मिश्रा, अमित तिवारी, अभिषेक पांडे, रजनीश शुक्ल, रजनीश कटियार, शनिधाम के मुख्य पुजारी पंडित राजू द्विवेदी, प्रभाकर अवस्थी, पोरस मिश्र, रामसिंह भदौरिया, अजयकांत बाजपाई, अवधेश त्रिवेदी, राकेश त्रिवेदी, कुश अग्निहोत्री, विजय तिवारी प्रदुमन कटियार आदि हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व रखती है। जूनियर स्कूल में ऐतिहासिक भंडारे का भी आयोजन महंत सियाराम दास कठेरिया टीम ने किया जिसमें सुबह 9:00 बजे से लेकर रात्रि 9:00 बजे तक श्रद्धालु भंडारा प्रसाद चखते रहे और पानी पीने की व्यवस्था थी।

## तहसीलदार ने अवैध रूप से कटान की लकड़ी पिकअप सहित थाने में कराई खड़ी



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में अवैध लकड़ी का कटान जोरों पर चला है जिसमें वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बराबर के दोषा हैं।

जहां पर विलायती बबूल वन विभाग द्वारा लगाया गया है उन क्षेत्रों में अधिक कटान चल रहा है वन विभाग के कर्मचारी ईश्वर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जबकि वहां के वन दरोगा को फोन करने पर वह फोन उठाते नहीं है शुक्रवार दोपहर तहसीलदार तिमराज सिंह ने अरौल कस्बे में किसी जांच के उद्देश्य से निकल रहे थे। वहीं पर पिकअप में लदी लकड़ी देखकर पिकअप को रुकवाया और उसके ड्राइवर से पूछताछ की जब वह कोई कागज और जवाब नहीं दे सका तो उन्होंने उसको अरौल थाने में खड़ा करा दिया उन्होंने बताया कि इसके मालिक और पिकअप संचालक के विरुद्ध मुकदमा लिखाया जा रहा है या उसके कागज दिखाएं तो कार्रवाई नहीं होगी वरना किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा यह कहीं दूर से लकड़ी कटान करके लाई जा रही थी।

## पीएम को खत भेजने के लिए सांसद ने सुझाव पेटिका का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के बापू गेस्ट हाउस में मिश्रख लोकसभा सांसद अशोक कुमार रावत ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि कम समय में चार एक्सप्रेस लंबी दूरी की ट्रेनों का बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर ठहराव और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों सहित कई कल्याणकारी योजनाएं लाकर जनता का उसका सीधा फायदा होना और अयोध्या के लिए सीधी ट्रेन का संचालन करना आप सब लोगों की सहयोग और आवाज उठाने पर सारी सुविधाएं लाने में सफल हुए बहुत जल्द बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर लंबी दूरी का ठहराव हो गया है अभी प्लेटफार्म का कार्य जल्द चालू हो जाएगा वहीं पर ककवन रोड लखनऊ इटावा राजमार्ग के रेलवे फाटक 64 नंबर पर जल्द ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य भी की सहमति उच्च अधिकारियों के सामने पेश कर चुके हैं जल्द सहमति मिल जाएगी जिससे जाम की स्थिति से ककवन रोड पर छुटकारा मिलेगा। उसके उपरांत विकसित भारत संकल्प पत्र सभी को दिया, वहाँ उपस्थित सभी लोगों ने विकसित भारत संकल्प पत्र में अपने अपने सुझाव लिखकर पेटी में डाले और सांसद ने गंगवापुर, अरौल और बिल्हौर की विशाल शिव बारात में शामिल होकर, उत्तरीपुरा, शिवराजपुर, चौबेपुर, मंधना, खेरेश्वर में कार्यकर्ताओं से मिलने के लिए रवाना हुए, इस मौके पर भाजपा कानपुर ग्रामीण पूर्व जिला अध्यक्ष रामशरण कटियार, सुभाष ज्वेलर्स के मालिक बंटी दुबे, विधानसभा चुनाव संयोजक जेपी कटियार, जेपी कुशवाहा, विक्रम मिश्रा, शुशांक मिश्रा, अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी, कमल मिश्रा, बिल्हौर ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष शुभ्रांशू, ककवन मण्डल अध्यक्ष शानू राठौर, सांसद प्रतिनिधि रवि बाजपेई, गुड्डू सिंह, मण्डल आईटी संयोजक प्रद्युम्न कटियार, बिल्हौर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सिपाहील कठेरिया, चौबेपुर ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला, शिवराजपुर पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश कोरी, डांण्नरेंद्र प्रताप, अंशुल वाजपेई, स्वप्नेश तिवारी, करणी सेवा के शिवांश चंदेल समेत कई लोग मौजूद रहे।

## उन्नाव जनपद में नहीं रुक रहे सड़क हादसे, तीन की गई जान

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए तीन सड़क हादसों में अधेड़ समेत तीन लोगों की मौत हो गई। एक हादसा कानपुर लखनऊ हाइवे पर सोहरामऊ थाना क्षेत्र में हुआ। जबकि दो हादसे रायबरेली हाइवे पर बारासगवर और बिहार थाना क्षेत्रों में हुए। संबंधित थानों की पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

- सोहरामऊ, बारासगवर व बिहार थाना क्षेत्रों में हुई घटनाएं
- कानपुर लखनऊ हाइवे पर तो रायबरेली हाइवे पर हुई दो घटनाएं





**केस एक:**

अचलगंज थाना क्षेत्र के सुपासी गांव निवासी रंजीत पाल(30) डीसीएम चालक था। गुरुवार शाम वह गाड़ी लेकर लखनऊ गया था। मालिक के यहां गाड़ी खड़ी कर रात करीब 1:30 बजे बाइक से उन्नाव लौट रहा था। कानपुर लखनऊ हाईवे पर सोहरामऊ कस्बे में सड़क किनारे खड़े ट्रक में बाइक गिरफ्तार तेज होने से पीछे से घुस गए। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस में उसे नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास मिले मोबाइल घरवालों को सूचना दी गई। मौत से कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रीति पाल के साथ बच्चों में दो बेटी और एक बेटा है। म्रतक छह भाई बहनों में तीसरे नंबर का था। बेटे की मौत से मां रामदेई पाल और अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ कमल दुबे ने बताया कि खाली ट्रक में बाइक सवार पीछे से घुस गया था। इससे उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

**केस दो:**

बाइक सवार हेलमेट लगाए थे। बारासगवर थानाक्षेत्र के चंदनपुर विभौरा निवासी कमलेश कुमार का पुत्र चंदन(26) के चाचा किशन के बेटे के बरात गुरुवार को चिलौली गांव गई थी। चंदन उसी में शामिल होने बारासगवर थानाक्षेत्र के धनईखेड़ा निवासी बहनोई सुधीर(28) पुत्र गयाप्रसाद के साथ गया था। लौटते समय रात करीब दो बजे व लालकुआं-ऊंचगांव मार्ग पर घाटमपुर चौराहे के पास वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। घटना में साले बहन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉ.पंकज पांडेय ने चंदन को मृत घोषित कर दिया। सुधीर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों ने कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।मृतक चंदन इंदौर के एक रेस्टोरेंट में काम करता था। दो बच्चों में वैष्णवी पांच और शगुन दो साल हैं। पति की मौत से पत्नी रोशनी और मां बिटान देवी बेहाल हैं। म्रतक तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। घायल का इलाज परिजन करा रहे हैं। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

**केस तीन:**

बिहार थानाक्षेत्र के गांव सिंघनखेड़ा निवासी राजू पाल(54) खेती करता था। गुरुवार देर शाम सब्जी लेने बाजार गया था। सब्जी लेकर लौटते समय भदेवरा-मुड़ियाना मार्ग पर मुड़ियाना गांव के पास तेज रफ्तार जेसीबी ने पहले एक ठेलिया में टक्कर मारी भागने के चक्कर में किसान की बाइक में टक्कर मार दी। घटना में राजूपाल गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने पहचान कर परिजनों को सूचना दी। एंबुलेंस से पीएचसी सुमेरपुर भेजा। वहां से जिला अस्पताल और फिर हैलट ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पति की मौत से पत्नी मालती, बेटा गुड्डू और बेटी कमला के साथ मां किशाना बेहाल हैं। वह तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। थानाध्यक्ष शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## देश को विकसित और समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका: प्रो.डी. स्वाइन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के कान्फ्रेंस हाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि संस्थान के निदेशक, प्रो.डी. स्वाइन थे। दीप प्रज्जवलन एवं मां शारदा का माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रो.स्वाइन ने कहा कि देश को विकसित और समृद्ध बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। इस वर्ष की अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम का भाव है कि विकास की गति को तेज करने के लिये महिलाओं पर निवेश करें। यह निवेश उनके बेहतर लालन-पालन से लेकर, उच्च शिक्षा-दीक्षा, नौकरियों में उनकी समान सहभागिता है।

हमारा भारत पुराकाल से ही सामाजिक समरसता और नारी के सम्मान का समर्थक रहा है। इसका प्रमाण हमारे पुराणों और धर्मग्रंथों में मिलता है जिसमें विद्या, शक्ति और धन जैसे महत्वपूर्ण शक्तियों की अधिष्ठात्री देवी नारियां ही हैं। इस तथ्य को आज विश्व स्वीकार कर नारी के विकास की बात कर रहा है।

**सूचना**

मैने अपने पूर्व नाम Arshad Nisar से बदल कर Arshad Nisar Siddiqui रख लिया है। अब भविष्य में मुझे Siddiqui के नाम से जाना व पहचाना जाये।
Arshad Nisar

सूचनाकर्ता
अरशद निसार सिददीकी पुत्र निसार अहमद निवासी 67/34ए, के0डी0ए0, पोखरपुर, जाजमऊ, कानपुर नगर

**सूचना**

न्यायालय नायब तहसीलदार तृतीय नर्वल, कानपुर नगर
मु0नं059/488 सन 2012
नीता देवी पत्नी सुरेश कुमार यादव निवासी ग्रा0बैजूपुर पो0बरईगढ़ जिला कानपुर नगर।
बनाम
रामकिशोर पुत्र स्व0नन्हू निवासी व पोस्ट साढ़ जिला कानपुर नगर।
आपत्ति कर्ता राजेश बाबू पुत्र स्व0नन्हू निवासी ग्राम व पोस्ट साढ़ द्वारा पुनर्स्थापन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमे वादिनी को माननीय न्यायालय में हाजिर होने हेतु दिनांक 12-03-2024 नियत की गई, नियत तिथि को हाजिर होकर अपना पक्ष रखें।

आज्ञा से
नायब तहसीलदार तृतीय,
नर्वल जिला कानपुर नगर।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोले बाबा की निकाली गई बारात

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** हर वर्ष की तरह इस बार भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बिठूर के महाकालेश्वर मंदिर की ओर से भोले बाबा की बारात का आयोजन किया गया। यह बारात चुंगी चौराहे से शुरू होकर महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण तक निकल गई। बारात में हजारों की तादाद में श्रद्धालु महिला एवं पुरुष भोले बाबा के गीतों पर नृत्य करते हुए नजर आए। बारात के दौरान शिव भक्तों द्वारा जगह-जगह स्टॉल लगाकर बाबा की बारात की अगवानी का स्वागत सत्कार किया गया। बिठूर के नाना राव पार्क में भोले बाबा की बारात में चल रहे शिव भक्तों के लिए जनवासा दिया गया था। जहां पर आयोजक मंडल द्वारा शिव भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इसके उपरांत बारात महाकालेश्वर मंदिर पहुंची जहां पर बारातियों का स्वागत किया गया। आयोजक मंडल की ओर से महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण को दुल्हन की तरह सजाया गया था। बारात के उपरांत मंदिर प्रांगण में आकर्षक झांकियां का भी आयोजन किया गया।



# लोकसभा चुनाव: कांग्रेस की पहली लिस्ट जारी वायनाड से राहुल, तिरुवनंतपुरम से थरूर को मौका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची शुक्रवार की शाम जारी की। पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी दोबारा केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे। जबकि, सांसद शशि थरूर तिरुवनंतपुरम से चुनाव लड़ेंगे। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव सीट से चुनाव लड़ेंगे।

## राहुल गांधी

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के बेटे राहुल गांधी अभी कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरों में से एक हैं। उन्होंने साल 2004 में राजनीति में आने का फैसला किया। उस साल के आम चुनाव में उन्होंने अमेठी से चुनावड़ लड़ा था। इसके बाद 2009 और 2014 के आम चुनाव में इस सीट से उन्होंने चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। हालांकि, 2019 के आम चुनाव में इस सीट पर उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वह पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान संभाल चुके हैं। गांधी अभी केरल के वायनाड से सांसद हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी ने **भारत जोड़ो यात्रा** और **भारत जोड़ो न्याय यात्रा** शुरू की। पिछले आम चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था।

## शशि थरूर

शशि थरूर वर्तमान में तिरुवनंतपुरम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वह तीसरी बार के लोकसभा सांसद हैं। उन्होंने पहले केंद्र सरकार में मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री और विदेश राज्य मंत्री के रूप में काम किया है। थरूर का संयुक्त राष्ट्र में लगभग तीन दशक लंबा कैरियर रहा। उन्होंने कोफी अन्नान के नेतृत्व के दौरान अवर महासचिव के रूप में कार्य किया। थरूर ने कांग्रेस के अंदरूनी चुनाव में अध्यक्ष पर चुनाव लड़ा था। लेकिन उन्हें पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खरगे से हार का सामना करना पड़ा था।

## भूपेश बघेल

भूपेश बघेल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पार्टी ने आगामी आम चुनाव के लिए उन्हें राजनांदगांव से मैदान में उतारा है। राजनांदगांव सीट से टिकट फाइनल होने के बाद बघेल ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, 'आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए शीर्ष नेतृत्व ने मुझे राजनांदगांव लोकसभा से चुनाव लड़ने के लिए आदेशित किया है। इस विश्वास के लिए पार्टी और शीर्ष नेतृत्व का आभार। संस्कारधानी राजनांदगांव से प्रत्याशी होना सौभाग्य है। मां बम्लेश्वरी की कृपा और जनता के आशीर्वाद से इस बार का चुनाव राजनांदगांव की जनता लड़ेगी और जीतेगी। सभी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं।'

### 'बंगाल-असम में सीट बंटवारे में समस्याएं'

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, हम हर जगह इंडिया गठबंधन के साथ जाने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं, लेकिन अभी भी पश्चिम बंगाल, असम के कुछ हिस्सों में कुछ समस्याएं हैं। फिर भी हम इसे सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी बिल्कुल स्पष्ट है कि हम यहां भाजपा की सीटें कम करने के लिए हैं।

## ताम्रध्वज साहू

छत्तीसगढ़ के पटोरा जिले में जन्मे ताम्रध्वज ने अपनी सियासी पारी की शुरुआत मध्य प्रदेश विधानसभा में 1998-2000 के बीच की थी। छत्तीसगढ़ के गठन के बाद 2003 और 2008 के चुनाव जीतकर साहू छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य बने। वह 2000-2003 तक छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री रहे। 2013 के चुनाव में वह अपनी बेमेतरा सीट से भाजपा के अवधेश चंदेल से हार गए। इसके बाद के लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के इकलौते विजयी प्रत्याशी बने। साल 2014 में मोदी लहर के बीच वह लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की दुर्ग सीट से जीत दर्ज कर सांसद बने। उन्होंने भाजपा की वर्तमान राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को हराया था। पिछली भूपेश बघेल सरकार में वह गृहमंत्री रहे। 2024 के आम चुनाव में उन्हें महासमुंद सीट से मैदान में उतारा गया है।

## डीके सुरेश

डीके सुरेश को कर्नाटक के बंगलूरू (ग्रामीण) सीट से मैदान में उतारा गया है। वह अभी इसी सीट से सांसद हैं। सुरेश उप मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार के भाई हैं। एक अप्रैल 1966 को कर्नाटक के रामनगर जिले के कनकपुरा में जन्मे सुरेश की सियासी पारी 2013 में शुरू हुई थी। तब पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी ने लोकसभा सीट से इस्तीफा दिया था। इसके बाद 21 मई 2013 को हुए उप चुनाव में कांग्रेस ने सुरेश को उम्मीदवार बनाया। इस उप चुनाव में जीतकर वह पहली बार लोकसभा पहुंचे थे। उसके बाद 2014 और 2019 के आम चुनाव में भी उन्हें जीत मिली।

# लोकसभा चुनाव: उमर अब्दुल्ला का महबूबा से गठबंधन से इनकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। श्रीनगर



नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के साथ सीट साझेदारी के लिए गठबंधन करने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि वह पीडीपी के साथ सीट बंटवारे के लिए समझौता नहीं करेंगे। एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उमर ने ये बातें कहीं। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि अगर उन्हें पहले यह कहा गया होता कि उन्हें नेकां की सीटें गंवा कर साझेदारी करनी पड़ेगी तो उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन में शामिल ही नहीं होती। उमर ने कहा कि अगर राहुल गांधी और सोनिया गांधी कहते हैं कि कांग्रेस के लिए छोड़ दें तो वह पीडीपी के बजाय कांग्रेस को सीट देना छोड़ना पसंद करेंगे उन्होंने दावा किया है कि कांग्रेस नंबर दो पर है, जबकि पीडीपी तीसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में भाजपा को सत्ता में लाने और लोगों के जनादेश को धोखा देने के बाद पीडीपी के पास कोई विश्वसनीयता नहीं बची है। उमर अब्दुल्ला ने फिर कहा कि कश्मीर घाटी में सभी तीन लोकसभा सीटों पर नेकां स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी।

### परिवारवाद वाले तंज पर बोले उमर, मैं ऐसे नारों के पक्ष में नहीं

बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के पीएम मोदी पर परिवारवाद वाले तंज पर उमर ने कहा कि वह ऐसे व्यक्तिगत नारों के पक्ष में नहीं हैं। इनसे किसी तरह का लाभ नहीं मिलता। उमर अब्दुल्ला कहते हैं, मैं कभी भी ऐसे नारों के पक्ष में नहीं रहा हूं और हमें उनसे कभी कोई फायदा नहीं हुआ है। जब भी हम ऐसे नारे लगाते हैं, तो इससे हमें नुकसान होता है। मतदाता इन सब से प्रभावित नहीं होते हैं, वे जानना चाहते हैं कि वर्तमान में उनके सामने जो समस्याएं हैं उनका समाधान कैसे होगा...हम वास्तव में ऐसे बयान देकर सेल्फ-गोल करते हैं या गोलकीपर को हटाते हैं और पीएम मोदी को गोल करने की अनुमति देते हैं।




# यूपी यानी अनलिमिटेड पोटेंशियल

₹10 लाख करोड़ से अधिक औद्योगिक निवेश
34 लाख से अधिक रोजगार के अवसर

## सेक्टरवार निवेश

| |
|---|
| विनिर्माण ₹2 लाख करोड़ |
| नवीकरणीय ऊर्जा ₹1 लाख करोड़ |
| अपशिष्ट प्रबंधन ₹25,000 करोड़ |
| खाद्य प्रसंस्करण ₹60,000 करोड़ |
| डिस्टिलरी ₹10,000 करोड़ |
| डेयरी ₹9,000 करोड़ |
| आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ₹90,000 करोड़ |
| शिक्षा ₹25,000 करोड़ |
| हेल्थकेयर ₹10,000 करोड़ |
| रियल एस्टेट ₹50,000 करोड़ |
| हथकरघा एवं कपड़ा ₹6,000 करोड़ |
| फार्मा एवं मेडिकल उपकरण ₹2,000 करोड़ |

उद्योग स्थापना में प्रथम स्थान
निर्यात तैयारी सूचकांक की लैंडलॉक श्रेणी में दूसरा स्थान
ईज ऑफ डूइंग बिजनेस एवं लॉजिस्टिक्स सूचकांक रैंकिंग में अचीवर स्टेट

उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य, अपने आर्थिक और सामाजिक विकास के माध्यम से भारत को वैश्विक मंच पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हाल ही में यहां ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन हुआ, जिसके जरिए राज्य के समावेशी विकास के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त हुआ है।
जीबीसी 4.0 के जरिए उत्तर प्रदेश में आईटी, पर्यटन, शिक्षा जैसे तमाम क्षेत्रों में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होने से आर्थिक उन्नति को रफ्तार मिली है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को इकोनॉमिक हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में अनवरत प्रयत्नशील हैं, जीबीसी 4.0 का आयोजन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश




# सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत हुई

## बोलीं, महिला दिवस पर यह एलान दोहरी खुशी जैसी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंफोसिस के संस्थापक नारायणमूर्ति की पत्नी और सामाजिक कार्यों के लिए प्रसिद्ध सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति की ओर से राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने का एलान किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि भारत के राष्ट्रपति ने सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए नामित किया है। सामाजिक कार्य, परोपकार और शिक्षा सहित विविध क्षेत्रों में सुधा जी का योगदान असीम और प्रेरणादायक रहा है। राज्यसभा में उनकी उपस्थिति हमारी नारी शक्ति का एक शक्तिशाली प्रमाण है, जो हमारे राष्ट्र की नियति को आकार देने में महिलाओं की ताकत और क्षमता का उदाहरण है। उनके फलदायी संसदीय कार्यकाल की कामना करता हूं। परोपकार के लिए प्रसिद्ध लेखिका सुधा मूर्ति ने शुक्रवार को कहा कि राज्यसभा के लिए उनके नामांकन की घोषणा महिला दिवस के दिन होना उनके लिए दोहरी खुशी की बात है। इन्फोसिस फाउंडेशन की पूर्व चेयरपर्सन ने कहा कि उन्होंने कभी इस पद की मांग नहीं की और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं है कि सरकार ने उन्हें उम्मीदवार क्यों बनाया है। उन्होंने कहा, यह जानकारी महिला दिवस के दिन सामने आई और यह दोहरी खुशी की बात है। मैं बहुत खुश हूँ। मैं अपने प्रधानमंत्री की आभारी हूं। मूर्ति फिलहाल थाईलैंड की यात्रा पर हैं।

### सुधा मूर्ति की पारिवारिक पृष्ठभूमि

सुधा मूर्ति इंफोसिस फाउंडेशन के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी हैं। सुधा मूर्ति के दो बच्चे हैं, बेटी अक्षता मूर्ति और बेटा रोहन मूर्ति। अक्षता नारायण मूर्ति ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय फैशन डिजाइनर हैं और यूके के प्रधानमंत्री की पत्नी हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सुधा मूर्ति के दामाद हैं। रोहन मूर्ति, मूर्ति क्लासिकल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया के साथ ही एक डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन स्टार्ट अप सोरोको के संस्थापक हैं।

# मणिपुर के थौबल में भारतीय सेना के जूनियर कमीशन अधिकारी का अपहरण

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल



मणिपुर के थौबल जिले में भारतीय सेना के जूनियर कमीशन अधिकारी का शुक्रवार को असामाजिक तत्वों ने उनके घर से अपहरण कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

## परिजनों को पहले से मिल रही थीं धमकियां

उन्होंने बताया कि जेसीओ की पहचान चरंगपत ममांग लेईकाई निवासी कोंसम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। कोंसम खेड़ा सिंह शुक्रवार को छुट्टी पर थे। कुछ लोग सुबह नौ बजे उनके घर में घुस गए और उन्हें एक वाहन में ले गए। अधिकारियों ने बताया कि अपहरण क्यों किया गया है, इसकी वजह का पता नहीं चल पाया है। लेकिन पहली नजर में यह मामला जबरन वसूली का लग रहा है। सेना के अधिकारी के परिजनों पहले इस तरह की धमकियां मिल चुकीं थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)